रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 12 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-111 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की 160 करोड़ की संपत्ति की अटैच

**रायपुर।** महादेव सट्टा एप से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की करीब 160 करोड़ की संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय ने अटैच कर ली है। एप के प्रमोटर विकास छापरिया के करीबी केडिया के द्वारा स्टाक पोर्टफोलियो फर्म का संचालन करने के जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान सट्टे से अर्जित रकम को परफेक्ट प्लान इंवेस्टमेंट एक्सिम जनरल ट्रेडिंग और टेक प्रो-आईटी सॉल्यूशन जैसी कंपनियों के माध्यम से निवेश करने की जानकारी मिली है। कोलकाता से गिरफ्तार आरोपित केडिया को पांच दिन की रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। विकास छपरिया के कहने पर गोविंद केडिया सट्टे की कमाई को शेयर बाजार में निवेश करता था।

### नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक और भाजपा नेता की हत्या कर दी। पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने इस हत्याकांड का अंजाम दिया है। नक्सली भाजपा नेता को घर से उठाकर ले गए और गला घोंटकर हत्या कर दी। शव के साथ नक्सलियों ने एक पर्चा भी छोड़ा है। जिसमें पुलिस मुखबिरी की बात लिखी गई है। सप्ताह भर के भीतर नक्सलियों ने पांच लोगों की हत्या कर दी है। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव से पहले नक्सली लगातार इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात नक्सली फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोमनपल्ली निवासी भाजपा नेता कुड़ियाम माड़ो पिता मुरा कुड़ियाम (35) के घर पहुंचे। कुड़ियाम माड़ो को घर से उठाकर घर से कुछ दूरी पर ले गए और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है।

### जमीन विवाद को लेकर राजधानी में चली गोली, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। राजधानी रायपुर में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रवि नगर रोड में जमीन कब्जा हटवाने को लेकर हरदयाल नामक आरोपी ने फायरिंग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लाइसेंसी पिस्टल को जब्त किया गया। इस मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी रोहित मालेकर ने बताया कि सिविल लाइन थाने में फजिया मेमन, पति तबरेज मेमन साकिन, पुरानी मस्जिद के पीछे रवि नगर की रहने वाली है। रवि नगर रोड में स्थित जमीन को लेकर रवि नगर निवासी हरदयाल सिंह, पिता थमन सिंह से विवाद है।

# अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को पुलिस भर्ती में मिलेगी छूट

## वाहनों के लाईफ टाईम रोड टैक्स पर एक मुश्त 50 प्रतिशत की छूट का निर्णय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्रिपरिषद द्वारा द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदण्ड में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके तहत छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर तथा सीना बिना फुलाये 78 से.मी. एवं फुलाने पर 83 से.मी. केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए केवल एक बार के लिए छूट देने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एम.ओ.यू. करने का निर्णय लिया गया। इससे नवीन तकनीक के उपयोग के साथ ही दुग्ध महासंघ के प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी। अनुसूचित क्षेत्रों में दुधारू पशु उत्प्रेरण से स्वरोजगार में वृद्धि के साथ ही दुग्ध उत्पादन की लागत कम होगी तथा दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही प्रदेश के दुग्ध उत्पादक कृषकों के दुग्ध विक्रय के लिए सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित हो सकेगी। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राजधानी रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के लाईफटाईम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया तथा प्रदेश के सभी डीलरों को इस सुविधा का लाभ वाहन क्रेताओं को दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए सुदृढ़ वातावरण तैयार करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा राज्य के खिलाड़ियों के लिए सुदूर ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय में खेल हेतु आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इसके तहत छत्तीसगढ़ में खेल क्लब को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित पंजीकृत समितियों को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित किया जाएगा।

# वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए हितधारकों के बीच भागीदारी हो : सीतारमण

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाली अधिकांश चुनौतियाँ - प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और सतत विकास, आपूर्ति श्रृंखलाएँ, आदि - वैश्विक प्रकृति की हैं तथा उद्योग, नीति निर्माताओं और नागरिकों के लिए समन्वित दृष्टिकोण के माध्यम से सामूहिक रूप से काम करना अनिवार्य हो गया है ताकि मौजूदा चिंताओं को दूर किया जा सके और सदी के मध्य में प्रवेश करते समय ग्लोबल साउथ में नागरिकों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित किया जा सके। सीतारमण ने वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित वैश्विक आर्थिक नीति मंच 2024 के उद्घाटन सत्र के दौरान यह बात कही। उन्होंने पाँच प्राथमिकताएँ बताई, जिनके बारे में उनका मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दशकीय प्राथमिकताएँ होनी चाहिए, जो सम्मेलन का विषय है। उन्होंने कहा कि इन पांच प्राथमिकताओं में पहला है वैश्विक शांति बहाल करना, जिसके लिए सभी हितधारकों को भू-राजनीतिक व्यवधानों और युद्धों से बचने में मदद करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जो आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पैदा करते हैं, खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं को प्रभावित करते हैं और मुद्रास्फीति को बढ़ावा देते हैं। दूसरे, आपूर्ति श्रृंखलाओं और उत्पादन केंद्रों के पीछे आर्थिक सिद्धांतों के महत्व को रेखांकित करते हुए, उनका दृढ़ मत था कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के रास्ते में कोई भी राजनीतिक, भू-राजनीतिक या रणनीतिक जोखिम नहीं आना चाहिए जो विकास और कल्याण को बाधित करता है। वित्त मंत्री ने बाद में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को तीसरी प्राथमिकता के रूप में संदर्भित किया, जिसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि कड़ी मेहनत से अर्जित धन, संपत्ति और जीवन को जलवायु संबंधी अनिश्चितताओं के लिए बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए, जबकि कृषि और संबद्ध गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। जहां किसानों को बेहतर आजीविका और उच्च आय हासिल करने में मदद करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाया जा सकता है। हमें संसाधनों पर दबाव डाले बिना कृषि में सुधार के विभिन्न तरीकों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी की चुनौती एक और दशकीय प्राथमिकता होनी चाहिए। चौथी प्राथमिकता पर आते हुए, वित्त मंत्री ने पैमाने के महत्व पर प्रकाश डाला, जो ताकत के साथ-साथ चर्चा का विषय होना चाहिए, जिसमें बड़े उद्योग के पास पैमाना होता है।

## कांग्रेस ने लोकसभा में आपदा प्रबंधन विधेयक का किया विरोध

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इस विधेयक में प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन सही नहीं हैं इसलिए इससे कोई फायदा नहीं होगा। कांग्रेस के शशि थरूर ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार को आपदा प्रबंधन को बेहतर करने की आवश्यकता है। इसमें इतनी जटिलता है कि इसे किसी प्रभावित क्षेत्र में लागू होने में बहुत समय लग जाता है। इससे पीड़ितों को समय पर लाभ नहीं मिल पाता है। इस विधेयक में जटिलता बहुत है और सारी शक्ति यां केंद्र सरकार के पास रखी गयी है। इससे राहत कार्यो में देरी होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय के अधीन होगा जिसमें छोटे से छोटे कामों के लिए गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी पडेगी जो बहुत जटिल काम है।

## आप दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी: केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना पर पूर्ण विराम लगाते हुए घोषणा की कि उनकी पार्टी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक मीडिया आउटलेट को जवाब देते हुए ट्वीट किया, आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने दम पर यह चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन की कोई संभावना नहीं है।

## महिलाओं के प्रति समाज की सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता: शिवराज

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा है कि महिलाओं के प्रति समाज में सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है। चौहान ने हरियाणा के करनाल में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिकों, गन्ना किसानों एवं लखपति दीदियों से संवाद कार्यक्रम में कहा कि कृषि और किसान आय में वृद्धि के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18 प्रतिशत योगदान देती है और 50 प्रतिशत से ज़्यादा को रोजगार देती है।

# सभापति ने अविश्वास प्रस्ताव लाने को मजबूर किया : विपक्ष

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



इंडिया गठबंधन ने कहा है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का व्यवहार सदन में विपक्षी सदस्यों को अपमानित करने वाला और सरकार के एजेंडे के हिसाब से काम करते हुए पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और विपक्ष को नकारने वाला रहा है इसलिए गठबंधन के नेताओं ने विवश होकर उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया है। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बुधवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सभापति का आचरण सदन की गरिमा के खिलाफ रहा है और उन्होंने उच्च सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। सभापति खुद सदन के लिए बाधक बनते हैं और निष्पक्ष होकर सदन चलाने की बजाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करते हैं तथा विपक्षी सदस्यों के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं और नियम से सदन चलाने की बजाय राजनीति करते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा उपराष्ट्रपति भारत में दूसरा सबसे बड़ा संवैधानिक पद है और 1952 के बाद से उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है। इस पद पर बैठा व्यक्ति हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे रहा है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने इस पद की गरिमा का उल्लेख करते हुए कहा था कि वह सभापति हैं और किसी पार्टी के नहीं हैं। सदन हमेशा नियमों के अनुसार चलाया जाना चाहिए और सभापति को सरकार के प्रवक्ता की तरह काम नही करना चाहिए। उन्होंने कहा, सभापति सदन में हेडमास्टर की भूमिका में जैसे रहते हैं। विपक्ष की ओर से, जब भी नियमों के अनुसार महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जाते हैं और नियम 267 के तहत चर्चा की बात करते हैं तो सभापति योजनाबद्ध तरीके से चर्चा करने की अनुमति नहीं देते हैं जबकि सत्ता पक्ष के सदस्यों को उसी विषय पर अनुमति दी जाती है। विपक्षी नेताओं को बार बार बोलने से रोका जाता है। सभापति की निष्ठा संविधान और संवैधानिक परंपरा के बजाय सत्ता पक्ष के प्रति ज्यादा होती है और वह अपनी पदोन्नति पाने के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम करते हैं। मैं निस्संकोच कह सकता हूं कि वह विपक्ष पर आरोप लगाते हैं लेकिन राज्यसभा के संचालन में राज्यसभा में वह खुद सबसे बड़े बाधक हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा उनके व्यवहार ने देश की गरिमा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि विपक्षी दलों को उनके खिलाफ अविश्वास के प्रस्ताव के लिए नोटिस देना पड़ा है।

## सीएम साय कोरबा जिले में 625.28 करोड़ से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोरबा प्रवास के दौरान जिलेवासियों को लगभग 625 करोड़ 28 लाख 56 हजार से अधिक लागत की 284 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। साथ ही 02 करोड़ 69 लाख 34 हजार की सामग्री का विभिन्न विभागों के 400 से अधिक हितग्राहियों को वितरण करेंगे। साय विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे 284 विकास कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों में 17 करोड़ 43 लाख 46 हजार से अधिक राशि के 34 कार्यों का लोकार्पण एवं 607 करोड़ 85 लाख 10 हजार से अधिक राशि की 250 कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास शामिल हैं। कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोरबा प्रवास के दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर दांपत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 102 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। मुख्यमंत्री जिले के 400 से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 2.69 करोड़ से अधिक राशि के सामग्री वितरण एवं चेक प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

# उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सोरोस के खेल का हिस्सा : डॉ संबित पात्रा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने आरोप लगाया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव जॉर्ज सोरोस प्रायोजित एफडीएल-एपी फाउंडेशन के खेल का हिस्सा है। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विगत कुछ दिनों से आप देख रहे हैं कि राजनीतिक परिदृश्य किस प्रकार से उथल-पुथल में है। एक तरफ संविधान की चर्चा की ओर भारत का सदन बढ़ रहा है। वहीं एक बात स्पष्ट होती जा रही है कि कांग्रेस पार्टी के मन और कर्म में कहीं भी संविधान के प्रति सम्मान का भाव नहीं है। डा.पात्रा ने कहा कि मीडिया में हम देख रहे हैं कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कुछ घटक दल ईवीएम और चुनाव आयोग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल करेंगे और दूसरी खबर यह है कि राज्यसभा के चैयरमेन और देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ एक अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ये दोनों खबरें विचलित करने वाली हैं और भारत के संविधान को कुचलने वाली हैं।

# रेल संचालन को और सरल बनाने वाला 'रेल संशोधन विधेयक' लोकसभा में पारित

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा ने रेलवे के संचालन को ज्यादा सरल और सुविधाजनक बनाने तथा स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को ज्यादा शक्ति देने के वास्ते दो पुराने कानूनों को जोड़कर बनाया गया 'रेल संशोधन विधेयक -2024' बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सदस्यों ने कई अच्छे सुझाव दिए हैं। विधेयक की आवश्यकता संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि विधेयक को सरल बनाने की जरूरत थी और इसमें 1905 तथा 1989 के संशोधन को मिलाकर कानून को सरल बनाया गया है। रेलवे का बहुत विकेंद्रीकरण हुआ है और उसका देश को बड़ा लाभ हुआ है क्योंकि अधिकारियों को लोगों की जरूरत के अनुसार काम करने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के दौरान रेलवे में स्वच्छता के स्तर पर बहुत बदलाव आया है। इन दौरान करीब तीन लाख दस हजार नये टॉयलेट बनाए गये हैं और स्वदेशी तकनीकी से वंदेभारत रेल शुरु की गई और इसकी वजह से इसकी चर्चा पूरी दुनिया में है। छोटी दूरी दो से ढाई सौ किलोमीटर की दूरी पर नमो भारत रेल चल रही हैं। रेल लाइनों का बड़े स्तर पर विद्युतिकरण हुआ है। इसका फर्क यह है कि 60 साल में 21 हजार लाइनों का विद्युतिकरण हुआ था।

## विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों तथा ग्रामीणों का विकास और सशक्तिकरण महत्वपूर्ण

# राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किये

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सतत और समावेशी विकास के विषयों में अनुकरणीय योगदान देने वाली पंचायतों के विभिन्न श्रेणियों में चुने गए 45 पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है इसलिए, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों तथा ग्रामीणों का विकास और सशक्तिकरण महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एक दशक में सरकार ने पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। मुर्मु ने कहा कि आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों के आधार पर ही विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। पंचायतों को अपने राजस्व के स्रोत विकसित कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास और देश को मजबूती प्रदान करेगी। राष्ट्रपति ने 'राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार' विजेताओं को बधाई दी।

### नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हरदीभाटा ग्राम पंचायत को मिला राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2024

धमतरी जिले के हरदीभाटा ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार - 2024 समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों हरदीभाटा के सरपंच मुनेन कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विभिन्न श्रेणियों में हर साल पुरस्कार दिए जाते हैं। इस साल ये पुरस्कार कुल 15 राज्यों की 45 पंचायतों व संस्थाओं को दिए गए। इसी के तहत दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार 27 पंचायतों को प्राप्त हुआ है। ये पुरस्कार कुल 9 विषयों के तहत दिया जाता है, जिनमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला हितैषी पंचायत शामिल हैं। ग्राम पंचायत हरदीभाटा को सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है।

# नेपाल के सेना प्रमुख ने रक्षा संबंधों को प्रगाढ बनाने के लिए उच्च स्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत की चार दिन की यात्रा पर आये नेपाली सेना के प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और अनेक उच्च स्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया। नेपाली जनरल की इस यात्रा को नेपाल और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत तथा प्रगाढ बनाने के प्रयासों की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद जनरल सिगडेल को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नेपाली सेना प्रमुख ने सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए आयोजित उच्च-स्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ गहन बातचीत की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तथा क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। जनरल सिगडेल को सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भारत के सुरक्षा परिप्रेक्ष्य और आर्मी डिज़ाइन ब्यूरो के साथ पारस्परिक हित के मामलों के बारे में जानकारी दी गई। नेपाली सेना प्रमुख ने भारत के रक्षा और विदेश मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की, जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।



# टेली भट्टयांन ग्राम का नाम सियाराम बाबा के नाम पर किया जाएगा: मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ✓ खरगोन
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निमाड़ के प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। टेली भट्टयांन ग्राम का नाम ग्रामीणों की सहमति से सियाराम बाबा के नाम पर किया जाएगा तथा यहां एक समाधि भी बनाई जाएगी। खरगोन जिले के कसरावद तहसील के नर्मदा तट पर बसे ग्राम टेली भट्टयाँन पहुंचे डॉ यादव ने संत सियाराम बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अपार भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों की सहमति से टेली भट्टयांन ग्राम का नाम सियाराम बाबा के नाम पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आश्रम में सियाराम बाबा की समाधि भी स्थापित की जाएगी। सियाराम बाबा को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत कई नेताओं व संगठनों श्रद्धांजलि दी है। उनके निधन से निमाड़ सहित देश प्रदेश के उन्हें उनके अनुयायियों में शोक की लहर दौड़ गई। 94 वर्षीय सियाराम बाबा को कुछ दिन निमोनिया की शिकायत के चलते 10 दिन पूर्व सनावद स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर बाबा ने टेली भट्टयाँन स्थित अपने आश्रम में जाने की इच्छा प्रकट की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी मिलने पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज इंदौर की टीम भेज कर उनके आश्रम में ही टर्शियरी लेवल इलाज की व्यवस्था प्रदान करने के निर्देश दिये थे। चिकित्सकों की टीम के द्वारा उनके स्वास्थ्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। मुख्यमंत्री के जाने के उपरांत आज सायं नर्मदा तट स्थित उनके आश्रम में ही उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। बाबा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम आया और करीब 3 किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। सेवादारों के मुताबिक हनुमान भक्त बाबा दान स्वरूप ज्यादातर 10 रुपए ही लेते थे और धन राशि को नर्मदा घाटों की मरम्मत व विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के उन्नयन में प्रदान कर देते थे। ज्यादा शिक्षित नहीं होने के बावजूद वह लगातार रामचरितमानस का पाठ करते रहते थे। आने वाले भक्तों को वे आध्यात्मिक मार्गदर्शन देकर सकारात्मक ऊर्जा से ओत प्रोत कर देते थे। उनके बारे में बताया जाता है कि वह इस क्षेत्र में 1955 में करीब 25 वर्ष की आयु में आए थे। इसके बाद 12 वर्ष तक एक पैर पर खड़े रहकर उन्होंने मौन तपस्या की थी। जब उन्होंने मौन तोड़ा तो सबसे पहला शब्द 'सियाराम' उच्चारित किया इसके चलते उनका नाम सियाराम बाबा पड़ गया।

## गौधन के बगैर खेती संभव नहीं, भगवान कृष्ण के आदर्शों से ही गांवों का विकास होगा: यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों पर चलकर ही गांवों का विकास हो सकता है। भगवान श्री कृष्ण ने गोपालन को प्रोत्साहन दिया था और गौधन के बगैर खेती का कार्य संभव नहीं है। गोपालन हमारी पुरातन संस्कृति रही है। डॉ यादव खरगोन जिले की कसरावद तहसील के ग्राम लेपा में निमाड़ अभ्युदय संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निमाड़ अभ्युदय संस्थान द्वारा आयोजित ग्रामीण प्रौद्योगिकी सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर चले तीन दिनों के अमृत मंथन से निकले विचार गांवों में ग्रामीण तकनीक के विकास को प्रोत्साहित करेंगे और इसे गांवों में नियोजित करेंगे।

# ऑनलाइन ठगी मामले में दो और आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में एक महिला से 1.60 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले दो और आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। चार आरोपियों को अपराध शाखा पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए आरोपियों से रिमांड लेकर पूछताछ के दौरान यह कार्रवाही की गई है। अपराध शाखा पुलिस सूत्रों के अनुसार 59 वर्षीय महिला इंदौर निवासी फरियादिया से ठग गैंग के द्वारा स्काइप एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर अलग-अलग शासकीय विभाग का अधिकारी बताकर मनीलाडरिंग केस में जेल जाने का डर बताकर, फरियादी की निजी एवं बैंकिंग जानकारी प्राप्त करते हुए, बैंक अकाउंट, एफडी, शेयर्स आदि के रुपयों की जांच करने के नाम से ऑनलाइन 1 करोड़ 60 लाख रुपए प्राप्त करके फरियादी के साथ ऑनलाइन ठगी की गयी थी। शिकायत के आधार पर अपराध शाखा पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए इस मामले में गुजरात के सूरत और मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से आरोपी प्रतीक जरीवाला, अभिषेक जरीवाला, चंद्रभान बंसल तथा राकेश कुमार बंसल को गिरफ्तार किया था। फर्जी डिजिटल अरेस्ट प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने गुजरात से विवेक रंजन निवासी नडियाद जिला खेड़ा गुजरात तथा अल्ताफ निवासी उमरेट जिला आनंद गुजरात को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर ठग गैंग के अन्य सदस्यों की पहचान और नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने इन आरोपियों के बैंकिंग लेन-देन और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की गहन जांच शुरू कर दी है। अपराध शाखा पुलिस ने इस मामले में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# पूर्व डीजीपी संजय पांडे जबरन वसूली के मामले में ठाणे पुलिस के समक्ष पेश हुए

एजेंसी ✓ मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय पांडे पर अगस्त में उनके और अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफदर्ज जबरन वसूली के मामले में ठाणे पुलिस की अपराध शाखा के समक्ष पेश हुए। इससे पहले उच्च न्यायालय ने उन्हें अंतरिम जमानत दी थी, जिसके तहत पुलिस को तीन जनवरी तक उन्हें गिरफ्तार करने से रोक दिया गया था। पूर्व डीजीपी पांडे के खिलाफ जबरन वसूली का मामला ठाणे नगर में व्यवसायी संजय पुनमिया की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था।

व्यवसायी पुनमिया ने आरोप लगाया था कि पूर्व डीजीपी ने अपने पद का दुरुपयोग कर उनके खिलाफ अवैध जांच शुरू की और उनसे तथा अन्य व्यवसायियों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर जबरन वसूली की। संजय पांडे के साथ ही सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सरदार पाटिल, पुलिस निरीक्षक मनोहर पाटिल, अधिवक्ता शेखर जगताप और बिल्डर श्यामसुंदर अग्रवाल तथा उनके परिवार के दो सदस्यों पर भी मामला दर्ज किया गया है। बिल्डर अग्रवाल शिकायतकर्ता पुनमिया के पूर्व व्यापारिक साझेदार हैं।

# कुर्ला बस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हुई

एजेंसी ✓ मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में मुंबई के कुर्ला बेस्ट बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है और अन्य 48 की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को कुर्ला इलाके में हुए इस भीषण हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है और अन्य 48 की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे के बाद बेस्ट प्रशासन पर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बॉम्बे इलेक्ट्रिक सप्लाई ऐंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) का चालक मुंबई के अंधेरी पश्चिम में ओशिवारा इलाके के एक वाइन शॉप पर बस रोककर शराब पीता हुआ दिखाई दे रहा है। मनसे के वर्सोवा विधानसभा प्रभाग अध्यक्ष संदेश देसाई ने बेस्ट बस चालक द्वारा शराब की दुकान से शराब खरीदकर पीने का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने दावा किया कि बस चालक ने गाड़ी रोकी और शराब खरीदने के लिए दुकान पर चला गया और वह वहां से शराब लेकर वापस आया और फिर से ड्राइवर की सीट पर बैठ गया। देसाई ने कहा कि खास बात यह है कि उस बस में पहले से ही यात्री बैठे हुए थे। मनसे ने यह भी पूछा है कि बेस्ट की बस को शराब की दुकान पर रोककर शराब खरीदने वाले बस चालक के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली यह जानकारी सामने आई है कि जिस ड्राइवर ने लापरवाही से बस को कुर्ला के व्यस्त इलाके में घुसा दिया। उसे महज तीन दिन का प्रशिक्षण लेने के बाद 12 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बस चलाने को दी गयी थी। बेस्ट' के महाप्रबंधक अनिल डिग्गीकर ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी। ड्राइवर को 'बेस्ट' और बसों की आपूर्ति करने वाली कंपनी द्वारा प्रशिक्षण दिए जाने के बावजूद यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि अगर ड्राइवर के नियंत्रण खोने के पीछे अन्य कारण हैं, तो उसकी भी 'बेस्ट' द्वारा जांच की जाएगी। बस ड्राइवर संजय मोरे के बतौर ड्राइवर अनुभव और ट्रेनिंग का मुद्दा उठने लगा है। देसाई ने कहा कि 'बेस्ट' बेड़े में लीज पर लिए गए बस ड्राइवरों की भर्ती और प्रशिक्षण विवादों में घिर गया है। बेस्ट में अनुभवी मिनीबस चालक मोरे को इलेक्ट्रिक बस को मात्र तीन दिन में चलाने का प्रशिक्षण देकर एक दिसंबर से नियुक्त किया गया।

# जयपुर में सोलह दिसंबर को आयोजित होगा अटल जयन्ती महोत्सव

**जयपुर।** वसुधैव कुटुम्बकम, ग्लोबल विल्लेज, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् की अवधारणा पर राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा राजधानी जयपुर में 16 दिसम्बर को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में अटल जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद, विधायक एवं समाजवादी विचारक 98 वर्षीय पंडित राम किशन शर्मा वाजपेयी के चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर इस महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ के मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि अटल जयन्ती महोत्सव में पंडित राम किशन शर्मा भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति एवं पंचशील सिद्धान्तों पर अपना उद्बोधन देंगे जबकि इसके मुख्य अत्तिथि एवं मध्यप्रदेश तेल घाणी बोर्ड के चेयरमैन रविकरण साहू भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति पर उद्बोधन करेंगे। समारोह के अध्यक्ष विधायक गोपाल शर्मा भारतीय सामाजिक परम्परा, वाजपेयी के व्यक्तित्व, प्रतिभा, कार्य योजना पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। समारोह समापन पर इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा का समरसता रथ काठमाण्डौ नेपाल के लिए प्रस्तान होगा।

वाजपेयी के सम्मान में 25 दिसम्बर को नेपाल के काठमाण्डौ में वैश्विक शान्ति समरसता सम्मेलन एवं 192 राष्ट्रों का नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम होगा।

# वैज्ञानिक तरीके से भेड़ एवं बकरी पालन का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक तरीके से भेड़ एवं बकरी पालन के लिये सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्य म बुधवार से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि कुल सचिव डॉ देवा राम सैनी ने भेड़ और बकरी पालकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की पशुधन से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे प्रगतिशील किसानों को विपणन की जानकारी भी दी जाये, ताकि ये अपने उत्पाद बाजार में आसानी से बेच सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद यह जानकारी भी ली जाये कि कितने किसानों ने भेड़ एवं बकरी पालन शुरू किया। साथ ही इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले किसानों को भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाये। निदेशक प्रसार डॉ. पी. एस. शेखावत ने किसानों को बताया कि भेड़ बकरी पालक किसान भी उत्पादक संगठन बनाकर सामूहिक कार्य करके बड़े बाजार तक अपने उत्पाद को पहुंचा सकते हैं। किसान भाई कृषि के साथ साथ इस व्यवसाय से अच्छा मुनाफा प्राप्त करके अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजक एवं पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष और छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाया जा रहा है।

# पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने गुरदासपुर जिले के गांव किला लाल सिंह में तैनात पटवारी सुरजीत सिंह को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गुरदासपुर के गांव किला लाल सिंह निवासी वरिंदर सिंह द्वारा दर्ज करवायी गयी शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया था कि उसकी जमीन को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एन.एच.ए.आई.) द्वारा एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए एक्वायर किया गया था, और आरोपी पटवारी ने उसके पक्ष में जमीन में मौजूद तीन बोरवेल के संबंध में रिपोर्ट देने के बदले 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया। इस दौरान आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में विजीलेंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले की आगे की कार्रवाई जारी है।



# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल एक्सपो में रेलवे की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के ग्लोबल एक्सपों में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही और इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित पुनर्विकास के मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान शर्मा ने जयपुर स्टेशन के प्रस्तावित पुनर्विकास के मॉडल को देखा। साथ ही वंदे भारत तथा विभिन्न इंजनों के मॉडल का अवलोकन किया और रेलवे की कार्यप्रणाली को समझा तथा रेलवे द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने मुख्यमंत्री को राजस्थान में रेलवे द्वारा किए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन स्कूली बच्चों ने भी इसका आनंद लिया। वंदे भारत, नमो भारत, स्लीपर वंदे भारत, जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास का 3डी मॉडल, विभिन्न प्रकार के इंजनों के मॉडल बच्चों के आकर्षण का बिंदु केंद्र रहा। मनोरंजन के लिए ऑनलाइन क्विज और सेल्फी स्क्रीन भी आगंतुकों को पसंद आए। नेशनल रेल म्यूजियम से मंगाए गए फेयरी क्वीन इंजन के मॉडल, मग, पेंटिंग्स एवं अन्य सामग्रिया भी सोवेनियर शॉप में प्रदर्शनी और बिक्री के लिए रखी गईं जिन्हें सभी ने उत्सुकता से देखा और अपने पसंद की सामग्री खरीदी।

# संपत्ति विवाद में एक व्यक्ति की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के जसो थाना क्षेत्र में आज संपत्ति के विवाद में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जसो थाना क्षेत्र के माझर रीछुल गांव में पेड काटने के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया गया कि तेजईया चौधरी और सेजईया चौधरी के बीच संपत्ति का विवाद चला आ रहा था। विवादित भूमि पर लगे पेड को काटने के दौरान हुये विवाद मे तेजइंया ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर सेजइंया चौधरी की हत्या कर दी।



# राज्य सरकार गोपालक किसानों को क्रेडिट कार्ड रिण योजना का लाभ देने को कृत संकल्प: दक

एजेंसी ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा है कि राजस्थान सरकार पांच लाख गोपालक किसानों को राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना का लाभ देने के लिये कृतसंकल्प है। दक ने बताया कि इसके लिये राज्य सरकार द्वारा 150 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में डेयरी व्यवसाय में महिला गोपालकों की महती भूमिका को देखते हुये राजीविका महिला समूह की गोपालक महिलाओं को भी योजना के तहत अल्पकालीन ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय किया गया है। उन्होंने बताया कि राजीविका समूह की महिला गोपालकों को ब्याज मुक्त ऋण मिलने से उनमें उद्यमशीलता का विकास होगा और वे आत्मनिर्भर बनकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में और अधिक योगदान दे पायेंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 35 हजार गोपालक महिलाओं को राजस्थान महिला निधि क्रेडिट सहकारी संघ के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे गोपालक जो सहकारी डेयरी सोसायटी के सदस्य नहीं है, को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस परेशानी को देखते हुए इस शर्त को शिथिल किया गया है। अब ऐसे गोपालक जो दुग्ध विपणन का कार्य कर रहा है और स्थानीय सहकारी डेयरी का सदस्य नहीं है, उन्हें भी अन्य सभी पात्रता पूर्ण करने पर इस योजना के तहत ऋण मुहैया कराया जायेगा। दक ने बताया कि ऋण की सुरक्षा के लिये डेढ़ गुना मूल्य की स्थायी सम्पत्ति को रहन रखने की शर्त को भी विलोपित करके मात्र दो व्यक्तियों की जमानत प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है।

# उदयपुर में 10 दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव 21 दिसंबर से

एजेंसी ✓ उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के उदयपुर में पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से 10 दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव की शुरुआत 21 दिसंबर को लोक कलाओं के संयोजनात्मक प्रस्तुति से होगी। पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक फुरकान अंसारी ने यहां पत्रकारों को बताया कि राजस्थान के राज्यपाल और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागड़े, नगाड़ा बजाकर उत्सव के उद्घाटन की घोषणा करेंगे। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, चित्तौड़गढ़ सांसद सी. पी. जोशी, राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया के साथ-साथ उदयपुर शहर विधायक ताराचंद तथा उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समारोह का विषय 'लोक के रंग - लोक के संग' रखी गयी है।

मुख्यतया लोक कलाओं की प्रस्तुतियों के लिए जाने वाले इस उत्सव में देश भर की उत्कृष्ट लोक कलाओं का प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि उदयपुर का शिल्पग्राम उत्सव संभवतः देश का अकेला ऐसा उत्सव है, जहां पर लोक कलाओं के लिये दर्शक इतने उत्साह से जुड़ते हैं। अंसारी ने बताया कि उत्सव में इस बार का डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ्टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग के रहने वाले कठपुतली और चित्र कथी के कलाकार श्री गणपत सखाराम मसगे और राजस्थान के जयपुर के भवई कलाकार डॉ. रूपसिंह शेखावत को दिया जायेगा। इस पुरस्कार में प्रत्येक को एक रजत पट्टिका के साथ ही 2.51 लाख रुपए की राशि दी जाती है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पहला ऐसा केंद्र है, जिसने लोक कला के क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि का पुरस्कार देना आरम्भ किया। ये पुरस्कार राजस्थान के प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ डॉ. कोमल कोठारी जी की स्मृति में दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस उत्सव में करीब 20 राज्यों (राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड, असम, मेघालय, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, मणिपुर, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु) से करीब 800 लोक कलाकार भाग लेंगे। इस दस दिवसीय उत्सव में करीब 65 कला दलों द्वारा देश की विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएगी।


# अपहरण एवं हत्या के मामले में वांछित इनामी बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के जयपुर में मुहाना थाना इलाके में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक (एजीटीएफ) दिनेश एम एन ने बताया कि पांच महीने पहले दो युवकों का अपहरण कर एक लाख की फिरौती मांगने तथा पीट पीटकर एक युवक की हत्या करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी शंकर मेघवाल (27) निवासी कृष्णा नगर मानसरोवर जयपुर को केकड़ी जिले के सरवाड़ थाना इलाके से डिटेन कर लिया है। उन्होंने बताया कि अपहरण एवं हत्या के इस मामले में फरार चल रहे आरोपी मनीष जाट (20) एवं अंकित जाट (20) निवासी गांव दयाल का नांगल थाना पाटन जिला नीमकाथाना एवं शंकर मेघवाल निवासी कृष्णा नगर जयपुर की तलाश के लिये डीसीपी दिगंत आनंद द्वारा 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी शंकर मेघवाल के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, जमीन विवाद, अपहरण आदि के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। जो पुलिस से बचने घटना के बाद फरारी काटने के लिये गुड़गांव, नोएडा तथा बिहार चला गया था।

# नशा उन्मूलन के लिये सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर बनेगा जन आंदोलन: कटारिया

वार्ता ✓ करतारपुर
www.dailypioneer.com



पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि राज्य से नशे को खत्म करने के लिये जल्द ही सर्वधर्म संवाद किया जायेगा और सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन बनाया जायेगा। कटारिया ने 'नशा मुक्त-रंगला पंजाब' अभियान के तहत नशे के खिलाफ दो दिवसीय पदयात्रा के दूसरे और आखिरी दिन आज जंग-ए-आजादी मेमोरियल में समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलायें शामिल थीं और युवा लड़के-लड़कियों की भागीदारी रंग-बिरंगे पंजाब के निर्माण के लिये एक शुभ संकेत है। गांव भट्ठे से सात किलोमीटर की पैदल दूरी के अंत में स्थानीय जंग-ए-आजादी स्मारक पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुये कटारिया ने कहा कि पंजाब महान गुरुओं और शहीदों की भूमि है, जिन्होंने राज्य और देश के लिये महान बलिदान दिये। इसलिये हमारा कर्तव्य है कि हम राज्य से नशे के खात्मे और पंजाब की समृद्ध विरासत की बहाली के लिए नशे के खिलाफ लड़ाई में योगदान दें। उन्होंने कहा कि दस गुरुओं के बताये रास्ते पर चलकर इस अपशकुन पर काबू पाया जा सकता है। कटारिया ने गुरु तेग बहादुर जी, गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके परिवार की शहादत का जिक्र करते हुए पंजाब के लोगों, खासकर महिलाओं को नशे के खिलाफ लड़ने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का समाज में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, विशेषकर माताओं का, जो अपने बच्चों को उचित मार्गदर्शन देकर इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकारों के प्रयासों तक ही सीमित नहीं रह सकती, बल्कि जब लोग आपसी समझ और जिम्मेदारी के साथ इस लड़ाई में शामिल होते हैं।

# सुक्खू 13 दिसंबर को कुपवी के प्रवास पर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 13 दिसंबर को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के तहत कुपवी के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को पूर्वाह्न पौने बारह बजे कुपवी के कुपेश्वर मंदिर मैदान में लोक निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वह लाभार्थियों को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि वितरित करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री लोगों की समस्यायें सुनेंगे तथा जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री कुपवी के स्थानीय गांव में लोगों की समस्याओं का निराकरण करेंगे और रात्रि ठहराव भी कुपवी में ही करेंगे।

# हंडियाया में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह 'आप' में शामिल

एजेंसी ✓ किशनगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब में बरनाला के हंडियाया नगर परिषद चुनाव से पहले भाजपा के दो बार पार्षद रहें गुरमीत सिंह समेत कई जिलास्तरीय नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये। गुरमीत सिंह हंडियाया नगर परिषद में दो बार पार्षद रह चुके हैं। वह बरनाला जिले के भाजपा के तीन बार जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके साथ भाजपा के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य हरिंदर सिंह सिद्धू और भाजपा नेता चरणप्रीत सिंह और बूटा सिंह भी भाजपा छोड़ आप में शामिल हुये। आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उक्त सभी नेताओं को चंडीगढ़ पार्टी कार्यालय में औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया और आप परिवार में स्वागत किया। सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुये अमन अरोड़ा ने कहा कि इस बार के निकाय चुनाव में पंजाब से भाजपा का सफाया हो जायेगा। उन्होंने कहा कि अब पंजाब के शहरों में भी आम आदमी पार्टी लोगों की पहली पसंद है।

aap
AAM AADMI PARTY

# 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते बिचौलिया गिरफ्तार

**हिसार।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने सब इंस्पेक्टर के बिचौलिये को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है।

वह हिसार के पुलिस थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर के लिए रिश्वत ले रहा था।

सब इंस्पेक्टर ने एक व्यक्ति को नशा तस्करी के केस में फंसाने की धमकी देकर एक लाख रुपये मांगे थे। एसीबी ने कहा कि एएसआई महेंद्र की भूमिका की अभी जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री के सुशासन में संवर रहा युवाओं का भविष्य

## प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिया नि:शुल्क कोचिंग सुविधा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिले के प्रभारी मंत्री और वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोंडागांव जिले में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री देवांगन ने स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही परीक्षा की तैयारियों के लिए युवाओं को किट प्रदान किया। प्रभारी मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएमएफ की राशि से जिले के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। किसानों से लेकर हर वर्ग के नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार के इसी प्रयासों से यहां के युवा निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाते हुए सफलता प्राप्त करेंगे और देश एवं राज्य के लिए अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार के सुशासन के एक साल पूरे हो रहे हैं। राज्य शासन ने कम समय में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल हुई है। राज्य के गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए मिल रही है, किसानों के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कोचिंग प्राप्त कर रहे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिले में अध्ययनरत 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए भी जेईई एवं नीट परीक्षाओं हेतु कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, कोंडागांव जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर दुर्ग जैसे शहरों में जाना पड़ता था। युवाओं के इस परेशानियों को देखते हुए शासन के मंशा के अनुरूप जिला खनिज न्यास की राशि का सदुपयोग हो, इसी के अंतर्गत बच्चों के भविष्य को संवारने और उनके कल्याण के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरूप कोंडागांव जिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। जिला मुख्यालय में युवाओं को कोचिंग की सुविधा मिलने से उन्हें दूसरे शहर जाने की आवश्यता नहीं पड़ेगी।

### जिला मुख्यालय में नि:शुल्क कोचिंग सुविधा मिलने से युवाओं में उत्साह

जिला मुख्यालय में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा से उत्साहित युवाओं ने कहा कि, अब जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और जिले में ही रहकर अच्छे से तैयारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय हैं कि, जिला प्रशासन द्वारा जिले के अभ्यर्थियों से कोचिंग हेतु आवेदन मंगाए गए थे, जिसमें कुल 1543 अभ्यर्थियों ने अलग-अलग परीक्षा हेतु आवेदन दिए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें मेरिट क्रम में 234 अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों के आधार पर यूपीएसी हेतु 19, सीजीपीएससी हेतु 94, व्यापम हेतु 102, आरआरबी हेतु 05, एसआई हेतु 01, एसएससी हेतु 12 एवं बैंकिंग हेतु 01 एवं अभ्यर्थियों की रूचि के आधार पर कोचिंग दी जा रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सदस्य बाल सिंह बघेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र उपस्थित रहें।

# आदिवासी हल्बा समाज के सामाजिक ध्वज को अज्ञात लोगों ने तोड़कर फेंका

## एफआईआर की मांग को लेकर समाज थाना पहुंचा



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

बीती रात ग्राम बोगर स्थित अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के समाजिक भवन हेतु आरक्षित भूमि पर लगे ध्वज स्तंभ को किसी आसामाजिक तत्वों ने तोड़कर फेंक दिया है। जिससे समाज के लोग आक्रोशित हैं उन्होंने कहा हमारी मान सम्मान और गौरव को ठेस पहुंची है हमारी समाज का धार्मिक आस्था आहत हुई है। अपराधिक तत्वों को जल्द से जल्द पकड़ कर उन पर कानूनी कार्यवाही करे अन्यथा समाज उग्र आदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

ग्रामीण पुनऊ राम भुआर्य, संरक्षक ज्ञान सिंह गौर, रघुवीर भूआर्य, माखन खडहे, तुलसी राम भूआर्य, उमेद खडहे, ठाकुर राम भूआर्य, देवलाल भुआर्य, राकेश भुआर्य, बेमलाल कोठारी, अरूण कोठारी, योगेन्द्र कोठारी, ललेश खडहे, चमन खडहे, कैलाश पिद्दा, ऋषभ पिद्दा, नरेन्द्र पिद्दा, मदन कोमा, मनी राम खडहे, प्रकाश खडहे, लालचंद कोठारी ने बताया अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज सर्किल बोगर ग्राम बोगर में समाजिक भवन हेतु ग्राम पंचायत बोगर द्वारा जगह आरक्षित है जिसका भूमि पूजन विधायक के कर कमलों द्वारा किया गया है।जिसमे हमारी समाज का स्थापित ध्वज स्तम्भ को कुछ अपराधिक तत्वों द्वारा तोड़ फोड़ कर गायब कर दिया गया है। जिसे हमारे समाज का मान सम्मान और गौरव को ठेस पहुंची है. हमारी समाज का धार्मिक आस्था आहत हुई है। अपराधिक तत्वों को जल्द से जल्द पकड़ कर उन पर कानूनी कार्यवाही करने रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। अन्यथा समाज उग्र आदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिनकी सम्पूर्ण उत्तरदायी शासन प्रशासन कि होगी।

# मेन मार्केट किरंदूल में व्यापारियों को व्यवस्थित करने जुटा नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 08 किरंदुल में मुख्य रूप से बुधवार एवं रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जाता है जहां पर आस पास क्षेत्र के ग्रामीण पालनार, भांसी, जगदलपुर नकुलनार ओडिशा के व्यापारी साग सब्जी लेकर अपना व्यापार करने आते हैं और मुख्य मार्ग पर बैठ जाते थे जहां पर भारी वाहनों का आवागमन होता हैं जिससे खतरा बना रहता था।जिसे सुधारने हेतु किरंदुल नगर पालिका अमला एवम पुलिस प्रशासन बुधवार सुबह 09 बजे से तैनात रहें और सभी व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से अंदर बाजार में बैठाया गया।इस दौरान नगरपालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र,थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू, एवम पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था को लेकर ब्लाक कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने किसानों के साथ मिलकर भानुप्रतापपुर में प्रदर्शन किया। मंगलवार को कांग्रेसियों ने विधायक कार्यालय में एकत्रित होकर रैली की शक्ल में मुख्य चौक में आयोजित धरना स्थल पहुंचे प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के विरोध व किसानों के हित में अपने विचार रखे। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान बैरिकेट पर चढ़कर भारी नारे बाजी किया। इस दौरान बैरिकेट नीचे गिर गया जिसके बाद सारे कांग्रेसी गेट तक पहुंच गए और गेट बंद के नीचे बैठकर चिल्लाने लगे इस बीच तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा आए जिसके बाद उन्हें राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर विधायक सावित्री मंडावी ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया कहा कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीद हो रही है। जिन वादों को लेकर भाजपा सत्ता में आई है, अब उन्हीं के खिलाफ वादाखिलाफी कर रही है। कई धान खरीद केंद्रों में अनियमितता पाई गई है। भाजपा ने सरकार में आने से पहले 3100 रुपये एकमुश्त देने का वादा किया था, लेकिन अभी मात्र 2300 रुपये ही दे रही है। शेष सम्मान राशि किसानों के पास कब पहुंचेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर ने कहा की भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान परेशान है। भाजपा 21 क्विंटल धान खरीद का वादा कर सत्ता में आई लेकिन किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कहा की कहा कि भाजपा किसानों के साथ छलावा कर रही है। वादे के मुताबिक किसानों को एकमुश्त राशि नहीं दे रहा है जो भाजपा सरकार की नाकामी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विरेन्द्र ठाकुर सरकार की कोशिश है कि कम से कम धान खरीदी की जाये। सोसायटियों में बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। इसी तरह पुराने बारदाने फटे हुये हैं जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता। टोकन की व्यवस्था भी काफी अव्यवहारिक है।

# चिखल पुटी स्कूल में बनाया गया विश्व मानव अधिकार दिवस



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के निर्देशानुसार व गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के नेतृत्व में सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोंडागांव के द्वारा उच्च प्राथमिक शाला चिखलपुटी में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि, 10 दिसंबर 148 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया गया था। जिसमें मानव अधिकार द्वारा राष्ट्रीय, लिंग, जातीय, मूल, रंग, धर्म, भाषा, स्वास्थ और सुरक्षा स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त कराती हैं जो समानता के साथ जीने का अधिकार देती है। इसलिए हमे मानव अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। इस अवसर उच्च प्राथकि शाला के प्राचार्य पंच्चु मण्ड़ावी, अधिकार मित्र विवेक कश्यप व शाला के स्टॉफ उपस्थित रहें।

# एएम/एनएस इंडिया की पहल 'बालज्योति' शिविरों में 800 से अधिक बच्चों के आंखों की हुई जांच

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com




आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कंपनी (एएम/एनएस) द्वारा सीएसआर पहल के तहत दंतेवाड़ा जिले में आयोजित 8 दिवसीय 'बालज्योति' निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के चौथे दिन पोंदुम और दंतेवाड़ा में 8 स्कूलों के कुल 353 बच्चों ने शिविर में भाग लिया।इसके अलावा बुधवार मेलावाड़ा में आयोजित शिविर में कुल 523 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 126 बच्चों में दृष्टि सुधार (रेफ्रैक्टिव एरर) आवश्यकता की पहचान की गई।इस दौरान जीएम राघवेलु ने शिविर का दौरा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने कहा कि एएमएनएस के द्वारा ऐसे अनेक शिविर आयोजित किए जाएँगे जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर विद्यार्थी इसका लाभ ले सकते हैं। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कंपनी (एएम/एनएस) द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समय पर समाधान सुनिश्चित करना है।यह पहल उन बच्चों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो अपनी नेत्र समस्याओं के कारण शिक्षा और सामान्य जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।बालज्योति नेत्र जांच शिविर न केवल बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने का प्रयास है, बल्कि यह शिक्षा के महत्व को भी उजागर करता है। स्पष्ट दृष्टि से बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल बच्चों को बेहतर दृष्टि के साथ आत्मविश्वास और संभावनाओं से भरे उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होगी।यह शिविर बच्चों और उनके परिवारों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी मजबूत करता है।शिविर के माध्यम से बच्चों की समय पर जांच और आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है,ताकि कोई भी बच्चा दृष्टिहीनता या नेत्र संबंधी समस्याओं के कारण अपने सपनों और क्षमताओं से वंचित न हो। साथ ही यह एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव का प्रतीक है,जो बच्चों को नई उम्मीद और संभावनाओं से भरा जीवन प्रदान करने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा।

# किसानों ने 5 घंटे तक सड़क को कर दिया था चक्काजाम

## खरीदी केंद्र में बारदाने नहीं होने से थे परेशान

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर के दमकसा धान खरीदी केंद्र में बारदाने की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार को चक्का जाम कर दिया था। सुबह 10 बजे से 3 बजे तक मुख्य मार्ग में चक्काजाम होने से आवागमन अवरुद्ध हो गया था। भानुप्रतापपुर से मानपुर मोहला चंद्रपुर महाराष्ट्र जाने वाली यह सड़क पूरी तरह से जाम हो गया था दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। धान खरीदी की शुरुआत से ही धान उपार्जन केंद्र दमकसा मे किसानों को अपनी साल भर की कमाई समर्थन मूल्य में धान बेचने मुश्किलों के साथ पसीना बहाने पड़ रहा है। धान बेचने के लिए लगातार तकलीफ झेल रहे क्षेत्र के किसानों का बुधवार को सब्र टूट गया और उन्होंने एक राय होकर धान उपार्जन केंद्र के सामने मुख्य सड़क को जाम कर दिया था। चक्का जाम की खबर पर लगते ही अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसानों को मनाने में लगे रहे 5 घंटे के तनातनी के बाद बरदाना पहुंचा जिसके बाद किसानों ने चक्का जाम आंदोलन को समाप्त किया। आपको बता दें छत्तीसगढ़ में सरकार की तरफ से धान की लगातार खरीदी की जा रही है। हालांकि इस दौरान बारदानों की किल्लत भी सामने आ रही है। बारदानों की कमी के चलते दमकसा में किसानों ने जमकर हंगामा कर दिया था। सुबह से ही किसान अपनी धान की फसल बेचने के लिए खरीदी केंद्र में पहुंच गए।

## उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ आय भी बढ़ी

# आत्मा योजना उन्नत कृषि तकनीक को अपनाकर चौतू नेताम बना सफल कृषक

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कई है। राज्य के अन्नदाताओं के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा भी दृढ़संकल्पित होकर किसानों के कल्याण और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। जिले के कई किसान भी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर समृद्ध एवं खुशहाल किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं।

**आत्मा योजना से आया सकारात्मक बदलाव** – जिले के ग्राम चिपावण्ड के 67 वर्षीय प्रगतिशील किसान चौतू नेताम ने अपनी मेहनत और नवीनतम कृषि तकनीकों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में सफलता की एक नई मिसाल पेश की है। उनके 3 एकड़ 54 डिसमिल की भूमि पर उन्नत खेती से उन्होंने न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गए हैं। पहले चौतू नेताम पारंपरिक तरीके से रागी की खेती करते थे और पुराने ढंग से बीज बोते थे। खरीफ मौसम में पारम्परिक खेती में छिड़कवा विधि से बीज बोने से उत्पादन में ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद कृषि विभाग ने उन्हें आत्मा योजना के तहत नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया, तो उन्होंने रागी की खेती में बदलाव करने का निर्णय लिया। रबी मौसम में चौतू नेताम ने रागी की फसल की कतार बोनी विधि को अपनाया, जिससे न केवल उनकी फसल का उत्पादन बढ़ा, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि हुई।

**उन्नत कृषि से तरक्की की राह पर चौतू राम** – चौतू राम ने बताया कि कतार बोनी विधि से बीज का वितरण और सिंचाई ज्यादा व्यवस्थित और नियंत्रित हुआ है, जिसके कारण रागी की फसल का उत्पादन दोगुना हो गया। पहले जहां रागी की खेती 0.405 हेक्टेयर रकबा में उत्पादन केवल 4 क्विंटल होता था और केवल 12 हजार रूपये की आय प्राप्त होती थी। लेकिन अब कृषि में कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन कार्यक्रम के माध्यम से नई तकनीक को अपनाने के बाद उत्पादन 9 क्विंटल हो गया, जिससे 45 हजार रुपये प्राप्त हुआ। इस प्रकार उत्पादन में वृद्धि के साथ उनके आय में भी वृद्धि हुई। शासन की योजना से चौतू नेताम के लिए यह बदलाव केवल कृषि के तकनीक में बदलाव नहीं था, बल्कि उनके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया। कृषि विभाग से प्राप्त तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उनके लिए काफी लाभदायक साबित हुआ। कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन के कार्यक्रम ने उन्हें न केवल अधिक उत्पादन दिया, बल्कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय वृद्धि की और खेती के क्षेत्र में तरक्की के राह पर अग्रसर हुए हैं। चौतू राम ने जिले के अन्य किसानों को भी योजना का लाभ लेते हुए प्रशिक्षणक प्राप्त कर कृषि में उन्नत तकनीक अपनाने की अपील की।

### विष्णु के सुशासन में किसान हो रहे समृद्ध

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य के किसानों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनके मेहनत और उत्पादन को उचित दाम भी मिल रहा है। किसानों की मेहनत को शासन की योजनाओं के माध्यम से उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और सहायता मिल रहा है, जिससे वे समृद्ध और खुशहाल होने के साथ कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। चौतूराम जैसे कई ऐसे किसान हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत के साथ शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाते हुए अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं।

# हायर सेकेंडरी स्कूल सेलेगांव में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता सुमन ठाकुर ने बताया कि मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक, मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषणा का सम्मान करने के लिए तिथि का चयन किया गया था। मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना 4 दिसंबर 1950 को महासभा की 317वीं पूर्ण बैठक में हुई, जब महासभा ने संकल्प 423 (V) की घोषणा की। व्याख्याता जागृति ध्रुव ने बतलाया कि मानवाधिकार दिवस 2024 का थीम है 'हमारा अधिकार, हमारा भविष्य' जो हर दिन लोगों के जीवन पर मानवाधिकारों के प्रभाव को उजागर करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि मानवाधिकारों का 'एक ठोस सकारात्मक प्रभाव है और व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है', और उन्हें अपनाने से एक अधिक शांतिपूर्ण और समान दुनिया बनाने में मदद मिल सकती है।

# लाखों रूपये के गुणवत्ताविहीन सामग्री की सप्लाई करने वाले की शिकायतें फाईलों में कैद

## जनप्रतिनिधि, अधिकारियों का मुंहलगा सप्लायर अब भी कर रहा करोड़ों की सप्लाई

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



शहर के नागरिकों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को निराकृत करने के उद्देश्य से पहली बार कांग्रेस समर्थित पार्षदों पर अपना भरोसा जताते हुए उन्हें जीत का ताज पहनाया था। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ता है कि नगर के पितामह कहलाने वाले निगम में बैठे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी अपेक्षा के अनुरूप कोई कार्य नहीं किया गया बल्कि निर्वाचित होने के बाद निगम में ऐसे-ऐसे प्रकरण हुए जिसकी सर्वत्र चर्चा हुई। विपक्ष के लोगों द्वारा उसकी शिकायत कलेक्टर तक को दी गई। लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और अब एक नया खुलासा हुआ है कि निगम में एक ऐसा सप्लायर ठेकेदार है जिस पर निगम अमला पूरी तरह मेहरबान रहा। खबर है कि इस सप्लायर ठेकेदार ने लाखों, करोड़ों रूपये के सप्लाई निगम के विभिन्न मदों के अलावा जनप्रतिनिधियों के निधि का भी कार्य संबंधित द्वारा किया गया है। उक्त कार्य के गुणवत्ता की कई शिकायतें भी हुई, जांच का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन यह सब कागजों में सिमटकर रह गया और यह सप्लायर बदस्तूर करोड़ों का कार्य कर रहा है। खरीदी, सप्लाई में मिल रही शिकायतों के चलते केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जेम पोर्टल से खरीदी का आदेश किया गया था परंतु उक्त सप्लायर, ठेकेदार द्वारा इस जेम पोर्टल में भी सेटिंग कर करोड़ों की सप्लाई करने में महारथ हासिल कर ली है। आश्चर्य की बात यह है कि उक्त सप्लायर की गुणवत्ताहीन सामग्री सप्लाई की कई शिकायतें निगम की फाईलों में कैद हैं, लेकिन इसका कार्य भी बिना रोकटोक के बदस्तूर जारी है। नगर पालिका परिषद से वर्ष 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा पालिका को निगम के रूप में उन्नयन करते हुए इसकी घोषणा की थी और यहां पार्षदों के चुनाव में कांग्रेस समर्थित पालिका बनी जिससे शहरवासियों को काफी उम्मीदें थी क्योंकि समस्या का निराकरण होगा। लाईट, बिजली, पानी सप्लाई, सफाई, सड़कों की बदहाल व्यवस्था सुधरेगी और निगम के रूप में एक नया शहर नागरिकों को देखने मिलेगा। लेकिन उनकी यह अभिलाषा पूरी तरह काफूर की तरह गायब हो गई। जब उन्हें पता चला कि टेंडर के नाम पर लंबा-चौड़ा खेला करते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधि के भाई द्वारा नगर निगम द्वारा निकाले गये टेंडर में डेढ बिलोव दर पर 50 में से 35 टेंडर भरे गये और इसके एवज में संबंधित ठेकेदारों से कमीशन राशि पांच लाख रूपये ले लिया गया। विपक्ष द्वारा इसे लेकर खूब शोर-शराबा किया गया। इसकी शिकायत कलेक्टर को भी दी गई। यहां तक भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने भी इसकी लिखित शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने की वजह से इसकी जांच नहीं हो पाई। यह स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि एक के बाद एक कुछ ऐसे प्रकरण मीडिया की सुर्खियां बने जिनकी जांच अभी लंबित है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि इन्हीं श्रृंखलाओं में एक सप्लायर ठेकेदार ने मिलीभगत कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आशीर्वाद प्राप्त कर पिछले कई सालों से लाखों, करोड़ों रूपये की न सिर्फ सप्लाई बल्कि ठेकेदारी भी की है। इस मुंहलगे ठेकेदार के कारण दूसरे अन्य सप्लायर, ठेकेदार बेरोजगारी के कगार पर इधर उधर काम देखने लगे। खबर है कि इस ठेकेदार ने विभिन्न फर्मों के नाम पर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर यह कृत्य किया है। जिनके द्वारा सप्लाई किये गये, ठेकेदारी कार्य किये गये कार्यों में भारी गोलमाल किया गया है। इसे लेकर विपक्ष सबूत जुटा रहा है। इसके पश्चात उक्त ठेकेदार सप्लायर के विरूद्ध लंबी चौड़ी शिकायत किये जाने की जानकारी मिली है। निगम क्षेत्रांतर्गत पिछले साढ़े चार वर्षों में इस ठेकेदार को विभिन्न लाखों, करोड़ों के कार्य दिये गये जो निम्न तबके के बताये जा रहे हैं। निगम में बैठे निर्वाचित जनप्रतिनिधि और इस ठेकेदार के मिलीभगत के चलते शासकीय राशि का खुलकर दुरूपयोग किया गया है। विश्वसनीय सूत्रानुसार यह भी पता चला है कि इस ठेकेदार सप्लायर ने वहां पदस्थ पूर्व अधिकारियों को अपने झांसे में लेकर उनके संबंधों का नाजायज फायदा उठाते यह सभी काम को अंजाम दिया है जिसकी जानकारी यहां बैठे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी है। शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं तो मिली नहीं। दावा तो बड़े-बड़े किये जाते रहे।

# रीजनल स्टेट प्रतियोगिता में भी प्रगति दास चैंपियन का खिताब व नगद पुरस्कार की अपने नाम

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




सिप अकेडमी द्वारा एजीसी सीजन-9 छ.ग. रीजनल स्टेट प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के सडडू में किया गया था। जिसमें सरायपाली शहर के 4 स्कूल के.जी कान्वेंट, प्रतिभा पब्लिक, के. पी. इंटरनेशनल एवं सेंट विंसेंट पैलोटी के बच्चे अर्थमेटिक जिनियस कांटेस्ट में भाग लेकर चयनित छात्र राउण्ड-3 स्टेट लेवल हेतु भाग लिया जिसमें एसआईपी अबेकस के कक्षा चौथी से अर्श अग्रवाल एवं कक्षा तीसरी से प्रगति दास चैंपियन का खिताब अपने नाम कर दस हजार रुपये का पुरस्कार भी प्राप्त किया गया। ज्ञात हो कि अधिवक्ता संघ सरायपाली के सचिव राजेंद्र दास व रश्मि दास की पुत्री प्रगति दास जो कि कलकत्ता महानगर में आयोजित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में प्रगति दास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया गया है। कक्षा पांचवीं से अहद अमन दूसरे स्थान प्राप्त कर 7 हजार रूपये, कक्षा दूसरी से दुर्वेश राज पटेल तीसरे स्थान प्राप्त कर 5 हजार रूपये का पुरस्कार अपने नाम किया एवं कक्षा चौथी से राजवीर भोई ने थर्ड रनर अप का खिताब अपने नाम कर सरायपाली अबेकस सेंटर, अपने माता-पिता सहित सरायपाली का गौरव बढ़ाया। अबेकस के बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और एलसीएल राखी पाणिग्रही के मार्गदर्शन से लगातार सफलता हासिल करते आ रहे हैं। विगत दिनों कोलकाता में आयोजित एंटरनेटनल प्रोडिजी में भी विभिन्न लेवल में अर्श अग्रवाल फर्स्ट रनर अप, प्रगति दास थर्ड रनर अप, संध्या यादव थर्ड रनर अप एवं अन्य 12 बच्चों ने परफार्मेंस अवार्ड प्राप्त किया था। इन बच्चों की सफलता मे अबेकस सेंटर के टीचर्स ललिता अग्रवाल, सुमन यादव, बिंदु जयसवाल एवं अमृता सिंह राजपूत का सराहनीय योगदान रहा। विजेताओं का एजिसी राउंड 4 नेशनल लेवल चेन्नई में 28 जनवरी को होना है जिसके लिए अबेकस सेंटर के स्टेट हेड गुरमीत सिंह चावला ने शुभकामनाएं दी हैं।

# विधायक ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



## संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

विधायक चातुरी नंद ने जन चौपाल लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में तोरेसिंहा की लक्ष्मी कुमार ने पैर के ऑपरेशन हेतु आर्थिक सहायता का अनुरोध किया जिसके इलाज हेतु विधायक नंद ने डॉक्टरों से दूरभाष पर चर्चा कर निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए जन संपर्क निधि से भी आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। टेंगनापाली की रेखा कटार ने विधायक नंद से जमीन विवाद सम्बंधित मामले के निराकरण में तेजी लाने का अनुरोध किया जिस पर मौके पर ही विधायक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह कसलबा निवासी रमेश ने दिव्यांग पेंशन दिलाने और राशन कार्ड बनवाने का आग्रह किया जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को जल्द पेंशन दिलाने के लिए निर्देश प्रदान किया। ग्राम खपरी डीह के विद्याचरण थापा ने आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार विधायक नंद से लगाई। विधायक नंद ने उनकी आवेदन पर नियमानुसार आवास दिलाने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही जन चौपाल में विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासी विधायक चातुरी नंद से मिलने पहुंचे थे। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, घनश्याम पटेल, परशु चौहान, दिलकिशोर प्रधान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद थे। विदित हो कि विधायक चातुरी नंद ने ग्रामीणों से सीधे रूबरू होने अब हर सोमवार को जन चौपाल लगा रही है जिसका बेहतर रिस्पॉन्स आमजन से मिल रहा है और बड़ी संख्या में दूर दराज के ग्रामीण विधायक से मिलकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंच रहे है।

# पार्षद निधि जारी होने से पहले ही भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी की रखी जा चुकी है नीव, पार्षद विजय मोटवानी ने उठाया प्रश्न चिन्ह

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर निगम का कार्यकाल मात्र चंद दिन ही बचे हुए हैं। लेकिन भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी पर अंकुश बिल्कुल भी नहीं लगाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पार्षदों की निधि को नगरीय निकायों को आबंटित किया गया है। लेकिन बताया जा रहा है कि नगर निगम के एक चर्चित ठेकेदार ने पहले ही इस निधि से सामग्री खरीदी किए जाने हेतु पार्षदों के लेटर पेड का इस्तेमाल करते हुए कोरे में हस्ताक्षर करके ले चुका है जिसका भंडाफोड़ नगर निगम के तेजतर्रार पार्षद विजय मोटवानी द्वारा सार्वजनिक रूप से करते हुए कल ही निगम में खलबली मचा दी थी। मोटवानी ने बताया कि पार्षद निधि की इतनी दरकार थी कि उक्त निधि के बंदर बाट किए जाने की संभावना है। उन्होंने सीधे तौर पर कहा है कि 3 लाख की आने वाली निधि में से 75.75 हजार के चार भाग पहले ही कर चुके हैं जिसमें से सिर्फ 75 हजार रुपए की सामग्री खरीदी जाएगी 75 हजार अधिकारी कर्मचारियों का एवं 75 हजार जनप्रतिनिधि का कमीशन दिया जाएगा, शेष 75 हजार ठेकेदार का होगा। इस प्रकार पार्षद निधि की राशि आने से पहले ही लाखों के भ्रष्टाचार की योजना पहले ही बनाया जा चुका है जिसमें से एडवांस में लेनदेन भी हो चुका है।

पार्षद मोटवानी ने कहा है कि राज्य सरकार की साफ सुथरी छवि को कलंकित करने वाले निगम के जिम्मेदार लोगों को कतई भ्रष्टाचार करने के लिए छूट नहीं दी जा सकती। वह इस लड़ाई को हर मोर्चे पर लड़ने के लिए तैयार है क्योंकि शहर के 40 वार्डो में यही अधिकारी कर्मचारी गरीबों को परेशान करते हैं। नल कनेक्शन सहित विभिन्न प्रकार के कार्यो के नाम पर रोज के आर्थिक प्रारूप से प्रताड़ित करना इनका हिस्सा हो गया है।

# महाविद्यालय में एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन




**सरायपाली।** स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालयय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम भूधर चौहान द्वितीय नंदिनी साहू और तृतीय स्थान पर अन्नू चौहान रहे।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पायल साहू द्वितीय अमृत बरिहा तृतीय स्थान पर प्रीति प्रधान तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिमा पटेल एवं द्वितीय स्थान पर उमा साहू रहे। प्रतिभागियों ने एड्स के बचाव से संबंधित सुंदर एवं प्रेरक बातों को लिखकर जागरूकता का परिचय दिया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू के बरिहा ने बताया कि एचआईवी एक वायरस है जिसके कारण एड्स होता है। एड्स के बारे में जागरूक रहना ही बचाए का उपाय है तथा एड्स के रोकथाम के उपाय के बारे में बताया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वीरेंद्र नगर में नुक्क ड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के बचाव के प्रति जानकारी प्रदान किए।

# ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश की नौवीं पुण्यतिथि पर मीडिया परिसंवाद

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में मीडिया परिसंवाद का आयोजन किया गया है। विषय होगा-नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि एवं मूल्य निर्धारण में मीडिया की भूमिका। यह जानकारी देते हुए रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि मीडिया परिसंवाद का आयोजन मीडिया प्रभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी की नौवीं पुण्य तिथि पर किया गया है। मूल वक्त व्य उज्जैन की निदेशिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी का होगा तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल करेंगी। परिसंवाद में पत्रकारों को अपने आशीर्वचनों से क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी लाभान्वित करेंगी तथा अध्यक्षता कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मानसिंह परमार करेंगे।

## राज्य वीरता पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां 2 जनवरी 2025 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ शासन द्वारा प्रदेश के ऐसे बच्चों, जो किसी घटना विशेष में उनके द्वारा अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए वर्ष 2024 हेतु राज्य वीरता पुरस्कार प्रदाय किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले के योग्य बालक/ बालिकाओं से वांछित दस्तावेजों में निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां 2 जनवरी 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में आमंत्रित किए गए हैं। आवेदनकर्ता बालक/ बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य तथा कार्य घटना दिनांक को आवेदन की आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए वे आवेदन के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही विचाराधीन वर्ष के लिए पुरस्कार हेतु पूर्ण वर्ष की एक जनवरी से आवेदन की तिथि के पूर्व तक घटित कार्य घटना विचारणीय होगी। आवश्यक कागजात, एफआईआर अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरनें जो इस बाबत् प्रकाशित हुआ हों, दो पासपोर्ट साईज के वर्तमान रंगीन फोटो, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित चार अतिरिक्त पासपोर्ट साईज के फोटो, घटना की विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित महिला एवं बाल विकास/पुलिस या अन्य विभाग नामांकन आवेदन तीन प्रतियों में निर्धारित प्रारूप अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए होना चाहिए।

# मानव अधिकार दिवस एवं शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय मिनीमता कन्या महाविद्यालय, बलौदाबाजार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा की प्रेरण से महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस एवं शहीद वीर नारायण सिंह शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीपा सोनी अधिवक्ता ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान को प्रस्तावना में अधिकार एवं कर्तव्यों का उल्लेख है। मानव अधिकारों सें वंचित व्यक्तियों को भी अधिकार दिलाने का प्रयास रहेगा। अपकी लड़ाई जायज है तो आपको निश्चित रूप से न्याय मिलेगा। मानव को अपना जीवन जीने का अधिकार है। मानव अधिकार विस्तृत और व्यापक है। छात्राओं को प्रेरित करने हुए उन्होने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर आप शिक्षा साम्रगी तथा हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपने अधिकार की रक्षा करें। कार्यक्रम में छात्राओं का संम्बोधित करते हुए महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुती दी थी। हम अपने कर्तव्यों पर ध्यान दे ंतो अधिकारों का हनन नहीं होगा एवं हमे दूसरों के अधिकारों का भी हनन नहीं करना चाहिए। मानव अधिकार दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 74 छात्राओं ने भाग लिया।

# जिले के 13 महिला स्व सहायता समूहों सहित 1 विधवा हितग्राही के लिए 11 लाख रूपये से अधिक की हुई स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत 13 महिला स्वसहायता समूहो एवं सक्षम योजनांतर्गत 01 विधवा महिला हितग्राहीं के आवेदनों पर परीक्षण उपरान्त 11 लाख 70 हजार रूपये राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वसहायता समूह द्वारा विभिन्न कार्य जो पूर्व से संचालित है। समूह को आत्मनिर्भर एवं उनके व्यवसाय को गति देने विस्तार करने के उद्देश्य से राशि ऋण स्वीकृत की गई है तथा सक्षम योजनांतर्गत विधवा/परित्यक्त महिला हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन के महत्वकांक्षी योजना ''सक्षम'' अंतर्गत 01 विधवा महिला हितग्राहियों को बुटिक एवं सिलाई, पापड़ (साबुनदाना, मुरूकु, बिजौरी), किराना दुकान, टिफिन सेंटर, निरमा पाउडर, फैंसी स्टोर्स, सब्जी भाजी उत्पादन कार्य एवं अन्य कार्यो हेतु राशि स्वीकृत की गई है। शासन द्वारा योजनांतर्गत 3 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण दी जायेगी तथा इसे समूहों द्वारा 24 से 36 मासिक किश्तों व सक्षम योजनांतर्गत महिला हितग्राहियों द्वारा 60 किश्तो में राशि वापस किया जायेगा। उक्त लाभान्वित स्व-सहायता समूहो में जय मां शीतला स्वसहायता समूह मल्दा 1 लाख रूपये, जय संतोषी मां स्वसहायता समूह पिकरी 2 लाख 50 हजार रूपये, जय मां महामाया स्वसहायता समूह मड़कड़ा 50 हजार रूपये, शक्ति महिला स्वसहायता समूह मड़कड़ा 50 हजार रूपये, जय मां सरस्वती स्वसहायता समूह थरहीडीह 50 हजार रूपये, जय मां कर्मा महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 1 लाख रूपये, जय सतनाम महिला स्वसहायता समूह अमेरा-1 लाख रूपये, श्री गणेशाय नमः महिला स्वसहायता समूह दतान प 50 हजार रूपये, आमीन माता महिला स्वसहायता समूह सकरी प 50 हजार रूपये, शिव शक्ति महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 50 हजार रूपये, शिवा महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 1 लाख रूपये, जय मां तुरतुरिया महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 50 हजार रूपये एवं महालक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 50 हजार रूपये राशि स्वीकृत की गई है।

# संभागायुक्त कावरे ने की समीक्षा, पेंशन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण डीडीओ की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी

## लंबित पेंशन प्रकरणों पर कमिश्नर नाराज, छह महीने पहले प्रकरण तैयार कर जांच के लिए भेजने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



**स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर जताई गहरी नाराज़गी, अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को नोटिस देने के भी दिए निर्देश**

संभागायुक्त महादेव कावरे ने विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में लंबित पेंशन प्रकरणों पर विभागीय अधिकारियों और आहरण संवितरण अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पिछली समीक्षा बैठक के निर्देशों अनुसार लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की और अगले महीनें तक प्रगति दिखाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। संभागायुक्त ने की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। कावरे ने जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आबकारी, राज्य कर, सामाज कल्याण, कृषि आदि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों पर कार्रवाई की गहन समीक्षा की। उन्होंने शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को उनकी सेवा निवृत्ति से छह महीने पहले तैयार कर कोष लेखा पेंशन कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए ताकि प्रकरणों में सामान्य आपत्तियों जैसे नाम सुधार, दस्तावेज अपलोड करने जैसी आपत्तियों का समय पर निराकरण हो सके। कावरे ने सभी अधिकारियों और आहरण संवितरण अधिकारियों को अपने स्तर पर निराकरण कर पेंशन प्रकरणों के निपटारें में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सख्ती दिखाते हुए कहा कि शासकीय सेवा से रिटायर होने वाले सेवक को पेंशन का समय पर सही भुगतान आहरण संवितरण अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। प्रकरण के संबंध में किसी भी त्रुटि सुधार के लिए समय पर कार्रवाई कर पेंशन प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद लंबित ईडब्ल्यूआर प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश बैठक में दिए है। बैठक में संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में पेंशन प्रकरणों के लंबे समय से निराकरण नहीं होने पर अधिकारियों के प्रति गहरी नाराज़गी जताई। कावरे ने लंबे समय से लंबित पेंशन प्रकरणों पर तेजी से कार्रवाई कर अगले महीने की समीक्षा बैठक में प्रगति दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि प्रगति नहीं होने पर अधिकारियों सहित आहरण संवितरण अधिकारियों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कावरे ने बताया कि जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति होने वाली है, उनके दस्तावेजों या कार्मिक संपदा रिकार्ड में सुधार आहरण संवितरण अधिकारी के स्तर पर किया जा सकता है। ऐसे सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण छह महीने पहले ही तैयार कर कोष लेखा पेंशन कार्यालय को भेजे जाये ताकि समय पर त्रुटि सुधार किया जा सके और सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। कावरे ने बताया कि सेवानिवृत्ति हो चुके शासकीय सेवकों के कार्मिक संपदा रिकार्ड में सुधार संयुक्त संचालक, कोष लेखा पेंशन स्तर पर होगा। इसलिए ऐसे सभी प्रकरणों को विभाग तैयार कर संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन को भेंजे।

# सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य सहित धान उठाव में लाएं तेजी : कलेक्टर

## कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। विशेष रूप से कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क सहित मुख्यमंत्री सड़क के संबधित अधिकारियों को सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों में धान उठाव में भी तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने पुनः उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। धान बेचने आएं किसी भी किसान को उपार्जन केंद्रों में तकलीफ नहीं होना चाहिए। किसानों की सुविधाओं का विशेष ख्याल समिति प्रबंधक रखे। सभी के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित बारदाने की उपलब्धता जैसे मूलभूत सुविधाओं की समूचित व्यवस्था प्रत्येक उपार्जन केंद्र में होना चाहिए। धान खरीदी के साथ ही उठाव में भी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। किसी भी केंद्र में धान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। साथ ही राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में राजस्व प्रकरण के निराकरण। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

# जशपुर के बस स्टैंड, आश्रय स्थल, मुक्तिधाम और हॉकी स्टेडियम की स्थिति का कलेक्टर व्यास ने लिया जायजा

## नगर पालिका क्षेत्र के विकास में जोर देने कलेक्टर ने दिए निर्देश





पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत व्यवस्थाओं के अवलोकन के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने प्रातःकाल में निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम बस स्टैण्ड का निरीक्षण करते हुए नगर पालिका के अधिकारियों को प्रतिदिन बस स्टैण्ड में सफाई कराने तथा नालियों के निर्माण एवं सफाई कराने को कहा। उन्होंने यहां पेयजल के लिए की गई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के भी निर्देश दिए।

### अव्यवस्था सुधारने के निर्देश

बस स्टैण्ड स्थित सामुदायिक शौचालय पहुंच उन्होंने उसकी आवश्यक मरम्मत करवाने को कहा। उन्होंने बस स्टैण्ड में स्थित दीनदयाल उपाध्याय आश्रय स्थल का मुआयना करते हुए उसमें की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बस स्टैण्ड के स्वागत द्वार के रंग रोगन, सौंदर्यीकरण एवं लाईटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एनईएस कॉलेज ग्राउंड में बने हॉकी स्टेडियम का अवलोकन करते हुए। यहां निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का भी अवलोकन किया। उन्होंने मैदान में अन्य खेलों के लिए भी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

### मुक्तिधाम भी पहुंचे कलेक्टर

इसके पश्चात उन्होंने मुक्तिधाम का भी अवलोकन किया। जहां उन्होंने रंग रोगन कराने, डस्टबिन लगवाने सहित अन्य मरम्मत के कार्य करवाने तथा मुक्तिधाम में क्षतिग्रस्त सड़क का जल्द से जल्द मरम्मत कराने को कहा। इसके बाद वे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंचे जहां उन्होंने कर्मचारियों के लिए बने पार्क को विकसित करने तथा कॉलोनी की सड़कों में लाइटिंग कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, विश्वास राव मस्के, नगर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चेकपोस्टों में वाहनों की सघन जांच कर धान के अवैध परिवहन को करें नियंत्रण: राजेंद्र कटरा

## कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ⮜ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो गई है,और दिसंबर माह में अब धान खरीदी में तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में धान की अवैध खपत रोकने के लिए संबंधित अधिकारी कड़ी नजर बनाए रखें। साथ ही चेक पोस्टों से होकर धान लेकर गुजरने वाले वाहनों के दस्तावेजों की सघन जांच करने एवं अवैध धान पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की संभावना अधिक होती है, इसे रोकने के लिए जन जागरूकता लाएं। बैठक में उन्होंने जाति प्रमाण, आयुष्मान कार्ड, पेंशन प्रकरण, भुगतान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, राजस्व प्रकरण के निराकरण की स्थिति इत्यादि के संबंध में जानकारी भी ली। कलेक्टर कटारा ने जन्म दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी और उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को मेरा कारण हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

**झोलाछाप डॉक्टरों पर करें कड़ी कार्रवाई**-कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि अवैध ढंग से संचालित लैब,क्लिनिक,झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज के मामलों में सख्ती से कार्यवाही करें। जिले के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टर गलत तरीके से मरीजों का इलाज करते हैं,जिनसे उनकी जान पर बन आती है। उन्होंने झोलाछाप डॉक्टर पर तत्काल कार्यवाही और अवैध रूप से चलाए जा रहे क्लीनिक या दवाई दुकानों को सील करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित समस्त छात्रावासों में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए समय-समय पर बच्चों की स्वास्थ्य जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध उत्खनन पर सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

**घुमंतु एवं आवारा पशुओं को करें व्यवस्थित**-कलेक्टर ने आवरा मवेशियों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर आवारा अथवा पालतू पशुओं के पाए जाने पर उन्हें हटाने के लिए एक निश्चित व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रमुख मार्गो पर जहां घुमंतु और आवारा पशु सड़कों पर बैठते है, उन्हें आसपास अस्थाई रूप से ठहराने की व्यवस्था के निर्देश दिये। जिससे वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात करने में राहत भी मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कार्यो की गति को तीव्र करने हेतु हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने को भी कहा।

**स्वच्छता अभियान का प्रमुखता से करें पालन**-उन्होंने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय की उपयोगिता के संबंध में जानकारी लेते हुए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरों,सार्वजनिक स्थानों,बड़े बाजारों एवं मुख्य सड़कों के आस-पास सफई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के लिए ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को साथ लेकर सफाई अभियान चलाने की बात कही।

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सदा प्रयत्न शील रहना चाहिए : डॉ विजय रक्षित

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोखंडी में विधालय प्रबंधन द्वारा उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय केरियर और काउन्सिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रेरक के रूप में डॉ विजय रक्षित, पूर्व प्राचार्य, डॉ प्रदीप एक्का, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर तथा डॉ राजीव रंजन तिग्गा, प्राध्यापक अंग्रेजी, शासकीय रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय, बगीचा उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विघादायनी मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर केरियर और काउन्सिल कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों का स्वागत जशपुरान्चल की गौरवशाली परंपरा के अनुसार किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हमें अपने मन से इस बात को निकाल देना चाहिए कि हम जशपुर जिले के एक गांव से है और हम कुछ नहीं कर सकते हैं। मैं तो चूंकि बगल गांव रायपाट का हूं, ग्रामीण परिवेश में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर उच्च शिक्षा जबलपुर में स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से प्राप्त कर वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय बगीचा में कार्यरत हूं। डॉ तिग्गा ने अपने विषय अंग्रेजी में नौकरी की संभावना और उपलब्धता की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अपनी संगीत के प्रति रुचि को भी अपने जीवन में सफल बनाने में एक सहयोगी विकल्प के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अपने इच्छा के अनुरूप अपना आदर्श या मार्गदर्शक अपनाया चाहिए। उन्होंने बहुत सारे उदाहरण देकर समझाने का प्रयास किया कि नौकरी की कमी नहीं है बल्कि योग्य व्यक्ति की आवश्यकता है।

# कलेक्टर व्यास के प्रयास से सरकारी अधिकारी और कर्मचारी करेंगे 940 यूनिट रक्त दान, 31 यूनिट से शुरुआत

## पहले दिन आदिम जाति कल्याण विभाग ने किए रक्तदान

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रक्तदान अभियान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में सभी विभागों का रोस्टर तैयार कर प्रतिदिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा। जिसके लिए जिला कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रथम दिवस पर आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से आगे आते हुए रक्तदान किया। इस शिविर में कुल 43 अधिकारी कर्मचारियों ने रक्तदान के लिए पंजीयन कराया था। जिसमें से पात्र पाए गए 31 लोगों ने रक्तदान किया।

### 20 दिसंबर तक होगा रक्तदान

उल्लेखनीय है कि जिले के आदिम जाति कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, क्रेडा, अंत्यावसायी विभाग, खनिज विभाग, युवा एवं खेल विभाग, पुलिस विभाग, रेशम विभाग, जिला कोषालय, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, जिला पंचायत के द्वारा 11 से 20 दिसम्बर तक प्रतिदिन रक्तदान शिविर में रक्तदान किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से जिले में 940 यूनिट तक रक्त की उपलब्धता ब्लड बैंक में करने का लक्ष्य रखा गया है।

# महाविद्यालय में मनाया गया एनसीसी स्थापना दिवस



पायनियर संवाददाता ⮜ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

एनसीसी के 76 वें में स्थापना दिवस के अवसर पर 28 वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमाण्ड अधिकारी कर्नल हेमंत कुमार झा के मार्गदर्शन, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रवीण कुमार तेवतिया के निर्देशन मे प्राचार्य एन.के देवांगन के संरक्षण एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कैडेट्स के द्वारा परेड,पोस्टर एवं जिला कार्यालय स्थित प्रतिमा की सफाई की गयी। कैडेट मालती ने एनसीसी गतिविधियों के अनुभव को साझा किया। साथ ही अनेक कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर देश भक्ति व समाज सेवा की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एन के सिंह,सहायक प्राध्यापक योगेश राठौर सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान वर्ष-2025 के लिये चयन प्रक्रिया शुरू

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान की महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा है।छत्तीसगढ़ में यह प्रतिष्ठासूचक सम्मान (एवार्ड) प्रदान करने का सिलसिला वर्ष-2013 से निरंतर जारी है और अब तक छत्तीसगढ़ सहित देश के 05 राज्यों की कुल 33 सर्वश्रेष्ठ महिला पत्रकारों को प्रदेश के प्रतिष्ठत अतिथियों के सानिध्य में सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान के वर्ष-2024 के 12 वें वर्ष में सर्वथा पहली बार छत्तीसगढ़ सहित 05 राज्यों असम, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं ओडिशा की 08 चुनिंदा महिला पत्रकारों का समावेश करते हुए आशा इक़बाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान से दुर्ग के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल एवं भिलाई के चर्चित विधायक रिकेश सेन की सादर उपस्थिति में सम्मानित किया जा चुका है। आशा इक़बाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान से वर्ष-2013 अब तक क्रमशः भिलाई की पूजा पटेल, कोमल धनेसर, संगीता मिश्रा, शाहीन ख़ान, वीणा दुबे, रायपुर से श्रिया भारती पांडेय, अंकिता शर्मा, सुप्रिया शर्मा, रजनी ठाकुर, वर्षा यादव, भिलाई से निधि प्रसाद, दाक्षी साहू, भावना पांडेय, बीजापुर (बस्तर)से पुष्पा रोकड़े, रायपुर से शगुफ्ता शिरीन, रेणुका नंदी तिवारी, शुभ्रा नंदी, भिलाई से प्रीति सरू, पूर्णिमा शुक्ला, अनुभूति भाकरे ठाकरे, मनेन्द्रगढ़ से कमरून निशा, बिलासपुर से प्रीति (लक्ष्मी)सोनी, रायगढ़ से निशा मसीह, महासमुंद से उत्तरा विदानी, नारायणपुर (बस्तर) से अनामिका बिश्वास, असम (गौहाटी) से सेमिम सुल्ताना अहमद, महाराष्ट्र (नागपुर) से वंदना राव यादव, मध्यप्रदेश (सिवनी) से किरण दिनेश जैन, रायगढ़ से सिमरन पनगरे, ओडिशा (कोरापुट) से मंजुला पटनायक, ओडिशा (गंजाम) से बिजयालक्ष्मी, रायपुर से ममता लांजेवार एवं डॉ रत्ना पांडेय को सम्मानित किया जा चुका है। आशा इक़बाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान से वर्ष-2025 के लिए महिला पत्रकारों के चयन एवं महिला पत्रकारों से सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है।

# जशपुर में 15 बिस्तर का नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र का विधायक रायमुणी भगत ने किया शुभारंभ

■ इस केंद्र में रसोई कक्ष, योगाकक्ष, फिजिओ थैरेपी कक्ष, इनडोर गेम, ध्यान कक्ष, शयन कक्ष की है सुविधा

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में नशा मुक्ति के लिए नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद विधायक रायमुणी भगत ने किया। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में शुरू किए गए इस केन्द्र में 15 बिस्तरों की सुविधा के साथ ही रसोई कक्ष, योगाकक्ष फिजिओं थैरेपी कक्ष, इनडोर गेम, ध्यान कक्ष, शयन कक्ष बनाए गए हैं। इस अवसर पर विधायक से साथ मौजूद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शांति भगत, पार्षदगण नीतू गुप्ता, पिंकी लकड़ा एंव स्थानियों जनप्रतिनिधियों ने यहां संचालित गतिविधियों, प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विधायक रायमुनि भगत ने लोगों को नशा से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि धुम्रपान एवं मद्यपान से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक स्थिति खराब होने के साथ ही इसका प्रभाव उसकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केन्द्र खुल जाने से नशा से पीड़ित लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और नशामुक्ति के लिए यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है। राज्य सरकार द्वारा नशा उन्मूलन के लिए भारत माता वाहिनी के माध्यम से गांव में सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा रहा हैं। इससे युवाओं में एक साकारात्मक संदेश जाएगा।

इस मौके पर नशामुक्ति के लिए कार्य कर रहे सुभाषचंद वर्मा, टुमनू गोसाई, महेश कुमार गुप्ता एवं जयेश सौरव टोपनो को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक टी.पी. भावे, डमरुधर स्वर्णकार, नशामुक्ति केन्द्र संचालक प्रभाकर द्विवेदी एवं ममता द्विवेदी, डॉक्टर, मनावैज्ञानिक, योगाचार, काउन्सलर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# एरियर्स भुगतान की मांग 11 से नपं कर्मी हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता ⮜ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नव नियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर नगर पंचायत के कर्मचारी 11 दिसंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाएंगे। हड़ताल में जाने की सूचना कर्मचारियों ने एक ज्ञापन के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी है। नपं के कर्मचारियों ने बताया कि संघ की 6 सूत्रीय मांग को लेकर सामूहिक रूप से रायपुर में हड़ताल में रहेंगे। 6 सूत्रीय मांगों में कर्मियों को ट्रेजरी के माध्यम से भुगतान करने,निकाय में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने,3,6,7 वेतनमान की एरियर्स राशि प्रदान करने,अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र करने आदि प्रमुख मांगें हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेंद्र पैकरा अजय गुप्ता जगरनाथ गुप्ता विनोद केशरी जगदीश राम अमित जायसवाल प्रवीण कुमार अयोध्या प्रसाद छठु प्रसाद रोहित कुमार सुरेश कश्यप संजय कश्यप विजय दास सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी महासंघ ने 26 और 27 दिसंबर को दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंजाब नेशनल बैंक के हजारों अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी महासंघ ने 26 और 27 दिसंबर 2024 को दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन ने पीएनबी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों पर इन मुद्दों के बारे में बार-बार किए गए संवाद को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के अध्यक्ष ने बताया कि कुछ प्रमुख मांगों को लेकर संगठन ने राष्ट्रीय महासचिव कामरेड कृष्णा कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। बेहतर कार्य-जीवन संतुलन के लिए पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन,, जनशक्ति की कमी को दूर करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती, एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर चुनने की स्वतंत्रता, 01 नवंबर 2022 से 31 दिसंबर 2023 की अवधि के लिए चिकित्सा सहायतामहासंघ ने वर्तमान कार्य पद्धतियों, जैसे लंबे समय तक काम करना, नियमित अवकाश कार्य, तथा कर्मचारियों के प्रयासों को अपर्याप्त मान्यता प्रदान करना, पर भी कड़ी आपत्ति जताई है, बैंक कर्मचारियों को मिलने वाले अनुलाभ पर लगने वाले टैक्स का बोझ कर्मचारियों के बजाय बैंक अपने ऊपर लेने की माँग।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //
eProcurement Portal: https://eproc.egstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 162524/ निविदा सूचना क्रमांक 08/वलेलि/2024-25,
कसडोल, दिनांक 10.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 31.12.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नाम :** बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखण्ड पलारी की खोरसी नाले पर परसाडीह स्टापडेम का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत : रूपये 263.54 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेव साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.12.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, कसडोल
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

जी.- 242504484/3

## युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में लिया भाग

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा नेहरू युवा केंद्र, जिला गरियाबंद के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 का आयोजन विगत दिवस स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में किया गया। युवा उत्सव में जिले के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने के लिए युवाओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके शामिल हुए। युवा उत्सव प्रतियोगिता के जिला नोडल अधिकारी एवं प्रभारी खेल अधिकारी अंजली खलखो ने जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें हमारी संस्कृति से जोड़ते है। इस अवसर पर सुरेन्द्र सोनटेके ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा की आप राज्य स्तर पर भी सफलता हासिल करे और जिनका चयन नहीं हुआ उनको निराश होने की जरूरत नहीं है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में सामूहिक लोकनृत्य में प्रथम मैनपुर, द्वितीय फिंगेश्वर, तृतीय छुरा, सामूहिक लोकगीत में प्रथम छुरा, द्वितीय देवभोग विकासखंड रही। इसी अनुक्रम में एकल लोकनृत्य में प्रथम चंद्रकांत मैनपुर, द्वितीय कु. ख्याति फिंगेश्वर, तृतीय कु. प्रीति गरियाबंद रही। लोकगीत एकल में प्रथम मयंक नेताम मैनपुर, द्वितीय भूपेश देवांगन फिंगेश्वर, तृतीय गौकरण पटेल छुरा, विज्ञान मेला सामूहिक में प्रथम फिंगेश्वर, द्वितीय गरियाबंद, तृतीय देवभोग, विज्ञान मेला एकल में प्रथम आदित्य ध्रुव देवभोग, द्वितीय वेदप्रकाश सेन फिंगेश्वर, हस्तशिल्प में प्रथम छुरा, द्वितीय मैनपुर, तृतीय फिंगेश्वर, तात्कालिक भाषण में प्रथम ओंकार साहू फिंगेश्वर, द्वितीय लोकेश्वरी निषाद गरियाबंद, तृतीय दुष्यंत कुमार ध्रव छुरा, चित्रकला में प्रथम दिव्यांश यादव गरियाबंद, द्वितीय ऋतु साहू छुरा एवं दीपक ध्रुव मैनपुर संयुक्त रूप से, तृतीय शिवानी वर्मा देवभोग, कविता पाठन में प्रथम कु. पलक निषाद फिंगेश्वर, द्वितीय मुकेश मरकाम देवभोग, तृतीय रोशनी ध्रुव गरियाबंद, रॉकबैंड में प्रथम फिंगेश्वर, द्वितीय गरियाबंद को स्थान मिला। समस्त विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में मती रेखा शुक्ला, द्वारिका नाग, तुलाराम साहू, बलिराम टण्डन, अजय यादव, मीना शर्मा, महेन्द्र राजपूत, दानवीर साहू, नंदकुमार रात्रे ने अपनी भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन ब्लाक नोडल संजीव साहू ने किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में ब्लाक नोडल संजीव साहू, यशवन्त बघेल, रेवेन्द्र दीक्षित, हरिश्चंद्र निषाद, रमेश ठाकुर, अवनीश पात्र, नितिन बखारिया, गिरीश शर्मा, नंदकिशोर बांदे, होरीलाल साहू, लोकेश ध्रुव, नीलेश देवांगन, देवेन्द्र बंजारी, चैनसिंह यादव, महेन्द्र यादव, भागसिंह ठाकुर, ऐशनारायण चतुर्वेदी, किरण पदमवार, श्रद्धा साहू आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा।

## संपादकीय

### भारत-भूटान संबंध
### मोदी-वांनचुक मुलाकात

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तथा राजा वांगचुक की मुलाकात से भारत-भूटान संबंध और मजबूत हुए हैं तथा भावी सहयोग का आधार बना है। भारत और भूटान के बीच ऐतिहासिक संबंध, सांस्कृतिक जुड़ाव तथा परस्पर प्रगति के लिए गहरी प्रतिबद्धता विद्यमान है। हाल में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के बीच उच्चस्तरीय बैठक से ये संबंध और मजबूत हुए हैं। इस बैठक ने दोनों देशों के बीच स्थाई संबंधों का महत्व उजागर करते हुए उनके बीच मित्रता को गतिशील भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में रखा है। भारत-भूटान संबंधों की स्थापना 1949 में मित्रता-संधि पर हस्ताक्षर से हुई थी जिसने स्थाई शांति व मित्रता, स्वतंत्र व्यापार व परस्पर सहयोग की नीव डाली थी। इस संधि का 2007 में उच्चीकरण कर परिवर्तनों को स्थान दिया गया। इसमें रक्षा, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में लगातार निकट सहयोग पर जोर दिया गया है। भारत भूटान की विकास यात्रा में मजबूत सहयोगी रहा है और उसने पनबिजली, ढांचागत संरचना, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। इसके साथ ही भूटान एक विश्वसनीय पड़ोसी रहा है और उसने भारत के सुरक्षा सरोकारों का साझा करते हुए राजनयिक प्रयासों में उसका समर्थन किया है। प्रधानमंत्री मोदी तथा राजा जिग्मे खेसर के बीच हालिया मुलाकात में बढ़ती चुनौतियों को संबोधित करने के साथ ही गहरे सहयोग के क्षेत्र तलाशे गए हैं। पनबिजली भारत-भूटान संबंधों का प्रमुख आधार है। भूटान अपनी नदियों से तैयार अतिरिक्त बिजली भारत को देता है जो एक परस्पर लाभदायक व्यवस्था है।



इस चर्चा में पनबिजली परियोजनाओं का उच्चीकरण करने, टिकाऊ ऊर्जा व्यवहार सुनिश्चित करने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय चुनौतियों को संबोधित किया गया है। भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी बना हुआ है तथा दोनों नेताओं ने व्यापार में विविधीकरण और संपर्क बढ़ाने के तरीके खोजे हैं। इसके साथ ही डिजिटल ढांचे और तकनीक आधुनिकीकरण की भूटान की इच्छाओं के समर्थन के रास्ते खोजे गए हैं। खासकर हिंद-प्रशांत और हिमालयी क्षेत्रों में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर भी चर्चा की गई है। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय स्थायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने का निर्णय किया जिनमें अंतरराष्ट्रीय अपराध तथा उभरते साइबर खतरे शामिल हैं। दोनों देशों की जनता के बीच संबंध बढ़ाने का महत्व स्वीकार करते हुए नेताओं ने स्कालरशिप योजनाओं, कौशल विकास पहलों तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर जोर देने का निर्णय किया है। इन प्रयासों का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बना कर सांस्कृतिक समझदारी गहरी करना है। भारत और भूटान के बीच संबंध व्यापक भू-राजनीतिक महत्व के हैं। चीन द्वारा हिमालयी क्षेत्र समेत दक्षिण एशिया में प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों को देखते हुए भारत और भूटान के बीच सक्रिय संबंध छोटे पड़ोसियों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। भूटान की रणनीतिक स्थिति उसके साथ साझेदारी को भारत की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण बना देती है। भारत द्वारा वैश्विक मंचों पर भूटान की भागीदारी के समर्थन से स्पष्ट होता है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भूटान के स्वर तेज करना चाहता है जिनमें जलवायु परिवर्तन शामिल है। दोनों देश वर्तमान समय में साझा लक्ष्यों की ओर काम कर रहे हैं, ऐसे में उनके संबंध क्षेत्रीय सहयोग के लिए आदर्श माडल प्रस्तुत करते हैं। इस माडल का आधार विश्वास, लाभ और परस्पर सम्मान हैं।

# केंद्र सरकार का उदारीकरण एजेंडा

कृषि-मार्केटिंग सुधारों का उद्देश्य खरीदारों को सीधे खेतों से खरीदारी में सक्षम बनाना तथा निजी क्षेत्र के अनेक व्यापार मंचों का सृजन करना है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने जून, 2024 में अतिरिक्त सचिव फैज अहमद किदवाई की अध्यक्षता में एक 12 सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादों की मार्केटिंग के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाना तथा किसनों को लाभकारी मूल्य देने के सुझाव देना था। समिति ने सुझाव दिए कि- 1. बड़े खरीदारों को सीधे खेतों से कृषि उत्पाद खरीदने की अनुमति दी जाए जिसमें संगठित खुदरा व्यापारी शामिल हों। इनको राज्य-निर्धारित मंडियों के माध्यम से न जाना पड़े या इन मंडियों द्वारा ली जाने वाली विभिन्न प्रकार की लेवी न देनी पड़ें। 2. निजी एजेंसियों द्वारा संचालित गोदामों, सेलों व कोल्ड स्टोरेजों को 'डीम्ड मार्केट यार्ड'-डीएमवाई घोषित कर दिया जाए तथा 3. ई-नाम या एलेक्ट्रानिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट समेत अनेक ई-ट्रेडिंग प्लेटफार्मों की स्थापना तथा संचालन निजी क्षेत्र में करने की अनुमति दी जाए। सवाल है कि क्या सुझाव दिए जाने वाले उपाय अपना उद्देश्य पूरा कर सकेंगे? वर्तमान समय में कृषि मार्केटिंग प्रतिनिधिक कानूनों के अंतर्गत होती है।

एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट कमेटी-एपीएमसी एक्ट के अंतर्गत व्यापक प्राविधान किए गए हैं। इनसे विभिन्न राज्यों में कृषि उत्पादों के स्वतंत्र प्रवाह में बाधा आती है क्योंकि उनकी मार्केटिंग को अनेक बाजार क्षेत्रों में बांट दिया जाता है और किसानों को एक निश्चित क्षेत्र में ही केवल निर्धारित एपीएमसी मंडी में ही अपने कृषि उत्पाद बेचने की अनुमति होती है। एपीएमसी मंडियों के बीच भी मार्केटिंग नियमों में व्यापक अंतर हैं।

मंडी में लाइसेंसधारक व्यापारियों और कमीशन एजेंटों का एक कार्टेल काम करता है जिसे स्थानीय भाषा में आढ़तिया या दलाल कहा जाता है और जिनका काम किसनों और खरीदारों के बीच लेनदेन में सुविधा प्रदान करना होता है। लेकिन इनका पूरी मंडी पर वर्चस्व होता है। यह गठजोड़ किसानों के उत्पादों की कम कीमतें निर्धारित करने, उसे अस्वीकार करने, कम तौल करने तथा भुगतान में विलंब, आदि के माध्यम से किसानों का शोषण करता है। इसके साथ ही बाजार फीस, आढ़तियों के कमीशन, ग्रामीण विकास कर-आरडीसी, आदि से किसानों को और कम पैसा मिलता है। इसके साथ ही एपीएमसी मंडी समितियां किसानों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद का एक हिस्सा ही निपटा पाती हैं। इससे किसानों को मजबूरी में अपना अधिकांश उत्पाद स्थानीय बाजारों में बेचना पड़ता है जहां बिक्री विधिक रूप से प्रतिबंधित है। इन बाजारों में किसानों को अपने उत्पाद औने-पौने दामों में बेचने पड़ते हैं। इनको भ्रष्ट नौकरशाहों और राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है, इसलिए कानून का उल्लंघन करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

हालांकि भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी राज्य एजेंसियां मंडियों में कल्याण योजनायें संचालित करने के लिए किसानों से कुछ खास फसलें खरीदती हैं। वे न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीद करती हैं जिसे केन्द्र द्वारा निर्धारित किया जाता है। लेकिन उनकी खरीद सीमित होती है। इस प्रकार किसानों के कुल कृषि उत्पाद का केवल 6 प्रतिशत ही सरकारी खरीद के दायरे में आता है जो मुख्यत: बड़ी जोतों वाले या अमीर किसान होते हैं।

हालांकि, अनेक राज्यों ने निजी थोक मंडियों की स्थापना के प्राविधान किए हैं, पर उनकी स्थापना कुछ ही राज्यों में हो पाई है। इसका कारण यह है कि कुछ राज्यों ने कानून बनाए हैं, जबकि दूसरों में कानून निजी उद्यमियों को आकर्षित करने में सक्षम नहीं हैं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक ने खेतों से खरीद के प्राविधान किए हैं, लेकिन इस प्रकार के लेनदेन को चयनित उत्पादों तक सीमित रखा गया है और वे भी एक निश्चित समय के लिए हैं। इसके लिए भी उनको संबंधित एपीएमसी को टैक्सों का भुगतान करना पड़ता है। यहां तक कि केन्द्र सरकार द्वारा अप्रैल, 2016 में कृषि उत्पादों के लिए शुरू किए गए आनलाइन प्लेटफार्म ई-नाम भी बाधा मुक्त नहीं हैं, जबकि इनका उद्देश्य राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर किसानों को एकीकृत बाजार प्रदान करने, उनको अपने उत्पाद बेचने के अनेक विकल्प प्रदान करने तथा बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता करना था।

इसका कारण यह है कि राज्यों ने अपने कानूनों में आवश्यक संशोधन नहीं किए हैं जिससे कृषि उत्पादों के एलेक्ट्रानिक व्यापार में बाधायें आती हैं। इसके साथ ही अनेक एपीएमसी ने भी कोई ई-नीलामी प्लेटफार्म नहीं बनाया है। कानूनों का परीक्षण उनके वास्तविक लाभ से होता है। लगभग 7000 नियंत्रित थोक एपीएमसी मंडियों में से केवल 20 प्रतिशत या 1400 ने ही स्वयं को ई-नाम प्लेटफार्म से जोड़ा है। इसके साथ ही ई-नाम प्लेटफार्म पर पंजीकृत किसानों की संख्या केवल 17.5 मिलियन है जो कुल लगभग 140 मिलियन किसानों का केवल 12.5 प्रतिशत हैं। जहां तक पोर्टल पर किए जाने वाले बिजनेस का सवाल है, यह कुछ कृषि उत्पादों के वार्षिक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत है, जबकि इसमें डेरी व मांस उत्पाद शामिल नहीं हैं। इस प्रकार मूलभूत रूप से समस्या राज्यों के स्तर पर एपीएमसी पर मजबूत जकड़ बनाए रखना है। वास्तव में ई-नाम पर बिजनेस करने वालों के लिए यह सभी राज्यों में होना चाहिए। व्यापारियों और किसानों को एक अखिल भारतीय लाइसेंस मिलना चाहिए जिससे वे इस पोर्टल का लाभ उठा सकें। इसके लिए उनको निर्धारित मंडियों में जाने या संबंधित राज्य अधिकारियों से अनुमति की बाधायें समाप्त करनी चाहिए।

कुल मिला कर कहें तो वर्तमान कानून कृषि मार्केटिंग में निजी उद्यमियों को अनुमति नहीं देते हैं। अब समिति द्वारा बड़े निजी खरीदारों को खेतों से कृषि उत्पाद खरीदनें की अनुमति भी राज्य-निर्धारित मंडियों के माध्यम से है और उनको विभिन्न लेवियों का भुगतान करना पड़ता है। इन निजी एजेंसियों को अपने गोदाम, सेलो या कोल्ड स्टोर बनाने की अनुमति नहीं है। इस प्रकार डीएमवाई का दर्जा तथा ई-नाम जैसे अनेक ई-व्यापार प्लेटफार्म निर्धारित करने से निजी क्षेत्र को ज्यादा लाभ नहीं मिलता है और किसानों को भी अपने उत्पाद बेचने के ज्यादा विकल्प नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में मुख्य सवाल यह है कि इनको कारगर कैसे बनाया जाए? बड़े खरीदारों को सीधे किसानों से खरीद के लिए एपीएमसी को अलग रखना होगा और इसके लिए संबंधित राज्यों को एपीएमसी कानूनों में प्राविधान करने होंगे। इसी प्रकार किसानों को सीधे गोदामों, सेलो और कोल्ड स्टोरेजों से बेचने के लिए भी राज्यों को कानूनों में संशोधन करने होंगे। ई-प्लेटफार्मों पर खरीद के लिए भी राज्यों को कानून में आवश्यक संशोधन करने होंगे। इससे स्पष्ट है कि प्रस्तावित राष्ट्रीय नीति के लिए राज्यों व केन्द्रशासित क्षेत्रों को कानूनों की घोषणा करनी होगी, लेकिन राज्य शायद अपने कानूनों में ढील देने के इच्छुक न हों। अतीत में भी केन्द्र के अनेक प्रयासों के बावजूद उन्होंने अपने कृषि-मार्केटिंग कानूनों में ज्यादा उदारता नहीं दिखाई थी।

2017 में केन्द्र द्वारा प्रस्तावित आदर्श कानून को राज्यों ने अनदेखा किया था, जबकि इसका उद्देश्य किसानों को एक 'अखिल भारतीय राज्य लाइसेंस' से अपने व्यापार बेचने की अनुमति देना था। राज्यों की अनिच्छा के कारण किसान एपीएमसी के शिकंजों में फंसे हैं। ऐसे में केन्द्र सरकार को संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक समानान्तर मंच बनाना चाहिए। सितंबर, 2020 में उसने अंतर-राज्य व राज्यों के बीच व्यापार पर नियंत्रण के प्रयास किए थे।

इससे व्यापारी देश भर में किसानों से कहीं भी उनके उत्पाद खरीद सकते थे और वे राज्य एपीएमसी से बाहर भी यह कर सकते थे। इस कानून का पूरा लाभ प्राप्त करने तथा किसानों को पूरा विधिक संरक्षण देने के लिए सरकार ने दो अन्य कानून भी बनाए थे। लेकिन दुर्भाग्य से मुट्ठी भर किसानों द्वारा साल भर चले आंदोलन के कारण तथा जनवरी, 2021 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए आदेश के कारण मोदी ने 19 नवंबर, 2021 को इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर दी।

हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने कभी इन कानूनों को असंवैधानिक नहीं कहा था। इस प्रकार केन्द्र द्वारा उठाए क्रांतिकारी कदम को यथास्थिति से लाभ उठाने वाले कुछ आढ़तियों व बिचौलिये व्यापारियों के कारण वापस लेना पड़ा, जबकि इसका उद्देश्य बहुसंख्य गरीब किसानों को लाभकारी मूल्य देना था। ऐसे में केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस विषय पर नए आदेश से ही स्थिति में सुधार संभव है।

# डिजिटल युग के नकारात्मक पहलू

“ ध्यान और प्रेरणा की कमी के परिणामस्वरूप अकसर दक्षता में कमी आती है और कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में असमर्थता होती है। ”

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



अंतहीन मनोरंजन, निरंतर सूचनाओं और सतही विकर्षणों से भरी दुनिया में, मानव मस्तिष्क अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करता है। ब्रेन रोट शब्द का अर्थ है बिना सोचे-समझे या अनुत्पादक सामग्री के अत्यधिक उपभोग के कारण संज्ञानात्मक क्षमताओं या बौद्धिक जुड़ाव में कथित गिरावट।

हालांकि यह बोलचाल की भाषा है और नैदानिक ??निदान नहीं है, यह मानसिक कोहरे, कम ध्यान अवधि और कम समस्या-समाधान क्षमताओं का वर्णन करता है जो अक्सर लंबे समय तक स्क्रीन पर रहने या कम मूल्य वाली सामग्री से जुड़ी होती है। अध्ययनों से पता चलता है कि स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग मस्तिष्क में कम ग्रे मैटर के साथ सहसंबंधित हो सकता है, जो विशेष रूप से युवा व्यक्तियों में आलोचनात्मक सोच और स्मृति को खराब कर सकता है।

यह चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में भी योगदान देता है, जो लगातार तुलना और आदर्श ऑनलाइन सामग्री के संपर्क में आने से प्रेरित होता है। सोशल मीडिया, स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और शॉर्ट-फ़ॉर्म सामग्री के उदय ने सूचना और मनोरंजन के हमारे उपभोग के तरीके में क्रांति ला दी है।

जबकि ये प्लेटफ़ॉर्म वैश्विक ज्ञान तक अभूतपूर्व पहुँच प्रदान करते हैं, वे निष्क्रिय उपभोग की आदतों को भी बढ़ावा देते हैं। अंतहीन स्क्रॉलिंग और बिंज-वॉचिंग भी मानसिक थकान और कम ध्यान अवधि का कारण बनते हैं, जिससे व्यक्तियों के लिए अधिक जटिल विचारों या कार्यों में संलग्न होना कठिन हो जाता है। ब्रेन रोट बौद्धिक उत्तेजना की कमी से भी उत्पन्न हो सकता है। मस्तिष्क को चुनौती देने वाली गतिविधियां जैसे पढ़ना, समस्या-समाधान, या रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न होना अक्सर आसान, कम प्रयास वाले विकर्षणों के पक्ष में दरकिनार कर दिया जाता है। समय के साथ, यह उपेक्षा आलोचनात्मक सोच, स्मृति प्रतिधारण और समस्या-समाधान कौशल में गिरावट का कारण बन सकती है। आधुनिक जीवनशैली, जिसमें उच्च स्तर का तनाव और लगातार मल्टीटास्किंग शामिल है, संज्ञानात्मक गिरावट में योगदान कर सकती है। अक्सर कहा जाता है कि पुराना तनाव मस्तिष्क के कार्य को बाधित करता है, विशेष रूप से स्मृति और सीखने के लिए जिम्मेदार क्षेत्रों में, जो एक दुष्चक्र बनाता है जहां व्यक्ति तनाव से बचने के लिए बिना सोचे-समझे गतिविधियों की ओर मुड़ जाता है, जिससे मानसिक ठहराव और बढ़ जाता है। इसके अलावा, एक गतिहीन जीवनशैली, मस्तिष्क के कार्य के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की कमी वाले आहार के साथ, संज्ञानात्मक गिरावट का कारण भी बन सकती है। मानसिक स्पष्टता और समग्र मस्तिष्क स्वास्थ्य को बनाए रखने में, शारीरिक व्यायाम और संतुलित आहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



मस्तिष्क की सड़न के प्रभाव दूरगामी होते हैं और जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रकट हो सकते हैं। ध्यान और प्रेरणा की कमी के परिणामस्वरूप अकसर दक्षता में कमी आती है और कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में असमर्थता होती है। निष्क्रिय मनोरंजन में अत्यधिक लिप्तता रचनात्मक रूप से सोचने या मूल विचार उत्पन्न करने की क्षमता को बाधित करती है। पलायनवादी मीडिया के अत्यधिक उपयोग से वास्तविक दुनिया की भावनाओं और अनुभवों से अलगाव हो सकता है, जिससे खालीपन या असंतोष की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। डिजिटल संचार पर अत्यधिक निर्भरता पारस्परिक संबंधों और सार्थक, आमने-सामने बातचीत करने की क्षमता को ख़राब कर सकती है।

ब्रेन रोट को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो माइंडफुलनेस, अनुशासन और व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर ज़ोर देता है। स्क्रीन टाइम के लिए सीमाएँ निर्धारित करना और उपभोग की जाने वाली सामग्री के प्रकार के बारे में जानबूझकर सोचना ब्रेन रोट के प्रभावों को कम करने में मदद कर सकता है। निष्क्रिय मनोरंजन के बजाय शैक्षिक या विचारोत्तेजक सामग्री का चयन करके मन को उत्तेजित किया जा सकता है; नियमित शारीरिक व्यायाम, संतुलित आहार जैसे शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर और व्यक्तिगत और बौद्धिक विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित करके सीखने से मानसिक लचीलापन और रचनात्मकता को बढ़ावा मिल सकता है। वे तनाव को कम करने और मानसिक जड़ता से लड़ने में भी मदद करेंगे।

## आप की बात

### सब्सिडी पर खर्च

**आरबीआई** ने हाल ही में एक अध्ययन किया है-राज्य वित्त: एक जोखिम विश्लेषण। इस अध्ययन के अनुसार, भारतीय राज्यों के लिए हाल के वर्षों में सब्सिडी पर सरकारी व्यय 11 से 12त्न की दर से बढ़ा है। आरबीआई के अनुसार कई राज्य सरकारें सब्सिडी से मुफ्त सुविधाओं पर स्विच कर रही हैं। 2023-24 में सरकार को राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 3त्न रहने का अनुमान था। इसके 5.0त्न से 5.4त्न तक जाने की उम्मीद है। राज्यों को 3.5त्न राजकोषीय घाटे की अनुमति है, जिसमें से 0.5त्न बिजली सुधार वगैरह के लिए है। ऐसे में राजकोषीय हालत पर असर पड़ सकता है। और अब तो विकास कार्योंके लिए विधान उपलब्ध नहीं है। कई बार समय पर वेतन देने में धन की तंगी महसूस की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए सरकार को सख्त लहजे मैं इसके प्रति चेतावनी देते हुए कहा कि मुफ्त की चीजे कब तक बाटेंगे? इसके बजाय लोगों को आधिकारिक रोजगार के संसाधन उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। मुफ़्त खोरी के आदी हो चुके लोग कोई भी काम करना नहीं चाहते हैं! यदि मुफ्त की रेवड़ियां बंद नहीं कि गई तो सभी राज्य में व देश में विकास कार्यों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। भावी पीढ़ी का भविष्य भी खराब हो जाएगा सुप्रीम कोर्ट को भी सख्त चेतावनी देने के बजाय चुनाव आयोग को मुफ्त की रेवड़ियों पर सख्त पाबंदी के लिए दिशा निर्देश जारी करना चाहिए।

**- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सीरिया में तख्ता पलट

**सीरिया** में सत्ता पलट एक एसा विषय है, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक कारक शामिल हैं। सीरिया में सत्ता पलट की प्रक्रिया में कई चरण और घटनाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को गहराई से प्रभावित किया है। सीरिया में सत्ता पलट की प्रक्रिया को समझने के लिए, हमें देश के इतिहास और राजनीतिक परिदृश्य को देखना होगा। सीरिया में बाशर अल-असद के शासन के दौरान, देश में एक मजबूत और केंद्रीकृत सरकार थी, जिसने विपक्षी दलों और समूहों को दबा दिया था। हालांकि, 2011 में अरब स्प्रिंग की लहर के साथ, सीरिया में भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। ये प्रदर्शन शुरू में शांतिपूर्ण थे, लेकिन जल्द ही हिंसक हो गए। सरकार ने विरोधियों को दबाने के लिए सैन्य बल का उपयोग किया, जिससे देश में गृहयुद्ध छिड़ गया। इस गृहयुद्ध में कई समूह और देश शामिल हुए, जिनमें सीरियाई विपक्ष, इस्लामिक स्टेट, रूस और अमेरिका शामिल थे। यह संघर्ष कई वर्षों तक चला, जिससे देश में व्यापक विनाश और मानवीय संकट पैदा हुआ। सीरिया में एक नई सरकार का गठन किया गया है, लेकिन विपक्षी समूह और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठन अभी भी सक्रिय हैं। देश में शांति और स्थिरता की बहाली के लिए अभी भी बहुत काम करना बाकी है।

**- विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

### देश विरोधी विचारधारा

**कांग्रेस** की अध्यक्ष सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित उस संगठन से बताया जा रहा है जिसने कश्मीर का एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में समर्थन किया है एवं सोनिया जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित संगठन से जुड़ी हुई भी है। यह संगठन समझता है कि कश्मीर को देश से अलग एक इकाई समझा जाए अत: हमें इस बात को लेकर घोर आपत्ति है कारण वह गांधी परिवार जो देश को तीन-तीन प्रधानमंत्री दे चुका है। इसमें देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी शमिल है उसके बाद श्रीमती इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी भी शामिल हैं। अत:जो गांधी परिवार कई बार देश की बागडोर संभाल चुका है अत: इसी गांधी परिवार की सोनिया गांधी जब कश्मीर को देश से अलग मानने वाले संगठन से जुड़कर जब उसका समर्थन करती है तो हम देशवासियोंको इस बात से काफी नाराजगी है कारण कश्मीर हमेशा ही भारत का अभिन्न अंग होकर इसका एक राज्य है। जहां तिरंगे एवं संविधान का सम्मान किया जाता है फिर हमें तो सोनिया गांधी के सुपुत्र एवं कांग्रेस के नेता , सांसद एवं संसद में विपक्ष के नेता राहुलगांधी के भी कई बयानों से आपत्ति रहती है जो वे स्वयं भी कई बार देश विरोधी नेताओं के साथ रहकर उनके देशविरोधी एजेंडे का समर्थन करते रहते हैं।

**- एमएम राजावत**, शाजापुर

### हाईटेक गौशाला

**भोपाल** में पहली हाई टेक गोशाला में दस हजार गाय को रखने की क्षमता की निर्मित की जा रही है।इस गोशाला में सी सी टीवी कैमरा,गायों का आहार हेतु कन्वेयर बेल्ट के अलावा गायों के उपचार हेतु चिकित्सा वार्ड भी निर्मित किये जाने की योजना है। ठीक इसी प्रकार से हाई टेक गोशाला का सभी तहसील स्तर पर भी उपयोगिता होनी चाहिए।चिरवाह भूमि में बरसात में उगी घास से वे अपना उदर पोषण कर लेते है।किंतु कई स्थानों पर चरवाह की भूमि अतिक्रमण ग्रस्त हो गई।इसके अलावा गोचर भूमि कही -कही सौर ऊर्जा हेतु आवंटित की जा रही है।जो भविष्य में चारे की समस्या को उत्पन्न करेगी।बरसात को छोड़ शेष मौसम उनके लिए दुखदायी होते है।गोवंश की रक्षा हेतु सभी को जागृत रहना होगा माननीय डॉ मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जनता से अपील की अगर आपके पास के हित पर्याप्त जगह है तो गाय अवश्य पाले। धार्मिक ग्रंथों में लिखा है गावो विश्वस्य मातर: अर्थात गाय विश्व की माता है।देखा जाए तो हमारा पूरा जीवन गाय पर आधारित है।गाय की देखभाल भी आवश्यक है क्योंकि गाय हमारी माता है एवं गौ रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

**- संजय वर्मा**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# हाल-बेहाल : जनमन योजना आवास निर्माण का सरपंच बना ठेकेदार, निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड में बैगा जनजाति के लोग निवास करते हैं, जिनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनमन योजना का शुरुआत किया है। जिसके तहत शुद्ध पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क और आवास जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा है। कबीरधाम जिले में जैसे ही बैगा जनजातीय के लोगों के लिए आवास की स्वीकृति मिली और उनके खाते में धनराशि जमा हुआ वैसे ही दलाल और कुछ पंचायतों के सरपंच ठेकेदार बन गए। बैगा जनजाति के बैंक खाते से राशि आहरण कराकर अपने जेब में डाल लिए। आवास निर्माण के नाम पर बैगाओं से ठगी करना शुरू कर दिया। मामला बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिंघारी सहित कई जगहों का है। जिसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है, बावजूद इस पर कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। सरपंच का कार्यकाल गिनती के दिनों का बचा हुआ है, ऐसे में बैगा जनजाति के लोगों का आवास नहीं बन पाएगा।

**प्रधानमंत्री के सपना को दिखा रहे हैं आईना** - बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिंघारी में निवास करने वाले बैगा समुदाय के लोगों के लिए भी जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राही मूलक कार्य हैं। जिसके चलते आवास निर्माण की राशि हितग्राहियों के बैंक खाता में जमा होता है। जैसे ही बैगाओं के बैंक खाता में राशि जमा हुआ वैसे ही ग्राम पंचायत सिंघारी के सरपंच ने बैगाओं के पास जाकर उनके आवास बनाने का ठेका ले लिया, जबकि सरपंच को पता है कि जनमन योजना में हितग्राहियों को अपने पसंद से ही निर्माण कार्य करना है। योजना का शुरुआत 15 नवंबर 2023 को हुआ था। संभवतः दिसंबर 2023 में धनराशि जमा हो गया था, लेकिन अबतक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं किया गया है। धौराटोला ग्राम पंचायत सिंघारी का टोला है, बैगा जनजाति के नाम पर आवास की राशि स्वीकृत हुआ है, जिस राशि को सरपंच ने आवास बनाने के नाम पर बैंक से आहरण कराकर अपने पास रखा है, बदले में कालम के लिए नींव की खुदाई, आधा ट्रेक्टर स्थानीय नदी का अवैध रेत, आधा ट्रेक्टर गिट्टी और लगभग एक हजार ईट मौके पर रखा हुआ। वन विकास निगम की आपत्ति का निराकरण होने के बाद पूर्ण करने का आश्वासन दिया जा रहा है हितग्राही मानसिंह, थानसिंह चिंतित है।

### हितग्राहियों से स्टाम्प पेपर में लिखवाया आवास निर्माण के लिए दबाव

जनमन योजना के तहत स्वीकृत प्रधानमंत्री के निर्माण के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि हितग्राही का आवास को पूर्ण करने का ठेका लिया हूं और उसे पूरा तैयार करने का जिम्मेदारी मेरा है। हितग्राहियों से स्टांप पेपर में लिखित समझौता भी हुआ है। जिसकी जानकारी जनपद पंचायत बोड़ला में दे दिया हूं, उसके बाद निमार्ण करने के लिए मुझे निर्देशित किया गया है। जिस जगह पर आवास का निर्माण करना है, उक्त भूमि वन विकास निगम के क्षेत्र में आता है। जिसके चलते रोक लगा हुआ है। जैसे ही रोक हटेगा तत्काल बना दूंगा। अब यहां पर बड़ा सवाल यह है कि सरपंच का कार्यकाल गिनती के दिनों का है। ऐसे स्थिति में भवन निर्माण कैसे पूर्ण होगा। मिली जानकारी अनुसार उक्त सरपंच के ऊपर आर्थिक अनियमितता का मामला अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला के न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे गंभीर मामले में फिर जनमन योजना की आवास निर्माण के लिए वह भी स्टाम्प पेपर में अनुबंध आधारित भ्रष्टाचार हो रहा है। जिला प्रशासन को इस मामले में कठोर कार्रवाई करना चाहिए ताकि कोई भी सरपंच या दलाल, ठेकेदार बैगा जनजाति का शोषण न कर सके।

### कैसे बनेगा जनजाति समुदाय के लोगों आवास

कबीरधाम जिले के बैगाओं का आवास पूर्व में भी आया था, जिसको अन्य राज्य सहित स्थानीय लोगों ने ठेके पर लिए थे। जो आजतक पूर्ण नहीं हुआ। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को है। कुछ लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी जारी हुआ था, बावजूद अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुआ है। फिर जनमन योजना के तहत आवास आया है, फिर ठेकेदार हावी हो गए और आवास की राशि को लेकर गायब हो रहे है। फिर बहाना बनाकर टाल मटोल कर रहे हैं। जिसकी भी जानकारी सभी जिम्मेदारों को है।

## प्रदेश सरकार के सुशासन के एक साल पूर्ण होने पर की जा रही विभिन्न गतिविधियां



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला अंतर्गत सभी तकनीकी संस्थानों में प्रदेश सरकार के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आज से 20 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद संवाद और मानव श्रृंखला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी तारतम्य में बेमेतरा के आजीविका महाविद्यालय में कौशल विकास योजना और विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दुग्ध प्रौद्योगिकी के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकतंत्र और राजतंत्र पर वाद-विवाद संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न दृष्टिकोणों से लोकतंत्र और राजतंत्र की तुलना करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अलावा, आईटीआई नवागढ़ में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से महतारी वंदन योजना और अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाई गई। इस रंगोली प्रतियोगिता ने योजनाओं की जानकारी को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे स्थानीय लोगों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी। वहीं बेरला पॉलिटेक्निक कॉलेज में लोकतंत्र और सुशासन पर भाषण प्रतियोगिता और युवा संसद का आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने लोकतंत्र के महत्व और सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। युवा संसद में छात्रों ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## आशीष छाबड़ा ने उपभोक्ताओं को दिए जा रहे अधिक बिजली बिल का किया विरोध

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा उपभोक्ताओं को दिए जा रहे भारी भरकम बिजली बिल का विरोध किया है। पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार के द्वारा राज्य में लागू किए गए बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया गया है साथ ही साथ अवैध वसूली के रूप में अतिरिक्त सुरक्षा निधि वसूली जा रही है अतिरिक्त सुरक्षा निधि की वसूली एवरेज बल के आधार पर की जा रही है जो की उपभोक्ताओं के जेब में सीधा डाका है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि प्रति 1000 एवरेज बिजली बिल के ऊपर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के द्वारा 1700 सुरक्षा निधि के नाम पर लिए जा रहे हैं जबकि पूर्व में ही उपभोक्ताओं के खातों में सुरक्षा निधि जमा हुई है ऐसे में हर 12 माह में सुरक्षा निधि की वसूली किया जाना उपभोक्ताओं से सही नहीं है राज्य की भाजपा सरकार सुरक्षा निधि के नाम पर लोगों की जेब में डाका डाल रही है एक तो महंगाई चरम सीमा पर है ऐसे में मध्य वर्गी एवं गरीब जनता की कमर तोड़ने का काम भाजपा की विष्णु देव साय सरकार के द्वारा किया जा रहा है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सुरक्षा निधि के नाम पर लिए गए पैसों को वापस करने तथा राज्य में फिर से बिजली बिल हाफ योजना को लागू किए जाने की मांग भाजपा सरकार से की है साथी साथ पूर्व विधायक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से लगातार शिकायत प्राप्त हो रही है कि उन्हें गांव में लगातार पावर कट तथा लो वोल्टेज की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनके कीमती विद्युत सामान तथा विद्युत मोटर जलने की शिकायतें भी बढ़ रही है तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के बेमेतरा संभाग के अधिकारी भी लोगों की समस्याओं पर गंभीर नहीं है आम जनता के हाथ विद्युत संबंधी शिकायत किए जाने पर बदसलूकी की जाती है बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में किसान अब रबी फसल की तैयारी कर रहे हैं ऐसे में बिजली की समस्या तथा भारी भरकम बिजली बिल वसूली की कार्यवाही किसानी कार्य को भी प्रभावित करेगी पूर्व विधायक ने कहा कि अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में कांग्रेस बिजली बिल को लेकर एक बड़ा आंदोलन करेंगी।

## जनपद स्तर में हुआ बेस्ट व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के चारो जनपद पंचायत में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का आयोजन 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक किया गया। इस अभियान का समापन समारोह तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिले के चारो जनपद पंचायत के सभाकक्ष में बेस्ट व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के हितग्राही को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। जनपद पंचायत साजा अंतर्गत बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय में ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के हितग्राही रुपलाल साहू, ग्राम पंचायत सेमरिया के उमा वर्मा एवं ग्राम पंचायत तेंदुआ के टेकराम को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बेस्ट सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत केंवतरा एवं ग्राम पंचायत कुरुद को के सरपंच एवं सचिव को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साजा प्रकाश मेश्राम एवं स्वच्छ भारत मिशन के विकासखण्ड समन्वयक एवं संकुल समन्वयक सहित हितग्राही एवं सरपंच/सचिव उपस्थित थे। जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय में ग्राम पंचायत बहेरा (का) के हितग्राही कल्याणी बाई, पूर्णिमा बाई एवं लालपुर के लेखापाल को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बेस्ट सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत बहेरा (का) एवं चंदनू के सरपंच एवं सचिव को जनपद पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय में ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा के हितग्राही तुलसी देवांगन, ग्राम हतपान के साधना पनिका एवं ग्राम तबलघोर के हितग्राही फूलकुंवर सिन्हा तथा बेस्ट सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत ढाबा व ग्राम पंचायत भालेसर के सरपंच को सभाकक्ष में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत नवागढ़ के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत घुरसेना के हितग्राही रम्भा साहू एवं ग्राम कौड़िया के रामकली बंजारे को बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के लिए उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया।

### 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय दल्ली राजहरा का घेराव

**दल्लीराजहरा।** प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकश शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय अध्यक्ष भरत देवागंन के नेतृत्व में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय दल्ली राजहरा का घेराव किया गया, और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया, एवं मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। जिसमे किसानो को एकमुश्त 3100 रुपए का भुगतान की मांग, बढ़ते अपराध की रोकथाम, फेक्ट्रियों और कारखानों में स्थानीय युवाओं को नौकरी, नशाखोरी के विरुद्ध कारवाही, राजीव युवा मितान एवं गौठान परियोजना को चालू करने की प्रमुख मांगे थी। इसी क्रम में भरत देवागंन ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही समर्थन मूल्य देने मे असफल रही वायदा के खिलाफकार्य कर रही। अपनी बातो पर टिक नहीं पा रही है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रयासों से 179 महतारी सदनों की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रयासों से 179 महतारी सदनों की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया है की न्यू इंडिया के विकास प्रक्रिया में महिलाओं के भागीदारी लगातार पड़ रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता प्रदेश के विकास से जुड़ रहा है और ग्राम पंचायत में बना रहे हैं सदन भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है राज्य भर में निर्माण की घोषणा हेतु टी.ज्योति पार्षद ने विजय शर्मा जी को पुष्पगुच्छ शाल व श्रीफल देकर ज्ञापन द्वारा हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त किया, और ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि वे दल्ली राजहरा नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 26 की पार्षद हैं और जनता की मांग के अनुरूप विभिन्न कार्यों हेतु आपके समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर रही हूं। उन्होंने कहा कि रेलवे भूमि में निवासरत लोगों को लगातार रेलवे द्वारा रेलवे क्षेत्र वार्ड 25, 26 व 27 को भूमि खाली करने का नोटिस दिया जाता है। उन्हें आवास योजना अंतर्गत व्यवस्थापित किए जाने से गरीबों के सर से छत रहेगी।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के निर्णय पर रोक लगाने की मांग करते हुए सौंपा ज्ञापन

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी दल्लीराजहरा / डौण्डी में आम नागरिकों के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के निर्णय पर रोक लगाने की मांग करते हुए सौंपा ज्ञापन। ठाकुर ने आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आजादी के बाद बिजली वितरण के संबंध में बनाए गए कानून के अनुसार बिजली को मानव समाज की आवश्यकता मानते हुए रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति का प्रावधान किया गया और आम जनता के लिए लाभ हानि के दायरे से अलग रखा गया उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है निर्धारित समय अवधि में बिल जमा नहीं होने पर कुछ पेनल्टी देकर बिल जमा करने की सुविधा है। लेकिन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के पश्चात जनता को मिल रही सुविधा से वंचित होना पड़ेगा। ठाकुर ने कहा कि 10-15 वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य में मीटर रीडर के रूप में 5300 नवयुवकों को घर घर जाकर मीटर रीडर करने का रोजगार प्राप्त है वे सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने पर पूर्णतः बेरोजगार हो जाएंगे और उनका परिवार भुखमरी का शिकार हो जायेगा और सरकारी विद्युत मंडल, प्राइवेट विद्युत कंपनी के नाम से जाना जायेगा। कहा गया कि सरकार द्वारा पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने षड़यंत्र की बू आ रही है। हाफ्बिजली बिल भूगतान करने की छूट भी घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रही है।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें दिन भी शांतिपूर्ण जारी रहा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्लेसमेंट कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें दिन भी शांतिपूर्ण जारी रहा। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों जिला बेमेतरा द्वारा हड़ताल का सातवां दिवस भी जारी रहा। हड़ताल में सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा अपना योगदान दिया जा रहा है। नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी पूर्ण समर्थन प्राप्त हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जिस प्रकार हम कार्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करके अपने निकाय अपने जिले अपने राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहे है उसी प्रकार शासन का भी कर्तव्य है कि वह हम कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करे। आखिर हम नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अन्य सरकारी विभागों से अधिक शासन की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को सम्हालते आए है किंतु हम कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी की जाती है। हड़ताल अवधि में किस प्रशासनिकी अधिकारी द्वारा इन नगरीय निकाय कर्मचारियों की सुध लेने उपस्थित नहीं हुए ओर न ही इनके द्वारा प्रस्तुत मांगों की सराहना किया गया। छत्तीसगढ़ के सभी नगर निगम, पालिका एवं पंचायतों में वेतन की किल्लत बनी रहती है यह जानते हुए भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोई कड़े कदम नहीं उठाए जाते। जिससे विवश होकर यह कर्मचारी हड़ताल करने को मजबूर है। बेमेतरा नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को आम जानो से अवगत कराने नगर में रैली का आयोजन किया गया। जिसमे कर्मचारियों द्वारा मांगों के नारे लगाकर नगरीय प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश नारे के जरिए जाहिर कर रैली जयस्तंभ चौक से प्रारंभ कर नवीन बाजार पुराना बस स्टैंड होकर वापिस अपने हड़ताल स्थल है स्तंभ चौक पहुंचे। प्लेसमेंट कर्मचारी जिला अध्यक्ष ने जानकारी दी कि आगामी दिवसों में भी मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रहेगी। बेमेतरा जिले के बेरला, परपोड़, थाखमहरिया एवं मारो नगर पंचायत के कर्मचारी भी हड़ताल में उपस्थित हुए।

### धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था

## शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा धान खरीदी को लेकर एक दिवसी धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के द्वारा धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था एवं किसानों की समस्याओं के निराकरण किए जाने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पुराना बस स्टैंड बेमेतरा में किया गया। ज्ञात हो कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है लेकिन आज तक धान खरीदी केंद्रों में सरकार के द्वारा व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है सरकार की नीतियों से किसानों की परेशानी बढ़ रही है 3 दिसंबर को भी कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया था जिसमें कांग्रेस के नेता तथा पदाधिकारी ने धान खरीदी केंद्रों में जाकर किसानों से बातचीत की तथा उनकी समस्याओं को जाना समझा। धरना प्रदर्शन पश्चात कांग्रेस जनों ने राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम से एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा जिसमें प्रदेश स्तर पर बारदाने की कमी तथा किसानों से लिए गए बारदाने की राशि का अब तक भुगतान न किया जाना एवं टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था जिसके कारण किसानों को 15 से 20 दिनों की लाइन लगानी पड़ रही है साथ ही साथ सोसाइटी में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई की जा रही है उसमें डेढ़ से 2 किलो अत्यधिक धान तौलने की शिकायत मिल रही है, जबकि प्रदेश मे बड़े किसानों को टोकन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है तथा उनके धान मौसम की मार झेल रहे हैं साथ ही साथ भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि 72 घंटे में किसानों के खाते में धान खरीदी का पैसा आ जाएगा जबकि स्थिति यहां उलट है एक हफ्ता से अधिक बीत जाने के बाद भी किसानों के खाते में पैसे नहीं आ रहे हैं । धान की कीमत पर केंद्र सरकार द्वारा 117 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है जिसे मिलाकर 3270 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने की बात भी इस ज्ञापन में की गई है धरना स्थल पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भी अपना संबोधन दिया जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है भाजपा की नियत ही नहीं है की किसान समृद्ध बने भाजपा सरकार इसी नियत से सबसे पहले धान खरीदी मात्र दो माह में समाप्त करना चाहती है साथ ही साथ इन दो माह में भी सरकारी ऐसे ऐसे आदेश निकल जा रहे हैं जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कुल मिलाकर देखा जाए तो भाजपा सरकार की नियत ही नहीं है कि किसानों का धान सरकार खरीदे इसी तरह किसानों को एक मुफ्त समर्थन मूल्य की राशि देने की बात कही गई थी।

## पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने किया सोनकर भवन का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्र. 14 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने तीन करोड़ तीस लाख से अधिक राशि से कई निर्माण कार्यों के लिए भूमि पूजन किया और सोनकर समाज कुम्हारी राज हेतु 23 लाख की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया। सर्वप्रथम सोनकर भवन परिसर में वृक्षारोपण कर स्वस्थ पर्यावरण का सन्देश दिया तथा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमि पूजन किया तत्पश्चात सोनकर भवन का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए लोकर्पित किया। सोनकर भवन में छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर दीप प्रज्ज्वलित किया। सोनकर समाज कुम्हारी राज अध्यक्ष महेश सोनकर ने पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि भूपेश बघेल का समाज की ओर से आत्मीय स्वागत और सम्मान किया। सोनकर समाज द्वारा समाज के नागरिक प्रतिभाशाली विद्यार्थी बच्चों को मुख्य अतिथि के कर कमलों से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने अल्प शब्दों में अपने कार्यों का उल्लेख, मुख्यातिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के सम्माननीय जनों को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सभी समाज वर्ग की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हर संभव प्रयास किया कि सभी को सुविधा प्राप्त हो सके। सोनकर समाज कुम्हारी राज द्वारा मुख्य अतिथि का सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान का किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल सोनकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह राजपूत अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमिटी कुम्हारी, मनहरण यादव, थनेश पटेल, ओम नारायण वर्मा, प्रमोद चंद्राकर, युजेंद्र साहू, ललिता ध्रुव, लता खैरवार, जानकी ध्रुव, शांति बाई टंडन, महेश सोनकर, रीना साहू, गीतांजलि साहू, लेखराम साहू, मनहरण सोनकर पार क्रमांक 1, चन्दन सोनकर पार क्रमांक 2, छब्बू सोनकर पार क्रमांक 3 सहित समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर इस अविस्मरणीय क्षणों के साक्षी बने।

### वर्तमान भाजपा सरकार किसानों की हितैषी नहीं है : भूपेश बघेल

पत्रकारों के प्रश्नों कर उत्तर देते हुए पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। किसान दुखी और परेशान हैं। दरअसल यह सरकार धान की सही खरीद ही नहीं करना छाती है। समितियों से धान का उठाव भी समय पर नहीं हो रहा है जो किसानों के लिए परेशानी का सबब है। किसानों की समस्याओं को अनदेखा करने का ही कारण हरियाणा दिल्ली के किसान आंदोलनरत हैं।

# रेत माफिया बेखौफ : महानदी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध रेत उत्खनन, रोजाना निकाल रहे सैकड़ो ट्रैक्टर रेत

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

खनिज कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में केवल पांच रेत घाट (घुठिया, लछनपुर, बरबसपुर, चांपा, नवागांव) को ही वैध घोषित किया गया है, वहीं महानदी के बैराज के नीचे से रेत की उत्खनन का खेल खुलेआम निरन्तर जारी है। खनिज विभाग की कार्रवाई से बचते हुए रेत माफिया जेसीबी और दर्जनभर ट्रैक्टरों की मदद से नदी से रेत निकाल रहे हैं और जगह-जगह खुलेआम डंप कर रहे हैं।



**रेत माफिया दबंग और, प्रशासन अपंग**– रेत माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में और तड़के सुबह बड़ी मात्रा में रेत की सप्लाई की जा रही है। जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो दो-तीन जेसीबी और दर्जन भर ट्रैक्टर अवैध उत्खन में लगे दिखे वहीं महानदी से रेत उत्खनन कर रेत लोड करते ट्रैक्टर दिखाई दिए और डंप रेत से हाइवा पर JCB मशीन से लोड करते देखे जा सकते हैं फिर भी इनके विरूध्द कार्यवाही के लिए अधिकारी नजर नही आ रहे हैं।

**खनिज अफसरों की भूमिका संदिग्ध** – प्रश्न उठता है कि जब खनिज विभाग अन्य रेत माफियाओं पर कार्रवाई कर रहा है, तो शिवरीनारायण भोगहापारा के घाटों के रेत माफियाओं को अभयदान क्यों दिया जा रहा है? क्या खनिज अफसरों की इस चुप्पी के पीछे व्यक्तिगत लाभ छिपा है, या फिर विभाग की मिलीभगत है ?

**जनता की मांग कार्रवाई हो पारदर्शी**– खनिज अफसरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जिला प्रशासन से महानदी में अवैध उत्खनन पर लोग मांग कर रहे है कि रेत माफियाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन कब और कैसे इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाता है।

**शासन को राजस्व का हो रहा बड़ा नुकसान**–रेत माफिया बिना रायल्टी के रेत बेचकर शासन को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। वहीं खनिज व राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर जाने से पहले ही माफियाओं को जानकारी देने के बाद ही मौके पर पहुंचकर रेत घाट से छोटी मोटी कार्रवाई कर चलते बनते है। ऐसे में खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**खनिज नाका लगवाने की आवश्यकता**– शिवरीनारायण क्षेत्र मे गौण खनिज रेत, मुरूम, पत्थर, गिट्टी, ईट आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और इन सभी गौण खनिजों का अवैध करोबार बड़े जोर शोर से चल रहे हैं और खनिज विभाग इन सबके विरूध्द कार्यवाही करने के प्रति उदासीनता बरत रहे हैं जिसके कारण शासन को प्रति माह रायल्टी के रूप में लाखों रूपए की आर्थिक क्षति हो रही है वर्तमान में रेत का अवैध कारोबर शिवरीनारायण,खोरसी, तनौद देवरघटा आदि रेत घाटो से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन हो रहा है इसी तरह खरौद पत्थर खदान से पत्थर व गिट्टी का अवैध करोबार हो रहा हैं यदि शासन व्दारा देवरी मोड़ के पास खनिज नाका लगवाते हैं तो इन अवैध कारोबारों पर अंकुश लगेगी।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नात्कोत्तर महाविद्यालय खरौद की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिये युवा अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीसी भारद्वाज, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सी बी खूंटे, प्रोजीएन भतपरे, प्रो उत्तरा निराला के मार्गदर्शन व ग्राम पंचायत कुकदा के सरपंच लक्ष्मण साहू और प्रा शाला, पूमाशा के प्रधान पाठक द्वय युगल किशोर यादव और शिवकुमारी कश्यप के संरक्षण मे शिविर का शुभारंभ दोपहर 02:30 बजे प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। समारोह में अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज, मुख्य आतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि उप सरपंच अशोक भास्कर, विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य त्रिपुरारी लाल यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा के लिये प्रेरित करने के साथ साथ ग्रामीथणों में सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, डिजिटल साक्षरता, निष्पक्ष व निडर मतदान, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभात फेरी, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूता लाना है। प्रो जी एन भतपरे ने जहां रासेयो के प्रेरक गीत गाकर स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन किया तो डॉ सी बी खूंटे ने शिविर के थीम पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान इसकी महत्ता को रेखांकित किया। डॉ जी सी भारद्वाज ने रासेयो की ऐतिहासिकता पर विचार व्यक्त किये तो उत्तरा निराला मैम ने शिविर अवधि में रासेयो स्वयं सेवकों को अपना आचार व्यवहार कैसा रखना है, पर विस्तार से दिशा निर्देश दिया। संकुल प्राचार्य यादव ने डिजिटलीकरण के अच्छे बुरे दोनों पहलुओं को बताते हुये वर्तमान में इसकी आवश्यकता व महत्व को स्पष्ट किया। इस अवसर पर रासेयो स्वयं सेवक, विद्यालय के विद्यार्थिगण, विद्यालय के शिक्षक गणेश साहू, विजयसाहू, ओंकार प्रसाद साहू और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यकम अधिकारी आर के कंवर के द्वारा किया गया।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं को सुनी और नियमानुसार निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट में प्रति मंगलवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले जनदर्शन में कलेक्टर ने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान लोरमी विकासखण्ड के ग्राम झोंका की मती कलाबाई, ग्राम मनकी के मनहरण खाण्डे और परसाकापा के संगीता बघेल ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने इस पर त्वरित पहल करते हुए आवेदकों से संबंधित ग्राम पंचायत में परीक्षण कराकर पात्रता के आधार पर शौचालय निर्माण की तत्काल स्वीकृति प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय से वंचित नहीं होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में पेयजल, आवास, राशनकार्ड सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 125 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम लालाकापा की नेहा तिवारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत ऋण दिलाने, जवाहर वार्ड मुंगेली के गोवर्धन यादव ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम मुड़पार के खुशीराम ठाकुर ने नया ऋण पुस्तिका बनवाने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम चन्दरगढ़ी के ग्रामीणों ने ग्राम में कोटवार की नियुक्ति कराने, ग्राम अमोरा के सुरेन्द्र डड़सेना ने नल जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल दिलाने, ग्राम झझपुरीखुर्द के दिव्यांग लक्ष्मीन साहू ने दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बघमार के विजय कुर्रे ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम बरबसपुर के रामखेलावन ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम चंदली के ग्रामीणों ने ग्राम में नाली निर्माण कराने, परसवारा की कविता ध्रुव ने सड़क दुर्घटना में उनके पति की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन सौंपे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जी. एल. यादव, मती मेनका प्रधान, जिला पंचायत सीईओ, संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर-एसपी ने प्राथमिक शाला लालपुर (थाना) में अव्यवस्था देखकर जताई नाराजगी

## मध्यान्ह भोजन का किया अवलोकन, बच्चों से प्रश्न पूछ कर परखा शिक्षा का स्तर

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल लोरमी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर(थाना) पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल में अव्यवस्था, शिक्षा का निम्न स्तर के साथ ही बच्चों की कम उपस्थिति देखकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कक्षा पांचवी के बच्चों से पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछा, जिस पर कोई बच्चे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। वहीं कक्षा तीसरी के बच्चों से वन, टू, थ्री का अंग्रेजी में स्पेलिंग पूछा, जिसमें भी काई बच्चे स्पेलिंग नहीं बता पाए। उन्होंने स्कूल में उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया, जिसमें 54 में से मात्र 30 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। कलेक्टर एवं एसपी ने स्कूल में शिक्षकों को आने का समय, मध्यान्ह भोजन, मूलभूत सुविधाएं आदि की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में परिसर में पुराने कुएं को बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से बंद करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों को चॉकलेट प्रदान करते हुए उन्हें बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों को नियमित उपस्थित होकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, शासन के गाइडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा बच्चों पर विशेष फोकस कर शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और बेहतर पढ़ाई-लिखाई कर अपने मां-बाप का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं शिक्षकों को बच्चों की रुचि अनुसार पढ़ने की बात कही। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने संकुल समन्वयक को अपने क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, स्कूल की प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन के 01 साल पूरा होने पर सभी विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसके तहत आमजनों को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआइसी कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 01 साल की उपलब्धियों पर क्वीज, सुशासन पर पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्ट कार्ड लेखन, मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सुशासन पर संगोष्ठी एवं स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अमृत सरोवरों पर वृक्षारोपण, सभी ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा, विहान की दीदीयों द्वारा सुशासन रंगोली, सुशासन चैपाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेडक्रॉस के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैम्प, मितानीन सम्मेलन, प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, सहकारिता विभाग द्वारा सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसान सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग द्वारा प्रत्येक हॉस्टल में खेलकूद प्रतियोगिता, वाद-विवाद, क्वीज व जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान, आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुर्सी दौड़ प्रतियागिता, कृषि विभाग द्वारा कृषक उन्नति योजना के लाभान्वित कृषकों का सम्मान, उन्नत कृषकों का सम्मान।

# कलेक्टर-एसपी पहुंचे उपार्जन केंद्र गुरुवाई नडबरी, धान खरीदी कार्यों का लिया जायजा

- समिति में जिला प्रशासन का हेल्पलाइन नंबर चस्पा नहीं पाए जाने पर प्रबंधक को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव के निर्देशानुसार अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। जिसका भौतिक सत्यापन के लिए आज कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल धान उपार्जन केन्द्र गुरुवाईनडबरी पहुंचे। उन्होंने खरीदी केंद्र में अपने समक्ष धान का तौल कराया, जिसमें तौल सही पाया गया। इस मौके पर कलेक्टर ने समिति में किसानों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन का हेल्पलाइन नंबर चस्पा नहीं पाए जाने पर समिति प्रबंधक को फटकार लगाई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र में किसानों से वहां उपलब्ध सुविधाओं, धान का रकबा, विक्रय, बैंक से पैसा मिलने आदि के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्रभारी से बारदाना, धान खरीदी एवं उठाव की रिपोर्ट, हमालों की संख्या, अब तक की गई धान खरीदी, नोडल अधिकारियों के आने आदि की जानकारी ली और शासन के गाइडलाइन के अनुसार धान का तौल करने, रकबा समर्पण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य शासन की प्राथमिकता का कार्य है। व्यवस्थित रूप से धान खरीदी करें। इसमें शासन को किसी प्रकार से कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कविता में आशिका और आत्म परिचय में कैलाश प्रथम, हुए कलेक्टर से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन जांजगीर चांपा की अभिनव पहल बोलेगा बचपन कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कविता पाठ, आत्म परिचय, पुस्तक वाचन, वाद विवाद, तत्कालीन भाषण आदि विधाओं को शामिल किया गया। जिसमे पहिली दूसरी वर्ग से कविता पाठ में आशिका सहिस कक्षा पहिली शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी विकासखंड बम्हनीडीह की छात्रा को पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। आत्म परिचय में कैलाश साहू शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी विकासखंड बम्हनीडीह को जिला में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चो को सहायक कलेक्टर डीपी अधिकारी, डीईओ अश्विनी भारद्वाज, डीएमसी आर के तिवारी और इस कार्यक्रम के नोडल हरी राम जायसवाल की उपस्थिति में जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा के हाथों पुरुस्कृत किया गया। कलेक्टर के हाथों पुरस्कार पाकर सभी बच्चे सहित उनके पालक और शिक्षक गौरवान्वित हुए। आपको बता दे कि स्कूली बच्चों के डर और झिझक को दूर करने एवं उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा सभी स्कूलों में बोलेगा बचपन अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चो द्वारा गीत, कविता, कहानी, सुविचार, समाचार आदि सुनाया जाता है। उन्हें ज्यादा से ज्यादा बोलने का अवसर दिया जाता है।

ताकि उनमें डर और झिझक दूर हो सके और आत्मविश्वास बढ़ सके। इसका बहुत ही सकारात्मक और व्यापक असर स्कूली बच्चों पर दिख रहा है। जो उनके शैक्षिक क्रियाकलाप के साथ व्यक्तित्व विकास में भी फायदेमंद साबित हो रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी के बच्चो को प्रथम स्थान मिलने पर जिला शिक्षाधिकारी अश्विनी भारद्वाज, डीएमसी आर के तिवारी, एपीसी समग्रशिक्षा हरीराम जायसवाल, दिनेश सोनवान, हेमा शर्मा, लीलावती साहू अंजना सिंह गोपेश साहू व्याख्याता डाइट, बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान, बीआरसी एच के बेहार, संकुल प्राचार्य बजरंग श्रीवास, सीएसी दुष्यंत राज, शाला के प्रधान पाठक मोहन लाल सहीस और जिले एवं विकासखंड के शिक्षकों ने आशिका सहिस और कैलाश साहू के साथ ही उनके शिक्षक गुलजार बरेठ को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किए। साथ ही ऐसे ही आगे बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया गया।

**नगर में 18 साल बाद हुआ नाच महोत्सव एवम मेले का आयोजन, व्यापारी संघ पामगढ़ ने किया आयोजित**

# रावत नाच महोत्सव में देर रात तक थिरके यदुवंशी, किया शौर्य प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा पामगढ़
www.dailypioneer.com

नगर में 18 साल बाद रौताही बाजार एवम रावत नाच महोत्सव सोमवार को मिनी स्टेडियम परिसर में प्रारंभ हुआ। देर रात तक यदुवंशी तुलसी, कबीर और सूरदास के दोहों में थिरकते रहे। महोत्सव में छोटे बच्चे भी आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे नजर आए। भगवाल श्री कृष्ण की तस्वीरों के साथ जमकर थिरके। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन हुआ, नगर में पहली बार मेला लगने का उत्साह और उमंग नगरवासियों में देखा जा रहा था।



रावत नाच महोत्सव में सोमवार को नर्तक दल सभी को आकर्षित कर रहे थे। वे जिस जगह से गुजरते, लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहे थे। सोमवार को हर एक राउत के सिर पर पागा, उसमें लगी मोर पंख की कलगी और फूलों का गजरा, चेहरे पर वृंदावन की मिट्टी का श्रृंगार, आंखों में काजल, दोनों गालों में और ठोढ़ी पर काली बिंदिया, भौंहों के बीच माथे पर चंदन का टीका, बदन में सलूखा व बास्किट, सीने में कौड़ियों की एक पेटी, दोनों बांहों में बंहकर, कमर में जलाजल, पैरों में चोलना, एक हाथ में तेंदू की लाठी और दूसरे हाथ में फरी, दोनों टो पैरों में घुंघरू और उससे निकलता रुनझुन का संगीत हर किसी को आकर्षित कर रहा था। लोग उनकी फोटो खींच रहे थे, सेल्फी ले रहे थे। मन में इनके नृत्य देखने का उत्साह लिए नगर के स्टेडियम खेल मैदान में सैकड़ों लोग खड़े थे। मौका था नगर में पहले रावत नाच महोत्सव का जिसका आयोजन व्यापारी संघ पामगढ़, ने यादव समाज के सहयोग से किया था। शाम 5 बजे से ही दल गड़वा बाजा और परी के साथ पहुंचने लगे थे। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, डॉ सोमनाथ यादव आयुक्त स्काउट गाइड संघ छत्तीसगढ़, व्यापारी संघ के संरक्षक रामखिलावन ओग्रे, संतोष लहरें पूर्व प्रत्याशी भाजपा, तेरसराम यादव अध्यक्ष नगर पंचायत, कल्याणी सीताराम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत, कमला प्रसाद खुंटे जिला अध्यक्ष बसपा, सीताराम यादव, मनोज यादव कार्य.अध्यक्ष, नवल सिंह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रमेश खरे सभापति जनपद पंचायत, डमरू प्रसाद मनहर पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, विभीषण पात्रे, नील सिंह यादव, संतोष यादव, देव लहरें, द्वारिका यादव, लकेश यादव, सम्मत देवी सोनी, शशीप्रताप टांडे अध्यक्ष व्यापारी संघ पामगढ़, ईश्वर साहू, योगेश बघेल, मनोज घोष, तुमेश साहू, आकाश यादव, विनोद यादव, विजय यादव, किशन यादव, इतवारी यादव, जवाहर यादव, गणेश यादव, महेश यादव, हिमांशु यादव थे। अतिथियों के इंतजार में पहले दल ने रात 8 बजे अपनी प्रस्तुति शुरू की। दर्शक बड़ी संख्या में स्टेडियम खेल मैदान में उपस्थित हो वहुके थे। सूर, तुलसी, कबीर जैसे संत कवियों के दोहों के साथ नर्तक दल स्वरचित दोहों पर नृत्य कर रहे थे।

# कलेक्टर-एसपी पहुंचे लालपुरथाना, 18 दिसंबर के कार्यक्रम हेतु तैयारियों का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में लोरमी विकासखंड के लालपुरथाना में 18 दिसंबर को गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित आगमन के दृष्टिगत कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां टेंट एवं पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, लाइटिंग, साउंड सिस्टम, हेलीपेड व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने पार्किंग, कारकोड, वाहन व्यवस्था, कानून व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# श्री बालाजी हॉस्पिटल के तत्वाधान एवं सरपंच हेमचंद्र चंद्राकर के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी हॉस्पिटल के तत्वाधान एवं सरपंच हेमचंद्र चंद्राकर के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर बुधवार को 10.00 बजे से 2.00 बजे तक महावीर चौक, चटौद, रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र रोग संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने चिकित्सक से नि:शुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग से नेत्र सहायक वेद यादव, नर्सिंग स्टाफ रीतू वार्दे, जन संपर्क अधिकारी विरेन्द्र खुटेल, सुनील साहू, एवं गांव के उपसरपंच हेमंत बघेल व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे एवं श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के छात्र व छात्राओं ने अपना योगदान दिया। शिविर में नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एवं नेत्र रोगों की जांच व परामर्श प्रदान किया गया। गांव के ग्रामीणों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल के इस योजना की प्रशंसा किए एवं हॉस्पिटल टीम का आभार व्यक्त किया।






# मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य अभियान ने भावना भास्कर को कुपोषण से मुक्त कर स्वस्थ नया जीवन दिया

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति का नेतृत्व कर रही विष्णुदेव साय सरकार ने कुपोषण और बच्चों के अस्वस्थ बचपन को खत्म करने का मजबूत संकल्प लिया है। राज्य में चलाए जा रहे प्रभावी स्वास्थ्य अभियानों का उद्देश्य न केवल कुपोषण को जड़ से मिटाना है, बल्कि हर बच्चे को स्वस्थ और समृद्ध जीवन प्रदान करना भी है। कवर्धा के वार्ड नंबर 9 की एक छोटी बच्ची भावना भास्कर, जिसकी जिंदगी सरकार के सीएसएएम (गंभीर कुपोषण प्रबंधन) कार्यक्रम के माध्यम से पूरी तरह बदल गई। जन्म के बाद उचित पोषण और देखभाल की कमी के कारण भावना का स्वास्थ्य बिगड़ता गया, लेकिन सरकार के अभियान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने न केवल भावना को कुपोषण से बाहर निकाला, बल्कि उसे स्वस्थ जीवन की ओर भी अग्रसर किया। पोषण की सही देखरेख और नियमित फॉलो-अप से अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। छत्तीसगढ़ की सरकार और स्थानीय समुदाय एक साथ मिलकर राज्य के बच्चों



को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए कार्य कर रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि कवर्धा के वार्ड नंबर 9 में रहने वाले अशोक भास्कर और उनकी पत्नी शिव कुमारी की बेटी भावना भास्कर जन्म के बाद से कुपोषण की समस्या से जूझ रही थी। माता-पिता अपने-अपने कामों में व्यस्त रहने के कारण भावना के खानपान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे सके। जन्म के पहले 24 घंटे में मां का दूध न मिलने, 5 महीने में अन्नप्राशन कराने और सही पूरक पोषण आहार की कमी से भावना का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। भावना के भोजन में मुख्य रूप से बिस्किट, चिप्स और अन्य तैयार खाद्य पदार्थ शामिल थे, जिससे उसका वजन और विकास सामान्य से पीछे रह गया। गांव में बच्चों को जल्द ही अन्नप्राशन कराने की परंपरा और सही पोषण की जानकारी के अभाव में भावना कुपोषण का शिकार हो गई। जब यह बात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मैया वैष्णव को पता चली, तो उन्होंने भावना को सीएसएएम कार्यक्रम में पंजीकृत किया। परिवार को सही पोषण और बच्चों की देखभाल के महत्व को समझाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिलकर काम किया। कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और सतत प्रयासों से भावना के खानपान में सुधार हुआ। हर सप्ताह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने फॉलोअप किया और परिवार को सही पूरक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। 11 सप्ताह के उपचार और देखभाल के बाद भावना का वजन और ऊंचाई सामान्य स्तर पर आ गए। वर्तमान में भावना पूरी तरह से स्वस्थ है। उसका वजन 9.2 किलो और ऊंचाई 81 सेमी है। उसे अब मासिक फॉलोअप पर रखा गया है। यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि जागरूकता, सही मार्गदर्शन, और सामुदायिक प्रयासों से कुपोषण जैसी बड़ी समस्या को हराया जा सकता है। भावना भास्कर की कहानी न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समाज को सही पोषण और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने का संदेश देती है।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बना वरदान मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से नित्या को मिला नया जीवन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण साहू एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जो एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत हैं और उनकी पत्नी जांत्री साहू घर पर ही छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। उनकी 8 वर्षीय बेटी नित्या की हंसी-खुशी भरी जिंदगी उस दिन अचानक बदल गई, जब खेलते समय वह गिर गई। परिवार ने तुरंत डॉक्टर से संपर्क किया। जांच में खुलासा हुआ कि नित्या दुर्लभ और गंभीर न्यूरोलॉजिकल विकार गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित है। यह बीमारी शरीर की तंत्रिका तंत्र और मांसपेशियों को कमजोर कर देती है। नित्या की बीमारी ने पूरे परिवार को गहरे चिंता में डाल दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं



उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना भी संचालित की जा रही है, जिससे दुर्ग जिले के ग्राम बोरई की निवासी रामकृष्ण साहू के बिटिया को नया जीवन मिला है।

**मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बनी जीवनदायिनी**-आर्थिक चुनौतियों के बीच उपचार की शुरुआत करते हुए रामकृष्ण और जांत्री ने अपनी बेटी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए। चार महीने तक अस्पताल में नित्या का इलाज चला। इलाज के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति निरंतर कमजोर होता गया। इलाज का खर्च मध्यम वर्गीय परिवार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया। इस कठिन समय में रामकृष्ण ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आवेदन किया। संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनकी अपील पर त्वरित कार्रवाई की। आवेदन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उन्हें 1 लाख 75 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से प्रदान की गई। यह सहायता राशि उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण बनकर आई। रामकृष्ण ने बताया कि सरकार की इस मदद ने हमारी बेटी को एक नया जीवन दिया। नित्या पूरी तरह स्वस्थ है और फिर से अपनी सामान्य जिंदगी जी रही है।

# महाविद्यालय जरही में उद्यमिता जागरूकता शिविर ''स्वालंबन'' किया गया आयोजित

पायनियर संवाददाता सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के तत्वाधान मे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय, जरही (डुमरिया) में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर ''स्वालंबन'' का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय नवीन महाविद्यालय, जरही (डुमरिया) और आई.टी.आई. भटगांव के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नवीन उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहन हेतु विभागीय योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना और नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से दिया



गया। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के प्रबंधक अवधेश कुमार कुशवाहा द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30, नवीन उद्योग स्थापना, लायसेंसिंग प्रक्रिया और विभागीय सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। कंपनी सचिव एवं कर सलाहकार पुनीत गुप्ता द्वारा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, आयकर एवं वस्तु एवं सेवा करके अंतर्गत था छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी गगन कुमार गुप्ता द्वारा बैंकिंग प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य आशीष तिवारी द्वारा योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापना हेतु छात्र-छात्राओं प्रोत्साहित किया गया। इस उद्यमिता जागरूकता शिविर ''स्वालंबन'' में जिलाव्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के प्रबंधक, शिवनाथ सिंह खुसराम, सहायक प्रबंधक, संजय लकड़ा, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जरही (डुमरिया) एवं आईटीआई, भटगांव के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक धीरज गुप्ता और आभार प्रदर्शन प्राचार्य आशीष तिवारी द्वारा किया गया।

# जिले के सभी विकासखण्ड में स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के सभी विकासखण्डों में 20 दिसम्बर तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का उद्देश्य सभी लक्षित जनसंख्या की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना है। शिविर के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य सलाह एवं दवाईयों का भी वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही रक्तदान शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक शिविर में प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम रहेगी। अन्य चिकित्सक भी आवश्यकता के अनुसार रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 12 दिसम्बर को पीएचसी खड़मा, गरियाबंद अंतर्गत ग्राम हरदी में रक्तदान शिविर, 13 दिसम्बर को सीएचसी छुरा में स्वास्थ्य शिविर, सीएचसी देवभोग एवं राजीव लोचन कॉलेज राजिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। 14 दिसम्बर को सीएचसी मैनपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। 16 दिसम्बर को मैनपुर अंतर्गत एसएचसी ग्राम बरदुला एवं गरियाबंद अंतर्गत पीएचसी पीपरछेड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। 19 दिसम्बर को सीएचसी छुरा में मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 20 दिसम्बर को सीएचसी मैनपुर एवं पीएचसी कोसमी में मितानिन सम्मेलन तथा सीएचसी फिंगेश्वर में स्वास्थ्य शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। उक्त शिविर एवं सम्मेलन का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया जायेगा।

# निशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मचांदूर में किया गया



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशन एव जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय खोपली द्वारा विकासखण्ड स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मचांदूर में किया गया। जिसमें ग्राम सरपंच दिलीप कुमार साहू पंच प्रवीण यदु, फुलेश्वरी देवांगन एवं वरिष्ठ नागरिक दयालूराम यादव द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर आयुर्वेद की उपयोगिता पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ रामस्वरूप मरकाम, डॉ समलित ठाकुर, डॉ टिकेश्वरी गनवीर, डॉ शिवानी सिंह, डॉ सुकांत भूनिया,डॉ जितेन्द्र दीपलता कनेरिया, लेब टेक्नीशियन रामेश्वरी यादव फार्मासिस्ट मणिराम सिन्हा, संगीता कोठारी, महेश बंजारे, औषधालय सेवक प्रकाश राजपूत, राजू यादव, नितिन बैस एवं सचिन शर्मा एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सरला खोबरागड़े तथा उमाकांत साहू ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में 402 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें 253 महिला व 149 पुरुष शामिल हैं।52 मरीजों को होम्योपैथी औषधि प्रदान की गई एव 45 लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया जिनमें 11 मोतियाबिंद के रोगी पाएं गये तथा 70 ग्रामीणों का मधुमेह परीक्षण किया गया।

# जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो का बन रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करने प्रधानमंत्री वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। इसके तहत जिले में भी घर-घर जाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का सर्वे किया जा रहा है। साथ ही च्वाईस सेंटर के माध्यम से उनका वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत एपीएल राशन कार्डधारी परिवारो को भी 50 हजार तक की चिकित्सा बीमा की सुविधा है। लेकिन उनमें भी 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले सदस्य है तो उन्हे भी राशि 5 लाख तक की चिकित्सा बीमा की सुविधा मिलेगी। परंतु इसके लिए 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिको को योजनातंर्गत ई-केवाईसी करवाना आवश्यक होगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिकों को सहूलियत देने जिला प्रशासन द्वारा ग्राम एवं पंचायत स्तर पर च्वॉईस सेंटर, लोक सेवा केंद्र के माध्यम से शिविर का



आयोजन 6 से 31 दिसम्बर 2024 तक किया जा रहा है। साथ ही जिले के समस्त जिला चिकित्सालय,समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो मे भी जाकर वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिक ई-केवाईसी करवा सकते है। इसके लिए वरिष्ठ बुजुर्ग हितग्राही को आधार नंबर एवं आधार लिंक मोबाईल नंबर लेकर जाना आवश्यक होगा। अन्य किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिकों का अगर परिवार के साथ पहले से आयुष्मान कार्ड बन चुका है। तो उन्हे भी पुनः आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेतु ई-केवाईसी करवाना आवश्यक होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद ने बताया कि जिले में विकासखंड गरियाबंद में 3022, छुरा में 5099, राजिम में 7177, मैनपुर में 4183 एवं देवभोग में 3629 इस प्रकार कुल 23110 वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिको का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जाना है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिल रहा गरीबों को लाभ

## एम डी तहीर अली ने कैंसर बीमारी के लिए कराई सफल सर्जरी

पायनियर संवाददाता सूरजपुर
www.dailypioneer.com

राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिये राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 25 लाख रुपए तक इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य है, जो इतनी बड़ी राशि अपने राज्य के नागरिकों के इलाज हेतु प्रदान कर रहा है जिससे स्वस्थ एवं बेहतर छत्तीसगढ़ का निर्माण किया जा सके। इसके अंतर्गत राज्य एवं राज्य के बाहर के पंजीकृत चिकित्सालय में उपचार कराने की सुविधा प्रदान की जाती है। सूरजपुर जिले के एम डी तहीर अली, शिवाजी



वार्ड न.-07 द्वारा बताया गया कि उनको कैंसर बीमारी थी। जिसमें डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन का सलाह दिया गया। इसके इलाज के लिए उन्होंने एम एम आई मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर में इलाज हेतु गये परंतु हॉस्पिटल के द्वारा 957600 रुपये का खर्च बताया गया। परंतु आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण इलाज कराने में असमर्थ थे। इसके पश्चात तहीर अली को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। अस्पताल से खर्च का ब्यौरा प्राप्त कर मेडिकल रिपोर्ट के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया और राज्य नोडल एंजेसी से इलाज के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इसके पश्चात एम डी तहीर अली द्वारा एमएमआई मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल में कैंसर का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया, जिसके खर्च का वहन राज्य शासन द्वारा किया गया। वर्तमान में इनका कीमो थेरेपी बालकों हॉस्पिटल में चल रहा है। और अभी उनकी स्थिति सामान्य है। कैंसर के इलाज के लिए राज्य शासन से प्राप्त सहायता के लिए एम डी तहीर अली ने राज्य शासन का धन्यवाद किया।

TATA
TATA POWER
(Corporate Contracts Department)
Sahar Receiving Station, Near Hotel Leela, Andheri (E), Mumbai 400 059, Maharashtra, India
(Board Line: 022-67173188) CIN: L28920MH1919PLC000567

**CORRIGENDUM**

**The Tata Power Company Limited** has invited expression of interest from eligible vendors for the **"Security Services at Jojobera Plant, Jamshedpur, Jharkhand for a period of three years - Ref No.: CC25FK060"** vide advertisement on 20th September 2024. Notice is hereby given to interested parties of an amendment to our Notice inviting Expression of Interest for the above mentioned Package. Interested parties may visit Tender section of our website **(URL: https://www.tatapower.com/tender)** for downloading the same. Eligible parties willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee for issue of bid document latest by **18th December 2024.** Parties who have already submitted their expression of interest need not re-apply.

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
O/o Executive Engineer (Communication & Telemetry)Dn. CSPTCL Bilaspur Address:- Raipur Road Tifra Distt.-Bilaspur (C.G.) 495223
Website: - www.cspc.co.in , E-Mail- eecomm.bilaspur@cspc.co.in, Phone/Fax-07752-427069
No. 11-57/EE (C&TM)/Vehicle/NIT/Case File/565 Bilaspur, Date 02.12.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from the hiring of vehicle for O/o EE (C&TM), CSPTCL, Bilaspur as detailed below:

| Sl. No. | Tender Sp. No. | Particulars | E.M.D (INR) | Cost of tender form (INR) (including GST @18% | Last Date &Time of Submit Tender | Date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 11-57 /EE(C&TM)/ Vehicle/NIT/ Case File/565 Dtd. 02.12.2024 | Hiring of 01 No. Jeep Category or equivalent vehicle (not exceeding 80,000KM) with driver on hire contract basis for the Executive Engineer (C&TM)Dn., CSPTCL, Bilaspur for 2 Years. | 15282/- | 2000/- | 23.12.2024 15.00 Hrs. | 23.12.2024 15:30 Hrs. |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tender notices.
samvad 42384/2
SAVE ELECTRICITY
EXECUTIVE ENGINEER
(COMMUN. & TELEMETRY)DN.CSPTCL, BILASPUR

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202412031400023/अ-21(5)/2024-2025

एतद् द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता **ग्राम जशपुर, प.ह.न.-07** के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुष्मा गुप्ता पति संतोष गुप्ता जाति-सोडिक निवासी मोहल्ला विवेकानन्द कॉलोनी, जशपुरनगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश कर ग्राम- जशपुर, प.ह.नं.-07 में स्वयं के नाम पर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं.494/88 रकबा 0.020 है। को अपने पुत्र शिवम गुप्ता आ. संतोष गुप्ता के पक्ष में दान/विक्रय-पत्र के माध्यम से अंतरण किये जाने की अनुमति प्रदाय किये जाने का निवेदन किये जाने पर प्रकरण कलेक्टर महोदय, जशपुर के न्यायालय से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 30.12.2024 को इस न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 10.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

ई-कोर्ट क्रमांक / 202412200900017
अ-2/2024-25
ग्राम-मसोरा प.ह.न. 10

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती नीलम चन्द्राकर पति बाबूलाल चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी पुराना बाजार चौंक वार्ड नम्बर 08 कुरूद जिला धमतरी के नाम पर ग्राम मसोरा तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 44/8 रकबा 0.2020 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा खसरा बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 24/12/2024 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर,**

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम:-** कांकेर जिले के निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज एवं सोलर से जल प्रदाय योजना निर्माण कार्य।

| क्र. | निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेण्डर क्रमांक | योजना का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 910/162450 | चिखली | अंतागढ़ | 48.75 |
| 2 | 911/162454 | नवागांव (दमकसा) | दुर्गूकोंदल | 11.47 |

निविदा की समान्य शर्तें एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 05.12.2024 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 06.12.2024 से 26.12.2024 तक भरी जा सकती है।

G-242504466/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

# बालको कर्मचारियों ने दिव्य ज्योति स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com






वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने दिव्य ज्योति स्कूल में बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया। स्कूल में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता को बढ़ावा देने और किशोरों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न पहल का आयोजन किया गया। कंपनी के समावेशिता और सशक्तिकरण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के अनुरूप कार्यक्रम में 100 से अधिक दिव्यांग बच्चे और बालको कर्मचारी शामिल हुए।

बालको ने 'स्टिच माई ओन पैड' नामक एक विशेष कार्यक्रम भी संचालित किया। आर्थिक रूप से कमजोर और माहवारी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करते हुए कंपनी द्वारा संचालित प्रशिक्षण ने अलग-अलग दिव्यांग किशोरियों को अपने स्वयं के पुनः प्रयोज्य कपड़े के पैड सिलने के लिए सशक्त बनाया। इस सत्र में माहवारी से जुड़ी चुनौतियों और भ्रांतियों के बारे में भी चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा सहायक वातावरण बनाना था जो किशोरियों के आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाए।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए बालको ने माहवारी के बारे में शिक्षा को सशक्त बनाने और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष ब्रेल-आधारित शिक्षण मॉड्यूल भी पेश किए हैं। कंपनी के मॉड्यूल से मूक, श्रवण और दृष्टि बाधित बच्चों और संवेदी चुनौतियों का सामना करने वाले इन सभी को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रदर्शन तथा कर्मचारी ने बच्चों के साथ कहानियाँ साझा कर उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने समावेशिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने कार्यस्थल और साथ ही अपने आस-पास के समुदाय में समावेशिता की संस्कृति बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम व्यक्तियों की अद्वितीय क्षमताओं का जश्न मनाकर और सार्थक बदलाव लाने वाले समान अवसर पैदा करके उन्हें सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हम बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य बनाने की उम्मीद करते हैं।

दिव्यांग बच्चों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए बालको के सहायक प्रबंधक दीपम नाथ ने कहा कि बालको में स्वयंसेवा करना हमेशा एक प्रेरणादायी अनुभव रहा है। समुदाय के साथ जुड़ना मुझे याद दिलाता है कि योगदान करने का विकल्प कितना बेहतर है। दिव्य ज्योति स्कूल की मेरी यात्रा ने मुझे एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाई, जहाँ शारीरिक चुनौतियाँ सीमाएं नहीं हैं बल्कि उनका आत्मविश्वास ही उनकी शक्ति है। संगीत की धुनें न सुन पाने के बावजूद छात्रों द्वारा किया गया नृत्य प्रदर्शन उनके दृढ़ संकल्प और प्रतिभा को दर्शाता है जो वाकई में उन्हें विशेष बनाता है। यह एक प्रेरक अनुभव है जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। एक समान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बालको विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल करता है। संवेदीकरण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण का आयोजन कर बेहतर कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देता है जो समझ और सम्मान पर पनपती है। कंपनी एक समावेशी नियुक्ति दृष्टिकोण अपनाते हुए योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। कंपनी सक्रिय रूप से विविध पृष्ठभूमि, अनुभव और क्षमता युक्त प्रतिभा की तलाश करती है, जिससे विविधता और समावेशन की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। कंपनी ने अब तक अपने यहां 18 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों और 3 दिव्यांग कर्मचारियों को नियोजित किया है।

# कार और बाइक में हुई टक्कर, बाईक सवार घायल



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

चवेला के पास मंगलवार को कार और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार कार संबलपुर की ओर से दुर्गकोंदल की तरफ जा रही थी वही बाइक सवार दुर्गकोंदल से संबलपुर की तरफ जा रहा था इसी दौरान दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार को गंभीर चोट लगी है। जबकि कार सवार को हल्की चोट लगी है। फिलहाल दो दिन बाद भी घटना की रिपोर्ट दोनो ओर से थाने तक नही पहुंची है इस लिए पूरी जानकारी नही मिल पाई है ।



## बाइक चालक अनियंत्रित होकर स्वयं गिरा

इसी तरह 11 दिसंबर को शाम करीब 6:00 बजे कांकेर रोड मार्ग पर मस्जिद के पास एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर स्वयं गिर गया। जिससे वहां गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का नाम लोकेश चारगांव निवासी बताया जा रहा है।

# विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव कोटा में संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ कोटा
www.dailypioneer.com



करगी रोड कोटा-कोटा में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 9 व 10 दिसंबर को आयोजित किया गया, युवा उत्सव खेल युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशानुसार 15 से 29 वायु वर्ग अंतर्गत विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से 11 विधाओं में प्रतिभागीयो ने अपना कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,इन दो दिवसो में विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए कलाकारो ने अपने अपने कला,प्रतिभा का प्रदर्शन पूरे उमंग और जोश के साथ किये सभी प्रतिभागियों के लिए विभिन्न विद्या में अलग-अलग निर्णायक जज की भूमिका में बनाए गए थे,जिसमें विभिन्न हाई/हायर विद्यालय के प्राचार्यगण को संयोजक बनाए गए निर्णायक की भूमिका में व्याख्याता/संकुल समन्वयक/ शिक्षक/शिक्षिका रहे सभी ने निष्पक्षता के साथ निर्णय में अपना अहम भूमिका अदा किये कहानी लेखन में प्रथम गायत्री साहू, चित्रकला प्रथम लक्ष्मी बिरको, तात्कालिक भाषण प्रथम आदित्य अग्रहरि,हस्तशिल्प प्रथम अरुण प्रजापति,कविता लेखन प्रथम वागीसा त्रिवेदी,विज्ञान मेला प्रथम गरिमा यादव, व्यक्तिगत लोक नृत्य में प्राची महरा प्रथम, व्यक्तिगत लोकगीत में मनीषा पोर्ते प्रथम रहे इन सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक,अध्यक्षता अरुण सिंह चौहान व विशिष्ट अतिथि श्रीमती अमृता प्रदीप कौशिक,शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुलेश पाण्डेय,महराज सिंह नायक रहे, साथ ही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही, सभी प्रतिभागीयों, उपस्थित जन समुदाय शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा को धरमलाल कौशिक, अरुण चौहान, अमृता प्रदीप कौशिक ने आशीर्वचन प्रदान कर संबोधित किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विकासखंड कोटा के वनांचल ग्रामों से कलाकार आए हुए थे।

# 150 दिनों में सिर्फ 136 प्रकरण से मात्र 33 लाख की पेनाल्टी वसूली को लेकर सवाल

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



बीते 5 माह में खनिज विभाग द्वारा मात्र 136 प्रकरण दर्ज कर अवैध परिवहन से 33 लाख 14 हजार 400 रुपए वसूली करने को लेकर इन दिनों खनिज अधिकारी सवालों के घेरे में हैं क्योंकि जिला अंतर्गत देवभोग मैनपुर छुरा फिंगेश्वर सहित राजिम के रेत घाट से सैकड़ों ट्रिप हाईवा टैक्टर सहित अन्य वाहन रोजाना रेत निकासी किया जा रहा है पर निकासी अनुसार 10 प्रतिशत भी कार्यवाही नहीं हुआ है मतलब खनिज अधिकारियों के सांठ गांठ का खमियाजा सरकार को बीते 5 माह में लाखो की आर्थिक नुकसान उठाकर भरपाई करना पड़ा है जानकारी अनुसार इस वित्तीय वर्ष अप्रैल माह से 31 अगस्त के स्तिथि में जिला भर से अवैध परिवहन करते रेती गिट्टी ईट सहित अन्य खनिज संपदा के मात्र 136 प्रकरण दर्ज किया जिनसे 33 लाख 14 हजार 400 रुपए पेनाल्टी वसूली हुआ इसके अलावा अवैध उत्खनन करते 9 प्रकरण बनाते 4 लाख 80 हजार की पेनाल्टी इस पर भी वसूली किया गया है मगर रेती मुर्मी की अवैध उत्खनन को देख यह आंकड़ा 10 प्रतिशत भी नहीं है क्योंकि ऐसा कोई दिन नहीं बिताता जहां रेत का अवैध तरीके से निकासी ना हो और इससे खनिज अधिकारी भी अवगत हैं फिर भी खनिज विभाग अधिकारी मुस्तैदी के साथ कार्यवाही करते नजर नहीं आते जबकि देवभोग राजिम छुरा फिंगरेश्व मैनपुर के रेत घाट अवैध उत्खनन कर शासन को लाखों रूपए का नुकसान हर माह उठाना मजबूरी हो गया है लेकिन अपसोस की बात है कि यह राजस्व नुकसान से खनिज विभाग कोई वास्ता रखे नजर नहीं आता तभी वर्तमान के अवैध रेत निकासी और परिवहन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रहा है।

**इन रेत घाट निकासी :** जिले भर पांच विकासखंड में अनगिनत रेत घाट है जहां से सैकडो ट्रिप रेती निकला जाता हैं खासकर देवभोग ब्लॉक के कुमडाई करलागुड़ा दबनई शीतलीजोर धौराकोट निष्ठिगुडा सेंदमुड़ा जैसे रेत घाट से निकासी होता है इसी तरह राजिम इलाके सिंधौरा चौबेबांधा रावड़ पिताईबंद परसदा जोशी हद खोज एवं मैनपुर के झापेंननाला सहित छुरा और फिंगेश्वर के कई घाट से आय दिन सैकड़ों ट्रिप से ज्यादा अवैध निकासी होता है यह रेती के अवैध निकासी का खेल किसी से छिपा भी नहीं है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है जबकि इन्लिगल रेत घाट से परिवहन टैक्टर पर आसानी के साथ कार्यवाही किया जा सकता है खासकर देवभोग मैनपुर इलाके में लेकिन विभाग प्रमुख की रुचि नहीं होने से आज भी उक्त रेत घाटों से रेत की अवैध उत्खनन बंद नहीं हो पाया है ऐसे में रोजाना खनिज राजस्व के नुकसान किस हद तक सरकार उठाना पड़ रहा है यह महज अंदाजा लगाया जा सकता है हालांकि ऐसे खनिज राजस्व नुकसान से अधिकारी भी कोई खास वास्ता नहीं रखते तभी ना खनिज राजस्व अर्जित में रुचि दिखाते है और ना कार्यवाही के लिए गंभीर है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से कुंभ मेला स्पेशल तीन ट्रेनों की सुविधा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए। उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है। 08251/ 08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/ 08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है।

# गौरीशंकर जूट मिल पश्चिम बंगाल से क्रय किये गये बारदाने अमानक : डॉ. महंत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान उपार्जन के लिये गौरी शंकर जुट मिल पश्चिम बंगाल से क्रय किये गये बरदाने को अमानक बताते हुए कहा कि, धान खरीदी का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। दिनांक 05 दिसंबर 2024 को मैंने जिला बलौदाबाजार-भाटापार के धान खरीदी केंद्र तरेंगा का निरीक्षण किया था। इस धान खरीदी केंद्र पर जो जूट का नया बारदाना उपयोग में लाया जा रहा था उनमें से अनेक का वजन करवाने पर यह पाया गया की प्रत्येक बारदाने का अधिकतम वजन 480 ग्राम था। भारत सरकार के द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार नए जुट बारदानों का औसत न्यूनतम वजन 580 ग्राम होना चाहिए इस वजन में विचलन + 8 प्रतिशत एवं - 6 प्रतिशत मान्य है अर्थात 626 ग्राम से अधिक वजन वाले तथा 545 ग्राम से कम वजन वाले बारदाने अमानक माने जाएंगे और अमानक बारदानों का उपयोग धान अथवा चावल के लिए नहीं किया जा सकता।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि. धान खरीदी केंद्र तरेंगा में जिन बारदानों का वजन कम पाया गया है वे सभी गौरीशंकर जूट मिल पश्चिम बंगाल द्वारा निर्मित किये गये थे इस मिल के बारदाने अन्य अनेक धान खरीदी केन्द्रो पर भी भेजे गए होंगे। नए बारदानों के गुणवत्ता की जांच तीन स्तरों पर की जाती है (1) जुट मिल स्तर पर (2) जुट कमिश्नर (3) भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में रैक पॉइंट पर विपण्न संघ द्वारा तथा धान खरीदी केंद्र पर केंद्र प्रभारी द्वारा। परन्तु यह आश्चर्यजनक है की सभी स्तरों पर बारदानों के अमानक होने के तथ्य की उपेक्षा की जाती रही। यह एक गंभीर मामला है। बारदानों के कम वजन के कारण किसानों का धान भी अधिक लिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ राज्यपाल से आग्रह करते हुए कहा कि, इस गंभीर मामले पर त्वरित रूप से भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही किये जाने के लिए खाद्य मंत्री तथा सहकारिता मंत्री को निर्देशित करें।

## उतई में मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन 25 को, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश होंगे मुख्य अतिथि



**उतई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का वार्षिक अधिवेशन उतई में 25 दिसंबर को करने का निर्णय लिया गया है। अधिवेशन के लिए सभी सामाजिक लोगो द्वारा सर्वसम्मति से शासकीय दानवीर तुलाराम स्नाकोत्तर महाविद्यालय मैदान को चुना गया है। कार्य म के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व अति विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। रविवार को समाज के अधिवेशन हेतु तैयारी के लिए बैठक रखी गई। जिसमें समाज के प्रमुख जनों को मंच व्यवस्था ,स्वागत ,भोजन व्यवस्था हेतु टीम का गठन किया गया। इस दौरान पाटन राज के प्रमुख युगल किशोर आडील, राज मंत्री केदार कश्यप, नगर अध्यक्ष मोरध्वज वर्मा, सचिव हितेश वर्मा, समाज के प्रबुद्ध जन मुकेश वर्मा, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, शेखर वर्मा, प्रहलाद वर्मा, महेंद्र वर्मा, सुषमा वर्मा, हीरा देवी वर्मा, क्रांति वर्मा, धनेश्वर वर्मा, अरुण वर्मा, भूषण वर्मा, पूरन बघेल, अनीता वर्मा, हेमलता वर्मा, अजय वर्मा, गुलशन वर्मा, ईश्वर वर्मा, पूरन बघेल, राजकुमार वर्मा, शिशुपाल वर्मा, सोनचंद वर्मा, भूषण वर्मा, धनेश वर्मा सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण के द्वारा ही प्रतिभा में निखार आता है

# आदर्श और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में कला संकाय की भूमिका महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के दिशा निर्देश और जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत कला और हिन्दी विषय के व्याख्याताओं का ऑफलाइन प्रशिक्षण डाइट बेमेतरा में सफलतापूर्वक चल रहा है। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र की शुरुआत डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना और वंदना से हुई। व्याख्याता कल्पना कौशिक ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डाइट प्राचार्य जे के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह मोबाइल की बैटरी खत्म होने पर हम उसे चार्जिंग करते हैं यह प्रशिक्षण इसी तरह का ही है प्रशिक्षण के माध्यम से हम आपको पूरी तरह से चार्ज करते हैं। ताकि आप अपने अध्ययन अध्यापन का कार्य बहुत अच्छी तरह से और उत्साहपूर्वक कर सके। प्रशिक्षण के द्वारा ही आपकी प्रतिभा में निखार आता है। और हम पाठ्य वस्तु को बेहतर तरीके से और रोचक ढंग से बच्चों के सामने रख सकते हैं। शासन के द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए सभी स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। विषय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स बहोरिक लाल साहू ने समूह कार्य का प्रस्तुतीकरण एवं समेकन पर अपनी बात रखी। मास्टर ट्रेनर्स बीरेंद्र राठौर ने पाठ के साथ संवाद, समूह वर्क और उसका की गई है। कला विषय के प्रशिक्षण के प्रभारी डाइट के व्याख्याता यमुना जांगड़े ने एनईपी 2020 के उद्देश्यों और, उनमें विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए जो नियम बनाए गए हैं उस पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स पुकल राम सप्रे के द्वारा कला संकाय के विषयों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने के व्यापक उद्देश्यों की चर्चा करते हुए बताया कि एक आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में कला संकाय की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जो देश के आर्थिक सांस्कृतिक विकास में अपना योगदान दे सके। मास्टर ट्रेनर्स हिरउ राम ध्रुव के द्वारा अक्षांश, देशांतर, एवं मानचित्र अध्ययन के महत्व को विस्तार से बताया गया। बहेरा स्कूल की व्याख्याता हेमलता बंजारे के द्वारा सामूहिक गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण में एवं प्रोजेक्टर के द्वारा विषय वस्तु को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। हिन्दी विषय के लिए प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट की व्याख्याता उषा किरण पांडेय है। जबकि मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के रूप में कला विषय के लिए पुकल राम सप्रे प्राचार्य उमरिया, हिरऊ राम ध्रुव प्राचार्य तेलईकुड़ा है। इस अवसर पर डाइट की व्याख्याता थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, अमिंदर भारती उपस्थित थे। जबकि प्रतिभागी के रूप में दिलीप सिंह ठाकुर, रजनी कश्यप, डॉ प्रियंका वर्मा, राखी थदानी, शमीम खान, सरिता दुबे, विनीता खलखो, लक्ष्मी नारायण गायकवाड सोनी मौर्य, सुषमा शर्मा, संतोष मिश्रा, नालेश्वर साहू, अजय वर्मा, निरपाल राम साहू, कमलेश वर्मा सहित दोनों विषय के प्रशिक्षण में 200 व्याख्याता उपस्थित रहे।

# आंनद प्राप्ति ही जीव का परम चरम लक्ष्य : सुधामेश्वरी देवी

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



जगदुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन मंगलवार से दशहरा मैदान रिसाली में प्रारम्भ हुई। प्रवचन के पहले दिन धामेश्वरी देवी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया की 84 लाख प्रकार की योनियो में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है। क्योंकि भगवान ने मनुष्यो को ज्ञान शक्ति दी, कर्म करने की शक्ति प्रदान की, जिससे ईश्वर रूपी अंश को जाना जा सकता है। अगर मनुष्य देह पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नही किया तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा। विश्व का प्रत्येक जीव एकमात्र आनंद ही चाहता है। वह आनंद कहाँ है? कैसे मिलेगा? इसी के लिए अनवरत् प्रयासरत् है। क्योंकि जीव ईश्वर का अंश है। रामायण में भी कहा गया है-

''ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि।और वेदों के अनुसार ''रसो वै सः÷ अर्थात ईश्वर ही आनंद है वही रस है। इसीलिए प्रत्येक जीव ईश्वर का सनातन अंश होने के कारण अनादिकाल से आनंद की खोज में लगा हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वेद कहते हैं कि विश्व का प्रत्येक जीव आस्तिक है। इस उक्ति को एक उदाहरण के माध्यम से समझाया गया जैसे कोई नवजात शिशु है, वह जन्म लेते ही पहले रोता है क्योंकि जन्म के समय जो कष्ट होता है उसे वह नहीं चाहता इसलिए रोकर उस दुःख को दूर करने का प्रयास करता है। ऐसे ही किसी विद्यार्थी से पूछा जाए कि तुम पढ़ाई क्यों कर रहे हो वह कहेगा कि परीक्षा में पास हो जाए हमारी अच्छी जॉब लग जाए। फिर पूछा जाए इससे तुम्हें क्या मिलेगा? वह कहेगा सुख मिलेगा खुशी मिलेगी तो यह सब सुख, खुशी, हैप्पीनेस, शांति आदि ईश्वर के ही पर्यायवाची शब्द है। अतः यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि हम सभी जीव केवल ईश्वर को ही चाहते हैं क्योंकि हम प्रतिक्षण सुख पाने की होड़ में लगे हुए हैं। परंतु इसके विपरीत हमारे वेद यह भी बताते हैं, कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है यह महान आश्चर्य है और कैसे है? यह आगे प्रवचन में बताया जाएगा। प्रवचन श्रृंखला धारावाहिक होने से प्रतिदिन सुनना अनिवार्य होगा।

# आयुक्त सरगुजा संभाग की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय समन्वय बैठक का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com




सरगुजा संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन जिले के जनपद पंचायत प्रेमनगर एवं रामानुजनगर में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, एस डी एम अजय मोडीयम, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, जनपद अध्यक्ष प्रेमनगर एवं सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत प्रेमनगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्राम कोटवार उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक भूलन सिंह मरावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में सत्ता और प्रशासन का समन्वय बेहद आवश्यक है। इससे क्षेत्र विशेष में बुनियादी सुविधाओं को विकसित करना आसान होगा। इस समन्वय बैठक के आयोजन को शासन की योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रयास बताया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जनों से कहा कि ग्रामीण विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करे और उन्होंने शासकीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने जिले के ग्रामों को सुंदर, सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने सभा को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए शासन, प्रशासन के साथ जनता की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैठक में आम जनों के साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासन का समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए समाज के विकास में आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने समन्वय बैठक के माध्यम से ग्रामीण विकास के चौतरफा विकास की दिशा में कार्ययोजना पर चर्चा को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिधि स्वयं भी समाज का हिस्सा हैं ऐसे में उनकी जिम्मेदारी सामाजिक विकास में और भी ज्यादा हो जाती है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार लोक कल्याणकारी राज्य स्थापना के लिए कार्य कर रही है। परन्तु कई क्षेत्र पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मठता में सद्गुण समाया है। इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए सभी आमजनों को कर्मठता के साथ विकास में सहयोगी होना होगा। तभी सभी क्षेत्रों का विकास संभव हो पाएगा। उन्होंने ग्राम विकास के लिए सभी सम्बन्धित लोंगो को टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करने को कहा । साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कार्य करने को कहा। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर राजकुमार खूंटे ने बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा इस तरह शासन और प्रशासन के बैठक के द्वारा आपसी संवाद का मंच मिलता है जिससे जन-विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि ग्राम के संपूर्ण विकास के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच, सचिव और जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों का नियमित भ्रमण करना चाहिए और उसकी वास्तविक समस्याओं को जानकर उन समस्याओं का निराकरण करना चाहिए और उसके अनुसार हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना चाहिए। सभी ग्रामों में जल संरक्षण, वृक्षारोपण की दिशा में विशेष प्रयास के साथ वृक्षों का संरक्षण करने के लिए अभियान को आवश्यक बताया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा इस समन्वय बैठक के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया गया। उन्होंने कहा कि इस बैठक से शासन और प्रशासन के मध्य क्षेत्र के विकास को लेकर एक मंच पर संवाद कायम होता है और आपसी सामंजस्य से बेहतर विकास की राह निर्मित होती है।

# शाशकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के तत्वावधान में कैरियर काउंसलिंग एंड गाईडेंस का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com






शाशकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के तत्वावधान में कैरियर काउंसलिंग एंड गाईडेंस का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों अध्ययन करते हुए एवं अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए, अपनी रुचिकर विषयों में महारत हासिल कर, नौकरी के रूप में या पेशा के रूप मे जीवनोपार्जन का माध्यम बना सकें। इनके साथ ही जीवनोपार्जन के माध्यम या समकक्ष माध्यम से अपने समाज एवं देश के विकास में योगदान दे सकें। महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों के आधार पर, प्रत्येक विषय के द्वारा शिक्षा ग्रहण कर, विद्यार्थी कई सेवाओं को अपने पेशे के रूप के चुनाव कर सकते हैं, जिनकी विस्तार से परिचर्चा एवं मार्गदर्शन दिया गया। कैरियर काउंसलिंग एंड गाईडेंस के रिसोर्स पर्सन रंजीत सतपुते प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय ओडगी एवं भैयाथान के द्वारा मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यशाला में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य बृजलाल साहू एवं आयोजनकर्ता प्राध्यापकगण संदीप सोनी, डॉक्टर धनजय पांडेय, दिग्विजय सिंह, महाविद्यालय के सदस्यगण डॉक्टर विनोद साहू, पुनीत गुप्ता, रोहित सेठ, पूजांजलि भगत, अतिथि व्याख्यातगण डॉक्टर एच सी पांडेय, सुप्रिया सिंघल, वर्षा यादव, सजीत खलखो, संगीता सिंह सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में प्रकृति परीक्षण पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com




देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत जिला सूरजपुर प्रशासन एवं आयुष विभाग के जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिबाला जायसवाल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ डिजिटल ग्राम सूरजपुर अंतर्गत सिलफिली महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य प्रेमलता एक्का, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन के प्रभारी प्रो. अमित सिंह बनाफर, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रभारी प्रो. भारत लाल कंवर की उपस्थिति में छात्रों को अभियान के जिला समन्वयक डॉ संतोष सिंह द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से देश के प्रकृति परीक्षण के संबंध में बता कर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाये गये प्रकृति परीक्षण एप्लीकेशन के संचालन एवं इसके लाभ के बारे में बताकर जागरूक किया गया कि कैसे हम अपनी स्वयं की प्रकृति वात, पित या कफ त्रिदोष है जाने और उसके अनुसार दिनचर्या, ऋतुचार्य, आहार विहार, संतुलित जीवन शैली अपना कर निरोगी व आयु लम्बी कर सकते है और भारत को स्वस्थ और सशक्त बनाने में संकल्प के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने में अपना योगदान दे सकते हैं एवं 18 से 70 वर्ष तक के अधिक से अधिक लोंगो का प्रकृति परीक्षण कराने की अपील किया गया, प्रोजेक्टर में छात्रों को आयुष मंत्रालय द्वारा बनाये गये अभियान के थीम वीडियो को दिखाया गया एवं आयुष विभाग सूरजपुर के चिकित्सकों के दल डॉ सुधीर कच्छप, डॉ योगेश पाण्डेय, डॉ रणविजय सिंह, डॉ परमेश्वर पटेल द्वारा छात्रों का प्रकृति परीक्षण किया गया।

# आतमानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में हुआ गणित कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



गणित विषय को रोचक एवं सहज रूप से समझने के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् रायपुर के निर्देशन में जिला स्तरीय गणित कार्यशाला का आयोजन स्वामी आंत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय में किया गया। कार्यशाला में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.एन.के. देवागंन ने बताया कि गणित हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाता है,गणित का अध्ययन करने से तार्किक और विवेकपूर्ण सोच की क्षमता विकसित होता है। गणित विषय पढ़ने वाले छात्रों में अन्य संकाय के छात्रों की तुलना में संख्या कम होती है। इसलिए गणित विषय के प्रति छात्रों में जन जागरूकता लाना,गणित विषय के प्रति रुचि जागृत करना आवश्यक है। ताकि अधिक से अधिक बच्चे गणित के क्षेत्र में अपना करियर का चयन कर सकें। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आये व्याख्याताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गणित विषय दैनिक जीवन से संबंधित व्यवहारिक कुशलता के विकास के साथ-साथ अन्य विषयों के अध्ययन में सहायक होता है। तर्कशक्ति, बुद्धि की प्रखरता एंव कठिन समस्याओं के समाधान की योग्यता का विकास करने के लिए आवश्यक है। विद्यालयीन छात्रो में गणित के प्रति रुझान उत्पन्न करने के लिए जागरूकता लाना जरूरी है। इस दौरान महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए गणित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान का वर्णन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला के विभिन्न विद्यालयों से कुल 100 व्याख्याताओं ने सहभागिता दी। कार्यक्रम में प्राचार्य सी.एस.पी.गुप्ता, सुवीर रवि शैक्षणिक समन्वयक,खमेश्वर कश्यप नूरजहा खान एवं अन्य जन उपस्थित थे।

# अमेजन इंडिया ने की अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया ने अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा की है। यह 24 दिसंबर, 2024 तक खरीदारों को खुशी प्रदान करने के लिए एकदम तैयार है। सोच-समझकर विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में लेगो, हॉट व्हील्स, नर्फ, हैस्ब्रो, स्किलमैटिक्स, बार्बी और अन्य् सहित 10,000 से ज्यादा टॉयज और गेम्स ब्रांड्स के 16 लाख प्रोडक्ट्स का विस्तृत चयन प्रदर्शित किया गया है। यह स्टोर परिवारों और उपहार देने वालों के लिए गिफ्ट देने के अनुभव को और बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह हॉलिडे सीजन में प्रत्येक उपहार को यादगार बनाने के लिए खुशियां और एकजुटता साथ में लाता है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स , टॉयज एंड गेम्स, अमेजन इंडिया ने कहा, अमेजन.इन पर 'हॉलिडे टॉय लिस्ट ' के 8वें संस्करण को पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है, जो आपकी उपहार देने की सभी जरूरतों के लिए आपका भरोसेमंद डेस्टिनेशन है। जैसे-जैसे छुट्टियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में हॉल को टॉयज और गेम्स के साथ सजाने का एकदम सही समय है, जो मौसम के जादू को बढ़ाते हैं। हॉलिडे थीम्ड बोर्ड गेम्स से लेकर रचनात्मक क्राफ्ट्स और स्टेम एक्टिविटीज तक, हमारा सोच-समझकर विशेषरूप से तैयार किया गया विस्तृत चयन बच्चों और वयस्कों दोनों को खुश करता है। हमारे ब्रांड पार्टनर्स हाई क्वालिटी टॉयज और गेम्स का विस्तृत चयन प्रदान करते हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि आपको अविस्मरणीय पल बनाने के लिए एकदम सही उपहार मिलें। अमेजन इंडिया में, हम आपको सुनहरी यादें बनाने में मदद कने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे हर खरीदारी वास्तव में स्पेशल हॉलिडे सीजन की ओर एक कदम आगे बढ़ाती है।

# एएसएमआईटीए महिला रग्बी लीग का अगला चरण आज से स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में, रग्बी इंडिया एएसएमआईटीए महिला रग्बी लीग के अगले चरण की शुरुआत 12 और 13 दिसंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा, रायपुर में करने के लिए तैयार है। 2 दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 31 लड़कियों और महिलाओं की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें रग्बी एथलीट, कोच और मैच अधिकारियों सहित लगभग 320 प्रतिभागी शामिल होंगे। एएसएम आईटीए महिला रग्बी लीग की बदौलत अब देश की युवा महिला रग्बी खिलाड़ियों के पास खेल से जुड़ने के लिए एक जीवंत, नया मंच है। हम युवा मामले और खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण को उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, खेलो इंडिया फ्लैगशिप कार्यक्रम के योजना घटक के तहत खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए, एएसएमआईटीए का उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेलों में महिलाओं की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से खेल उत्कृष्टता प्राप्त करना है। एएसएमआईटीए का अर्थ है कार्रवाई के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित करके खेल मील का पत्थर हासिल करना। सभी आयु वर्गों में लीग को 2 दिनों में पूरा करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें मैच सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक टीम प्रतिदिन कम से कम 2 मैच खेलेगी। भाग लेने वाली कुल 66 टीमों को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है।

# कलर्स के फैंस के पसंदीदा शो 'मंगल लक्ष्मी', 'मेरा बलम थानेदार' और 'बिग बॉस 18' 16 दिसंबर से नए स्लॉट में मनोरंजन का डोज़ बढ़ाएंगे

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




अपनी मनोरंजक कहानियों से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, कलर्स के सबसे लोकप्रिय शो एक नए समय पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं! 16 दिसंबर से, बहुचर्चित पारिवारिक ड्रामा 'मंगल लक्ष्मी' रात 9:00 बजे प्रसारित होगा, जिसमें दर्शकों को एक घंटे का दमदार ड्रामा से भरा शोडाउन देखने को मिलेगा, इसके बाद रात 10:00 बजे रोमांस से भरपूर 'मेरा बलम थानेदार' प्रसारित होगा, और प्रशंसकों का पसंदीदा रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' रात 10:30 बजे शुरू होगा। साथ में, ये शो ड्रामा, भावना और मनोरंजन के एक्स्ट्रा डोज़ का वादा करते हैं, जिससे दर्शक हर रात अपनी स्क्रीन से चिपके रहेंगे। समय में इस नए बदलाव के साथ, 'मंगल लक्ष्मी' हाई-स्टेक ड्रामा पेश करता है क्योंकि जिया (रुतुजा सावंत द्वारा अभिनीत) कार्तिक (शुभम दिप्ता द्वारा अभिनीत) पर छेड़छाड़ के झूठे आरोप लगाती है, जिससे वह सलाखों के पीछे पहुंच जाता है। लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) कार्तिक को बेगुनाह साबित करने की कोशिश करती है, जिस दौरान उसकी प्यारी बहन मंगल (दीपिका सिंह द्वारा अभिनीत) हर कदम पर उसके साथ खड़ी रहती है। जबकि, 'मेरा बलम थानेदार' में, बुलबुल (श्रुति चौधरी द्वारा अभिनीत) वंश (सागर पारिख द्वारा अभिनीत) को सही रास्ते पर लाने की चुनौती को स्वीकार करती है, हालांकि वीर (शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) वंश को अजमेर में हुई डकैती से जोड़ने वाले चौंकाने वाले सबूतों का खुलासा करता है।

# आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ट्रांच के जरिए 100 करोड़ तक जुटाएगा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईआईएफएल होम फाइनेंस ने 1,000 रुपए (प्रत्येक) की फेस वैल्यू के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपनेपब्लिक इश्यू का ऐलान किया है। जिसका बेस इश्यू साइज 100 करोड़रुपए है, जिसमें 400 करोड़ रुपए तक के ओवर सब्सक्रिप्शन को बनाएरखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपए तक है। वहीं यह 3000 करोड़ रुपए (ट्रेंच इश्यू) की शेल्फ लिमिट के अंदर है। सेबी एनसीएस रेगुलेशंस के कंप्लायंस में समय से पहले बंद होने के ऑप्शन के साथ ट्रेंच इश्यू शुक्रवार यानी 6 दिसंबर 2024 को ओपन होगा और गुरुवार 19 दिसंबर 2024 को क्लोज होगा। एनसीडीएस को बीएसई और एनएसई (बीएसई के साथ एनएसई, स्टॉक एक्सचेंज) पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। एनएसई ट्रेंच इश्यू के लिएनामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेडद्वारा आईएनडी एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है। ट्रांच इश्यू 8.85% प्रति वर्ष से लेकर 9.25% प्रति वर्ष तक के कूपन रेटके साथ सब्सक्रिप्शन के लिए एनसीडी की विभिन्न सीरीज प्रदान करता है। ट्रांच इश्यू की नेट प्रोसीड, ट्रांच इश्यू से संबंधित व्यय को पूरा करने केबाद, कम से कम 75% का उपयोग आगे के ऋण देने, फाइनेंसिंग/ रीफाइनेंसिंग और कंपनी के मौजूदा उधारों के ब्याज और मूलधन का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए किया जाएगा। 25% तक का इस्तेमालजनरल कॉर्पोरेट पर्पज के लिए होगा।

# केक काटकर तथा साल कम्बल फल मीठा वितरण कर स्थापना दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मानवाधिकार सहायता संस्थान भारत का 10 दिसम्बर 2024 को रामगढ़ रोड मुंगेली में केक काटकर तथा साल कम्बल फल मीठा वितरण कर स्थापना दिवस मनाया गया प्रत्येक वर्ष मानवाधिकार सहायता संस्थान द्वारा वृद्धाश्रम में आकर वृद्ध जनो का आशिर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम किया जाता है। तथा सभी से मिलकर दुःख सुख बात कर मुह मिठा कर कार्यक्रम किया जाता है ठीक इसी तरह भी इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त फल मीठा एव साल वितरण कार्यक्रम में मानवाधिकार सहायता संस्थान भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता एव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुमार राज कश्यप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंज बिहारी जायसवाल प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल प्रदेश मंत्री मोहित यादव जिला अध्यक्ष दिपक पात्रे ब्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष मेलाराम साहू देवहुती साहू तथा वृद्धाश्रम के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## कामधेनु सरिया का डीलर बनाने के एवज में 9,25,000/- रुपए की हुई थी ठगी

# नालंदा बिहार के 19 से 22 साल के 5 युवकों ने जशपुर के व्यापारी से ठगे 9.25 लाख रुपए, 5 खाताधारक गिरफ्तार मास्टर माइंड फरार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के एक व्यापारी व ठेकेदार से सरिया कंपनी का डीलर बनाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले नालंदा बिहार के 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ठगी के वारदात का मुख्य आरोपी रोशन यादव फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

**यह है मामला** -बीते 13 सितंबर को कनक चंडालिया पिता स्व. रतनलाल चंडालिया उम्र 55 वर्ष जशपुर निवासी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शासकीय पीडब्ल्यूडी में विजयलक्ष्मी इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम से कान्ट्रेक्टर का काम करता है। इसी सिलसिले में 7 सितंबर को गुगल से कामधेनु सरिया कंपनी का नंबर सर्च कर उसमें कॉल करके कामधेनु सरिया बिक्री के लिए डीलर बनने की इच्छा जताई थी जिस पर उन्होंने बताया कि आपसे अंकित शर्मा नाम का व्यक्ति बता करेगा जो कि रायगढ़ व जशपुर का कार्य करता है जिसके 10 मिनट बाद उधर से अंकित शर्मा नाम के व्यक्ति द्वारा मुझे फोन कर मुझसे आधार कार्ड, पेनकार्ड, दुकान की फोटो, फर्म की जीएसटी व 01 कैंसल चेक की फोटोकापी व्हाट्सअप करने हेतु कहा गया। मैंने उसको व्हाट्सअप कर दिया। फिर उसके द्वारा कहा गया कि आपका डीलरशिप के लिए चयन हो गया है।

**इस तरह डलवाए पैसे** -बातचीत के बाद 9 सितंबर को 01,25,000/-रूपये नेट बैंकिंग द्वारा एक बैंक खाते में डिपोजिट कराया गया उसके बाद मेरे द्वारा 32 मिट्रिक टन सरिया का आर्डर देने पर उसका बिल 15,71,400/-रुपए ऑनलाइन भेजा। अग्रिम राशि के रूप में मुझसे एक अन्य बैंक खाते में 08,00,000/-रूपये आरटीजीएस के माध्यम से डिपोजिट कराया गया। मुझे ठगी का एहसास होने पर मेरे द्वारा कामधेनु स्टील के हेडक्वार्टर गुड़गांव (हरियाणा) बात करने पर पता चला कि उनके द्वारा किसी प्रकार की डीलरशिप नहीं दी गई है। इस प्रकार मुझसे कुल 09,25,000/-रूपये की ठगी की गई है।

**इन्हें किया गया गिरफ्तार** -उक्त रिपोर्ट पर बी.एन.एस. की धारा 318(04), 03(05) अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी कि इसी दौरान सायबर सेल की सहायता से खाता ट्रांजेक्सन व मोबाइल सर्विलांस के आधार पर संदेही आरोपियों का सुराग मिलने पर एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देष व नेतृत्व में पुलिस टीम पटना (बिहार) भेजा गया जहां से पाटलीपुत्र पटना के किराए के मकान से 01 नाबालिग सहित कुल 06 आरोपियों (1.मनीष उम्र 21 वर्ष निवासी-मालती थाना अस्थमा (नालंदा)बिहार, 2.रूदल उम्र 20 वर्ष निवासी-मालती थाना अस्थमा नालंदा बिहार)3. राजन उम्र 19 वर्ष निवासी-मालती थाना अस्थमा नालंदा, बिहार) 4. विषाल उम्र 22 वर्ष निवासी-मालती थाना अस्थमा नालंदा, बिहार) 5. अजीत उम्र 19 वर्ष, निवासी-सुजानविधा थाना-अस्थमा नालंदा (बिहार) एवं 6. एक नाबालिग बालक) मे से 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर व 01 नाबालिग को थानासिटी कोतवाली जशपुर लाया गया। मुख्य आरोपी रोशन यादव उम्र 20 वर्ष निवासी कबीरपुर थाना मानपुर नालंदा (बिहार) के फरार होने से उसकी लगातार पतासाजी की जा रही है। आरोपियों से पासबुक व मोबाइल जप्त की गई है।

**पासबुक के मिलते थे 5 हजार** -पासबुक व रकम लेनदेन के संबंध में जशपुर पुलिस द्वारा सघन जांच की जा रही है। जिसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि मुख्य आरोपी जो कि फरार है उसके द्वारा आरोपियों से खाता की जानकारी लेकर उनका एटीएम, पासबुक व पासबुक से लिंक मोबाइल सिम को अपने पास रखता था जिसकी एवज में उन्हें प्रति ट्रांजेक्शन 5,000/-रूपये देने की बात हुई थी। मुख्य आरोपी रोशन यादव द्वारा रकम को स्वयं एटीएम व ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से निकाल लिया जाता था।

**इन्हें मिली सफलता**-मामले की विवेचना व कार्यवाही में डीएसपी भावेश समरथ, थाना सिटी कोतवाली जशपुर से निरीक्षक रवि शंकर तिवारी, एएसआई चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, आरक्षक बसंत खुटिया, आरक्षक तुलसी रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

ठगी के आरोपियों को गिरफ्तार कर लाया गया है, मुख्य आरोपी की तलाश जारी है, शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आम जनता से अपील है कि रुपए से संबंधित ठगी से बचने के लिए जागरूक होना अति आवश्यक है, अनावश्यक अपने खाते से संबंधित जानकारी किसी को ना दें, आवश्यक होने पर व्यक्ति के संबंध में पूरी जानकारी होने पर ही ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करें। अज्ञात व्यक्ति को ओ टी पी शेयर ना करे। साइबर जागरूकता से इस प्रकार की ठगी से बचा जा सकता है।

**शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठकों का बैठक आयोजित हुआ



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

क्लब संकुल बरेला का मासिक बैठक शासकीय प्राथमिक शाला कुरान कापा मे सोमवार दोपहर 2.00बजे आयोजित किया गया जिसमे संकुल बरेला, सेमरचु वा, कोना के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठकों का बैठक आयोजित हुआ जिसमे युडाइस, अपार आईडी, विद्यार्थी सूचकांक,, जाति निवास, उपस्थिति, मध्यान भोजन गुणवत्ता, आदि विषयो पर, विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए।

इसके सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया,इस अवसर पर मती पिंकी शर्मा संकुल प्रभारी बरेला, सुभाष चंद्र चतुर्वेदी संकुल प्रभारी सेमरचु वा, सी ए सी सेमरचुवा और सभी शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थिति रहे।

# प्रदेश के पर्यटन को मिली नई पहचान : मधेश्वर पहाड़ को मिला शिवलिंग की विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक प्रतिकृति शिवलिंग होने का गौरव

## 'लार्जेस्ट नेचुरल शिवलिंग' के रूप में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में स्थित मधेश्वर पहाड़ को शिवलिंग की विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक प्रतिकृति के रूप में मान्यता मिली है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है। रिकॉर्ड बुक में 'लार्जेस्ट नेचुरल फैक्सिमिली ऑफ शिवलिंग' के रूप में मधेश्वर पहाड़ को दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए इसे प्रदेश के पर्यटन की उपलब्धियों में एक नया आयाम बताया। गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि हेमल शर्मा और अमित सोनी ने मुख्यमंत्री साय से मंत्रालय स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट सौंपा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय पर्यटन वेबसाईट https://www.easemytrip.com में जशपुर जिले को शामिल किया गया है। इसके बाद जिले के लिए यह एक और बड़ी उपलब्धि है। इस वेबसाइट में शामिल होने वाला जशपुर छत्तीसगढ़ का पहला जिला है, इससे पर्यटन प्रेमियों को जशपुर के नैसर्गिक स्थलों की जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी तथा पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

**मधेश्वर पहाड़ : प्रकृति और आस्था का संगम** – जशपुर जिले के कुनकुरी ब्लॉक में मयाली गांव से 35 किलोमीटर दूर स्थित मधेश्वर पहाड़, शिवलिंग के आकार की अपनी अद्भुत प्राकृतिक संरचना के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र है, जहाँ स्थानीय ग्रामीण इसे विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग के रूप में पूजते हैं।

**पर्यटन और रोमांच का केंद्र** : मधेश्वर पहाड़ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्वतारोहण और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी लोकप्रिय होता जा रहा है। यहां हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं और प्रकृति के साथ जुड़ने का अनुभव करते हैं। जशपुर जिले में पर्यटन और रोमांचक खेलों के विकास की असीम संभावनाएँ मौजूद हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई सिकल सेल संस्थान के संचालक मंडल की 10वीं बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में मंत्रालय, नवा रायपुर में सिकल सेल संस्थान के संचालक मंडल की 10वीं बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राज्य में सिकल सेल संस्थान छत्तीसगढ़ को सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गयी। स्वास्थ्य मंत्री ने संचालक मंडल के सदस्यों से उच्च स्तरीय लैब निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति को जाना। जायसवाल ने सिकल सेल मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं और सुलभ इलाज के लिए योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत शून्य से 40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर पोर्टल में इंट्री की जा रही है। बीते एक वर्ष के दौरान राज्य में योजना के अंतर्गच 1 करोड़ 32 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इनमें सिकल सेल मरीजों की संख्या 15 हजार 385 है जबकि सिकल सेल वाहकों की संख्या 1 लाख 88 हजार है। राज्य शासन की तरफ से स्क्रीनिंग किए गए लोगों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं और चिन्हांकित मरीजों का निरन्तर फालोअप भी लिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं जरूरतमंदों को रक्त की भी आपूर्ति की जा रही है।

# अपंजीकृत निर्माणी श्रमिकों को भी कार्यस्थल पर मृत्यु होने पर मिलेगी 1 लाख की सहायता राशि

**रायपुर।** प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के एक साल पूर्ण होने पर निर्माणी श्रमिकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। अपंजीकृत निर्माणी श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना से मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रितों को एक लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि ऐसे निर्माणी श्रमिक जो कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं, लेकिन किसी कारणवश जिनका पंजीयन नहीं हो पाया है, उनकी कार्यस्थल में मृत्यु होने पर श्रमिक के आश्रितों को किसी तरह की आर्थिक सहायता राशि नहीं मिल पाती थी। श्रमिकों की इन परेशानियों को देखते हुए श्रम मंत्री सह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल लखन लाल देवांगन के निर्देश पर अब विभाग मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना की अधिसूचना में आंशिक संशोधन करने जा रही है। अभी तक निर्माणी श्रमिक के सामान्य मृत्यु पर 1 लाख, कार्य स्थल पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर 5 लाख, कार्यस्थल पर दुर्घटना से दिव्यांगता होने पर 2.50 लाख की सहायता राशि मिलती है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403